राजस्थान सरकार

भूजल विभाग, जोधपुर

(राजस्थान)

विभागीय–नियमावली

वर्ष 1992-93

राजस्थान सरकार

भू जल विभाग की नियमावली कार्मिक एवम् प्रशासनिक सुधार विभाग (प्रशासनिक सुधार) द्वारा प्रेषित प्रारूप के अनुसार बनाई गई है जिसमें विभागीय संरचना के उद्धेश्य, विभागीय कार्य-कलाप, व्यवस्था एवम् नियन्त्रण, विभिन्न अनुभाग/शाखा के कार्य-कलाप व विधि अध्याय के अन्तर्गत राजकीय कार्य-कलापों से सम्बन्धित पत्रावलियों का समावेश किया गया है । सम्भव है कि इसमें कुछ बातें समावेश होने से रह गई हो, अतः समय-समय पर इसमें परिवर्तन अपेक्षित है तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर प्रेषित पत्रावलियों/आदेशों इत्यादि को इसमें प्राप्ति पश्चात् जोड़ा जायेगा ।

अपेक्षित सहयोग के साथ ।

मुख्य अभियन्ता

भू जल विभाग

जो ध पु र ।

प्रा रू प

क्रमॉक	अध्याय	विवरण
1.	प्रथम अध्याय	प्रस्तावना
2.	द्वितीय अध्याय	विभागीय संरचना के उद्धेश्य एवं विभागीय कार्य कलाप के अन्तर्गत लक्ष्य एवं गतिविधियॉ
3.	तृतीय अध्याय	व्यवस्था, नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण (विभाग एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों हेतु क्रिया विधि ।
4.	चतुर्थ अध्याय	विभाग के विभिन्न अनुभाग/शाखा के कार्य कलाप के अन्तर्गत भू-जल विभाग, मुख्यालय की कार्य पद्धति ।
5.	पंचम अध्याय	विभाग का प्रशासनिक विवरण एवं वित्तीय शक्तियॉ ।
6.	षष्टम् अध्याय	विभाग की कार्य पणाली
7.	सप्तम अध्याय	विभिन्न अधिकारियों को प्रदत्त कार्य ।
8.	अष्टम अध्याय	अभिलेख सम्बन्धी निर्देश
9.	नवम् अध्याय	विविध :- 1. विभाग में स्वीकृत पद । 2. प्रशासनिक विवरण चार्ट 3. प्रशिक्षण 4. विधिशाखा 5. भू जल विभाग, कार्मिक कल्याण न्यास 6. विभागीय प्रकाशन

परिशिष्ट : विभिन्न तालिकाऐं, फार्म, विवरणों के प्रारूप ।

अनुच्छेद - प्रथम

भू जल विभाग के क्रमिक विकास का इतिहास काफी पुराना है, जिसका पता सन् 1949-50 से चलता है, जब राज्य के जालौर जिले के समदड़ी गॉव में सर्वप्रथम भारत सरकार ने भू-जल की प्राप्ति हेतु परीक्षण के तौर पर कार्य आरम्भ किया ।

भू जल विभाग की व्यापक खोज और उपलब्धि के लिये भारत सरकार ने सन् 1950-51 में "राजस्थान भूगर्भ जल मण्डल" का गठन खाद्य और कृषि मंत्री महोदय को इस मण्डल का उपाध्यक्ष बनाया गया ।

भारत सरकार ने सन् 1955-56 में मण्डल को राज्य हित में अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये मण्डल के प्रबन्ध का कार्य राज्य के कृषि विभाग को सौंप दिया ।

मण्डल का पुर्नगठन जनवरी, 1956 में पूरा हो सका । इसमें राज्य सरकार ने यह विशेषता रखी कि मण्डल को पहले की तरह स्वायत्शाषी न रखकर, राज्य सरकार के एक विभाग के रूप में गठित किया गया । इस समय पुर्नगठित भू-गर्भ जल मण्डल के अधीन कुओं के तल के पत्थर को बारूद द्वारा तोड़ कर गहरा करने, छिद्रण करने तथा नलकूपों का विकास एवं निर्माण करनें आदि के लिये 29 कम्प्रेशर, 4 अन्य कम्प्रेशर, 5 परक्यूशन रिगें, 1 रोटरी रिग, 1 वैल्डिंग सेट, 14 ट्रक, 7 जीपें, 2 चलते फिरते वर्कशॉप, 2 बारूद ढ़ोने वाली गाड़ी, 1 पानी का टेंकर, 1 लेथ मशीन तथा एक ड्रिल मशीन थी । कुछ समय पश्चात् राजस्थान भू-गर्भ जल मण्डल का नाम बदल कर " राजस्थान भू-जल मण्डल " कर दिया गया ।

भू-जल प्राप्ति की दिशा में आगे चलकर यह महसूस किया गया कि भू-जल की खोज का व्यापक कार्य वैज्ञानिक व तकनीकी दृष्टिकोण से अधिक आवश्यक है । उस समय देश में राजस्थान राज्य का यह भू-जल मण्डल पहला संगठन था जिसने राजस्थान राज्य में पानी की खोज और उपलब्धियों के लिये वैज्ञानिक विधि व आधुनिक तौर तरीकों पर सर्वेक्षण कार्य के लियें प्रस्ताव किया । भारत सरकार ने 1965 में न केवल " भू जल सर्वेक्षण एवं अनुसंधान " प्रोग्राम (प्रस्ताव) की अनुमति दी वरन् साथ ही नलकूपों के निर्माण में क्रय की भी अनुमति देदी ।

आशातीत सफलताओं और उपलब्धियों के साथ विभाग का ज्यों ज्यों विकास हुआ, साथ ही प्रशासनिक ढ़ॉचे में भी विस्तार हुआ और इन सभी बातों ने मिल कर सन् 1972 तक विभाग के नये और निखरे स्वरूप को जन्म दिया । सन् 1976-77 तक जब विभाग ने अपने 26 वर्ष पूरे कर लिये जब इस लम्बी यात्रा के दौरान भू-जल विभाग ने हमारे देश में भू-जल की खोज और उपलब्धियों के लिये एक जाने माने संगठन के रूप में अपनी पहचान कायम की । राजस्थान राज्य के अलावा भू जल विभाग ने पश्चिम बंगाल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर को न केवल अपनी विशिष्ठ तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराई वरन् उनके स्वयं के यहॉ इसी प्रकार के विभाग बनाने में भी मदद दी, उसका सुखद परिणाम यह हुआ कि आज उन राज्यों में स्वयं के ऐसे विभाग बने और वे अब वहॉ कार्य कर रहे है।

वर्तमान में विभाग में 25 रोटरी रिग, 7 परक्यूशन रिग ।। - डीटीएच रिग तथा 67 ब्लास्टिंग इकाईयों से सुसज्जित हैं । इसके अलावा भू-जल सर्वेक्षण के लिये 3 जियोफिजिकल सिसमिक इकाईयां, 10 इलेक्ट्रिक रेजिस्टीविटी यन्त्र तथा एक इलेक्ट्रिक लोगर, 12 पम्प इन्स्टालेशन व डवलपमेन्ट इयाईयॉ है । विभाग में इस समय 2000 अधिकारी / कर्मचारी कार्यरत है । जिनके विभिन्न इकाइयों में कार्यरत तकनीकी कर्मचारी, अधिकारी, वैज्ञानिक व मंत्रालयिक कर्मचारी है । जिला मुख्यालय पर विभाग की अपनी रसायनिक प्रयोगशालाएं भी है तथा मुख्यालय पर विभाग की अपनी रसायनिक प्रयोगशाला है ।

अनुच्छेद - द्वितीय

(अ) **विभाग के लक्ष्य :**

1. नलकूप बनाकर तथा वेधन व विस्फोटन द्वारा कुओं को गहरा कर भू-जल संशाधनों का विकास करना ।

2. उपलब्ध नलकूपों के पुनर्भरण हेतु उनका विकास, फिशिंग और रसायनिक उपचार व अन्य उपायों से करना ।

3. ऐसे तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना जिनकी भूजल विभाग को आवश्यक रहती है, जैसे - वेधक, छिद्रक, पम्प मैकेनिक आदि ।

4. भू-जल के नये स्त्रोतों का पता लगाना, जल स्त्रोत की क्षमता को अंकित करना और उनका मूल्यांकन करना । भू जल का संतुलन तथा उससे संबंधित विशिष्ट अध्ययन करना ।

(ब) **विभाग की गतिविधियाँ :-**

विभाग की विभिन्न गतिविधियाँ संक्षेप में निम्न प्रकार से है :-

1. नलकूप निर्माण : नलकूप भूमि की सतह पर ही बनाये जाते हैं । नलकूप का निर्माण नरम मिट्टी वाले अर्द्धपर्वतीय चट्टानी इलाके में रोटरी रिग या परक्यूशन रिग से किया जाता है । जबकि परतीय चट्टानों एवं आग्नेय चट्टानों वाले क्षेत्र में वायुदबाव से चलने वाली डी0 टी0 एच0 रिगें काम में ली जाती है ।
2. खुले कुओं को गहरा करना : इन कुओं में परक्यूशन रिगों द्वारा छिद्रण (बोरिंग) कर गहराई में स्थित भूजल भण्डारों का पता लगाया जाता है । यह कार्य नरम मिट्टी वाले अर्द्धपर्वतीय चट्टानी इलाके में होता है ।
3. विस्फोटन (ब्लास्टिंग) द्वारा कुओं को गहरा करने का कार्यक्रम : पहाड़ी एवं पठारी क्षेत्रों में विद्यमान कुओं में कड़ा पत्थर होने के कारण वांच्छित गहराई तक खोदने के लिये विभाग अपनी विस्फोटकीय इकाइयों से उसे गहरा कर उनकी जल क्षमता बढ़ाता है ।

4. तकनीकी प्रशिक्षण देना :- विभाग के तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में राज्य के अलावा अन्य राज्यों से भेजे गये प्रशिक्षणार्थियों को ड्रिलिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है । यह केन्द्र ड्रिलिंग - ब्लास्टिंग तकनीकी प्रशिक्षण देता है । तथा ओवरसियर, पर्यवेक्षक, सर्वेक्षक, कनिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ भू जल वैज्ञानिक एवं अन्य कर्मचारियों को रिफ्रेसर कोर्स से एवं नियमित पाठ्यक्रम से प्रशिक्षण देता है ।

5. सर्वेक्षण एवं अनुसंधान कार्य : राजस्थान राज्य का प्रारंभिक व अर्द्ध विस्तृत सर्वेक्षण भू जल की खोज हेतु विभाग द्वारा 1976 में ही पूरा कर लिया गया था । विस्तृत भूजल अन्वेक्षण एवं बेंसिन अध्ययन किया जा रहा है । जिसमें मुख्यतया पूरे राज्य का क्षेत्र शामिल है । " रिमोट शेशिनिंग की आधुनिक तकनीकी की मदद से भूजल का पता लगाना, भू जल प्रदूषण एवं निवारण का अध्ययन करना । उन क्षेत्रों में जहाँ भू जल की निकासी अधिक है, वहाँ कृत्रिम प्रकरण करना तथा उर्जा के प्राकृतिक स्त्रोतों से भू जल को लिफ्ट कर निकालना, यह कार्य राज्य में विशिष्ठ क्षेत्रों में प्रगति पर है । उन क्षेत्रों में जहाँ " वाटर लोगिंग " की समस्या है जैसे इन्दिरा गांधी नहर योजना, श्री गंगानगर के सिंचित क्षेत्र में " वाटर लोगिंग " की समस्या को दूर करने के लिये नलकूप बनाकर नलकूप की शैली का, योग्यता, संरचना, पानी के स्तर आदि की जाँच से यह प्रयास किये जा रहे हैं ।

अ ध्या य : 3

विभाग एवं उनके अधिनस्थ कार्यालयों हेतु क्रिया विधि

वि ष य सू ची

क्रम संख्या	वि ष यं
1.	सामान्य ।
2.	डाक खोलना एवं वितरण ।
3.	पत्रावलियॉ खोलना एंवि उनका अनुरक्षण
4.	टिप्पणी एवं प्रारूप ।
5.	टिप्पणी एवं प्रारूप के आवश्यक बिन्दु ।
6.	गोपनीयं प्रक्रिया ।
7.	टाईप कार्य
8.	टाईप सुदा पत्र पेश करना ।
9.	प्रेषण
10.	सम्पादित कार्य एवं बकाया कार्य की व्यवस्था ।
11.	परिपत्र - पत्रावलियॉ ।
12.	गार्ड फाइलें एवं स्थायी आदेश फाईलें ।
13.	विहित पंजिकायें आदि ।

भू जल विभाग एवं उसके अधिनस्थ कार्यालय हेतु क्रिया विधि

राज्य सरकार ने " जिलाधीशों " को छोड़कर अन्य विभागों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों की क्रिया विधि की हस्त पुस्तिका प्रकाशित की है । इस विभाग एवं इसके अधिनस्थ कार्यालयों में निम्नलिखित विशिष्ठ मामलों को छोड़ कर विशिष्ठ मामलों में नीचे बताई गई क्रियाविधि अपनाई जायेगी ।

1. **डाक खोलना एवं उनका वितरण :**

(1) इस विभाग के मुख्यालय एवं राज्य में स्थित इकाईयों द्वारा विहित प्रपत्र सं0 1, 2 में पत्रों की प्राप्ति पंजिका रखेगा । इस पंजिका काल क्रमानुसार (क्रोनोलेजिकल) प्रविष्ट किये जायेंगे और पंजिका के समस्त स्तम्भ भरे जायेंगे ।

(2) प्राप्त हुई समस्त डाक मुख्यालय कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक द्वारा समस्त राज्य में स्थित इकाईयों में इकाई प्रभारी द्वारा अथवा उनके द्वारा नियुक्त सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी किसी अधिकारी के नाम से प्राप्त या गोपनीय चिन्हित किये गये पत्रादि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा स्वयं खोले जायेंगे । मुख्यालय पर गोपनीय या चिन्हित डाक के अलावा जो डाक खोली जाकर अवलोकनार्थ भेजी जाती है, इस डाक पर मुख्य अभियन्ता अथवा सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर आदेश जहाँ आवश्यक हो पश्चात् व डाक कार्यालय अधीक्षक को बताई जाती है व प्रस्तुती लेख लेने के लिये भी लिखेगा जिस पर निर्देशानुसार अथवा अपने ज्ञान के आधार पर कार्यालय अधीक्षक इन कागजों को समंबन्धित अधिकारी के निजी सहायक को भेजेगा जो श्रुतिलेख लेकर टाईप कर अधिकारी के हस्ताक्षर करायेगा तत्पश्चात् निजी सहायक द्वारा रखी जाने वाली प्रेषण पंजिका में प्रविष्ठ कराकर उन्हें डिस्पेच कर कार्यालय प्रतिलिपि एवं पत्रावली कार्यालय अधीक्षक को लौटायेगा और संबंधित लिपिक जिसे व कार्यालय प्रतिलिपी एवं पत्रावली कार्यालय अधीक्षक द्वारा दी जायेगी । उसके हस्ताक्षर निजी सहायककी पंजिका में लिये जायेंगे ।

(3) डाक का अवलोकन हो जाने के पश्चात् प्राप्ति लिपिक उसे विहित प्राप्त पंजिका में प्रविष्ट करेगा और उसी दिन सम्बन्धित लिपिक को भेजेगा । दोपहर पश्चात् प्राप्त होने वाली डाक यदि व अधिकारी द्वारा आवश्यक या तत्काल चिन्हित नहीं है सम्बन्धित लिपिक को दूसरे दिन भी दी जा सकती है ।

(4) अनुभागों में अनुभाग प्रभारी डाक देखेगा, प्रत्येक पत्र आदि पर अपने लघु हस्ताक्षर करेगा और उसके द्वारा प्राप्त की गई डाक से आधा घन्टे के अन्दर संबंधित लिपिकों को उनके वितरण की व्यवस्था करेगा । डाक प्राप्त होने वाले हस्ताक्षर विहित प्रपत्र सं0 5 मीमों बुक में

लिये जायेंगे ।

2. **पत्रावलियां खोलना एवं उनका अनुरक्षण :**

(1) पत्रावलियों खोलने एवं अनुरक्षण करने के लिये वही प्रक्रिया अपनाई जायेगी जो जिलाधीशों को छोड़कर अन्य निगमों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों की क्रिया विधि की हस्त पुस्तिका " में दी गई है । प्रत्येक अनुभाग द्वारा व्यवहार किये जाने वाले शीर्षक एवं उप शीर्षक के लिये संकेत करेगा । निर्धारित की जायेगी एवं इस शीर्षक एंव उप शीर्षक से संबंधित फाईल/ पत्रावली की संख्या भी निर्धारित की जायेगी ।

(2) प्रथम पत्र या एक टिप्पणी के आधार पर एक पत्रावलियें फाईल प्रारम्भ की जा सकती है । विविध पत्र व्यवहार जो कि मुख्य या महत्वपूर्ण विषय से संबंधित नहीं हो, को विविध विषय पत्रावली जो प्रत्येक शीर्षक के अन्तर्गत पृथक रूप से खोली जायेगी, में रखा जायेगा और पत्रावली संख्या निर्धारित की जायेगी । जहाँ तक संभव हो प्रत्येक पत्रावलि एक विषय तक ही सीमित रखी जायेगी और निम्न विषय के लिये पृथक फाईल खोली जायेगी । एक फाइल को दूसरी से संयुक्त करने की परम्परा असुविधाजनक है । अतः ऐसा जहाँ तक सम्भव हो नहीं किया जाये ।

(3) पत्रों को पत्रावली में फाइल करने की कार्यवाही को विशेष ध्यान दिया जाये क्योंकि किसी पत्र के अन्दर असम्बन्ध फाइल में रखा जाने पर बड़ी कठिनाईयाँ उत्पन्न होगी तथा व्यर्थ में समय नष्ट होगा । अधीक्षक जब किसी पत्र व्यवहार का निपटारा करें तो उसे भी ध्यान पूर्वक देखना चाहिये कि वह उपयुक्त फाईल में रखा जाता है । एक फाईल/पत्रावली के दो भाग होंगे 1. टिप्पणी, 2. पत्र व्यवहार । टिप्पणी वाले भाग का प्रयोजन है कार्यालय द्वारा विचाराधीन पत्रों पर कार्यवाही करने हेतु टिप्पणी लिखकर आज्ञा प्राप्त करना और पत्र व्यवहार वाले भाग में मूल विचाराधीन पत्र जो प्राप्त हो और उनके जो उत्तर दिये जायें उनकी कार्यालय प्रतिलिपियों का रिकार्ड रखना ।

(4) विभाग की फाईलें जो विभाग से विभाग में या अनुभाग से बाहर भेजनी हो उन्हें निम्नलिखित प्रपत्र की पंजिका में प्रविष्ठ किया जायेगा ।

क्र0स	फाईल भेजने के आदेश सं0 व दि0	फाइल सं0 या अनुभाग जिसके पत्रावली से संबंधित है ।	कार्यालय पत्रावली का विषय	किसे भेजी गई	किस तारीख को लौटाई गई	अभिलेख रक्षक के हस्ताक्षर
1	2	3	4	5	6	7

टिप्पणी हेतु प्रारूप :

इसके सम्बन्ध में नीचे दी गई प्रक्रिया अपनाई जावेगी -

(1) पत्रों के निपटारे की प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से की जावेगी जैसे ही कोई पत्र प्राप्त हो, संबंधित लिपिक तुरन्त सम्बन्धित पत्रावली में रखेगा । उसके पृष्ठ सं0 लगायेगा । और तत्पश्चात् उसके निपटारे हेतु पत्रावली के टिप्पणी भाग में इस पर कार्यवाही प्रारम्भ करेगा । कार्यवाही की सामान्यतः समस्त पत्रों पर टिप्पणी के माध्यम से की जाये और उसके निपटारे सम्बन्धी कार्यवाही भी टिप्पणी में लिखी जाये जिससे कि पत्रावली की टिप्पणी उस विषय में की गई कार्यवाही का एक पूर्ण अभिलेख लिख प्रत्येक नये प्राप्त पत्र के बारे में कार्यालय टिप्पणी लिखने से पूर्व लाल स्याही में निम्न विवरण/ मोहर बनाकर अंकित किया जाये ।

प्रेषक	पत्र सं0 एवं दिनॉक	संक्षिप्त विवरण	पत्रावल का पृष्ठ संख्या

(2) यदि कोई पत्र नये विषय पर हो जो राज पत्रित अधिकारी, जो अनुभाग का प्रभारी भी हो, कि आज्ञा प्राप्त कर नये पत्रावली खोली जाये और उपरोक्त कार्यवाही की जावे ।

(3) जब पत्र का निपटारा हो जाये तो प्राप्ति लिपिक अपनी प्राप्ति पंजिका में विहित स्तम्भ में निपटारे की टिप्पणी देगा ।

(4) यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक मामले पर अलग शीट पर टिप्पणी लिखी जायेगी । बहुत से विचाराधीन पत्र रूटीन प्रकार के होते हैं जिनके संबंध में विचाराधीन पत्र (पी0यू0सी0) पर ही संक्षिप्त टिप्पणी देकर संबंधित पत्रावली के साथ उस पत्र का उत्तर प्रारूप पेश कर दिया जायेगा ।

(5) क्रमिक (कन्टिन्यूएशन) अलग सीट पर देने की प्रक्रिया गबन, विभागीय जॉच जैसे महत्वपूर्ण मामलों में अपनाई जायेगी क्योंकि इन में प्रतिदिन की कार्यवाही एवं नियमों आदि की संवीज्ञा पर ध्यान रख कर ही मामले पर आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है, और इनका समय समय पर सन्दर्भ देना होता है ।

(6) तार, अर्द्धशासकीय पत्र एवं अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण पत्र आदि पर तुरन्त कार्यवाही करने के लिये उसी दिन जिस दिन वह प्राप्त हो आवश्यक पत्रावली एवं सन्दर्भो सहित पेश किये जायेंगे ।

4. टिप्पणी एवं प्रारूपों की आवश्यक बिन्दु :

कार्यालय टिप्पणी या प्रारूप तैयार करते समय निम्नलिखित आवश्यक बिन्दुओं का ध्यान रखा जाये -

(1) क्या वह पूर्ण है ।

(क) क्या उसमें समस्त आवश्यक सूचना सम्मिलित कर ली गई है ।

(ख) क्या उसमें समस्त एवं पूर्ण उत्तर समाविष्ट कर दिया गया है ।

(2) **क्या वह संक्षिप्त है :-**

(क) क्या उसमें केवल अनिवार्य तथ्य दिये गये हैं ।

(ख) तथा उसमें अनिवार्य शब्द ही प्रयोग किये गये हैं ।

(3) **क्या वह स्पष्ट है ?**

(क) जिसे पत्र लिखा जा रहा है उसके योग्य भाषा का प्रयोग किया गया है?

(ख) क्या प्रयोग किये गये शब्द सरल है एवं कहीं जाने वाली बात स्पष्ट करते हैं ।

(ग) क्या वह शब्द सही रूप में आवश्यक विचार अभिव्यक्ति की संरचना सही है ?

(घ) वाक्यों की संरचना सही है ?

(च) क्या प्रत्येक अनुच्छेद अनुक्रम (क्रोनोलोजिकल आर्डर) में है

(4) **क्या वह सही है :-**

1. क्या उसमें दी गई सूचनायें सत्य है ?
2. क्या उसमें दिया गया विवरण सरकार/विभाग की नीति के अनुरूप है?
3. क्या लिखावट, व्याकरण वर्ण विन्यास या विराम चिन्ह की दृष्टि से सही है ?
4. क्या भाषा का लहजा उचित है ?

(5) **गोपनीय प्रक्रिया :**

1. भू जल विभाग में मुख्यालय अथवा खण्डीय कार्यालयों में इकाईयों से जारी होने वाले पत्रों या प्राप्त होने वाली पत्रो को गोपनीय वर्ग में रखनें का निश्चय प्रभारी अधिकारी जो राजपत्रित अधिकारी होगा, करेगा ।
2. अन्य कार्यालयों या विभागों से गोपनीय चिन्हित होकर आये मामले गोपनीय समझे जायेंगे । शिकयतों पर की जाने वाले कार्यवाही गबन दुर्विनियोजन अपराधिक मामले विभागीय जॉच, न्यायालय में चल रहे मामले, परीक्षा प्रश्न पत्र, साक्षात्कार, नियुक्तियां, स्थानान्तरण आदि के मामले गोपनीय रखे जायेंगे । सम्बन्धित लिपिक, अधीक्षक, स्टेनोग्राफर / निजी सहायक, कार्यालय सहायक, प्रभारी अधिकारी उनके माध्यम से गोपनीय मामलों में कार्यवाही होगी एवं पेश होंगे उन्हें पूर्ण रूप से गोपनीय रखने हेतु उत्तरदायी होंगे । यह मामले साधारण या अगोपनीय पत्रों व पत्रावलियों

के साथ पेड में या बस्ते में ना भेजे जायेंगे । ना रखे/बांधे जायेंगे । इनके लिये बन्द पेड व बन्द बस्ते विशेष रूप से काम में लिये जायेंगे इनकी पत्रावलियाँ आदि अधीक्षक से नीचे स्तर पर भेजी नहीं जाकर उसकी अभिरक्षा ताले चाबी में रखे जायेंगे ।

3. प्रत्येक गोपनीय फाइल में उसके प्रारंभ होने से पूर्व दो तीन खाली पृष्ठ रखें जायेंगे और प्राप्त होने वाले एवं भेजे जाने वाले पत्रों की इन खाली पृष्ठों में विशेष सूची के साथ साथ रखी जाती रहेगी एवं पत्रावलियों के अन्दर रखे पत्रों पर पृष्ठ अंकित किये जाते रहेंगे ।

4. गोपनीय मामलों के लिये एक पृथक गोपनीय अनुभाग होगा और स्टेनोग्राफर /निजी सहायक आदि इन पर कार्यवाही करेंगे ।

(6) **टाइप कार्य :**

1. पत्र की स्वच्छ प्रतियां टाईप करने के लिये कोई पत्रावली टाईपिस्ट को भेजनें से पूर्व संबंधित लिपिक उस पर लिखेगा कि -
   (क) कि उसे टाइप करना है या साइक्लोस्टाईल
   (ख) यह कि उसकी कितनी प्रतियाँ टाईप करनी है ।

2. यह ध्यान रहे कि साईक्लोस्टाइल, किसी पत्र के मुद्रण का स्थान नहीं ले सकता है और साईक्लोस्टाइल उसी दशा में कराया जाये जब कि मुद्रण अधिक खर्चीला हो । या उसमें विलम्ब होने की सम्भावना हो ।

3. जिस दिन पत्र आदि टाइप करने हेतु प्राप्त हो, उसी दिन टाईप कर सम्बन्धित अधिकारी को उचित प्रकार से भेजा जाये ।

(7) **टाईप शुदा पत्र पेश करना :**

1. टाइप शुदा पत्र, हस्ताक्षरार्थ पेश करने से पूर्व, प्रत्येक स्वच्छ पत्र संबंधित लिपिक द्वारा पढ़ा एवं मिलान कर एवं टिप्पणी आदि पर, हस्ताक्षर कर अनुभाग प्रभारी को फाइल के साथ भेजा जायेगा । लघु हस्ताक्षर प्रारूप के दाई ओर स्वच्छ पत्र के निम्नतक भाग पर किये जायेंगे । पत्र के संलग्न को अनुभाग प्रभारी प्रतिलिपि की सत्यता प्रमाणित करते हुए हस्ताक्षर करेगा एवं मोहर लगा देगा जिन पत्र आदि को रजिस्ट्री द्वारा भेजना हो उसके शीर्ष पर " रजिस्टर्ड " या रजिस्टर्ड ए0डी0 जैसा भी बड़े अक्षरों में लिखनें का उत्तरदायित्व अनुभाग प्रभारी को होगा । "गोपनीय" चिन्हित करने का दायित्व भी अनुभाग प्रभारी का होगा ।

(2) बाहर जाने वाले शुद्ध पत्रों पर राजपत्रित अधिकारी भी हस्ताक्षर करेंगे । सचिवालय, महालेखाकार विभागाध्यक्षों को जाने वाले स्वच्छ पत्रों पर सक्षम अधिकारी (जैसे तकनीकी सहायक प्रथम, द्वितीय, अधीशाषी अभियन्ता) से नीचे का अधिकारी हस्ताक्षर ही करेगा ।

(3) जो शुद्ध पत्र आवश्यक श्रेणी में नहीं आते वे समस्त एक पेड में अनुमोदित प्रारूपों सहित बिना पत्रावली के हस्ताक्षर हुये पेश किये जा सकते हैं परन्तु यदि प्रारूप अनुमोदित नहीं हुए है या वे आवश्यक है तो उनकी फाईलें भी साथ में पेश की जानी चाहिये । स्वच्छ पत्र पर राजपत्रित अधिकारी ही हस्ताक्षर करेगा ।

(8) जब एक शुद्ध पत्र हस्ताक्षर हो चुके हों तब उससे सम्बन्धित पत्रावली सहित या पत्रावली बिना परन्तु कार्यालय प्रतिनिधि के साथ प्रेषण कर्मी को भेजा जायेगा, जो उसे प्रेषित कर उनकी पत्रावलियाँ कार्यालय प्रतिलिपि संबंधित अनुभाग को लौटा देगा प्रेषणकर्मी निम्नलिखित कार्य करेगा -

1. जारी होने के लिये भेजे गये समस्त पत्र एवं उक्त कागजात उसी दिन प्राप्त कर उसी दिन प्रेषित करेगा ।

2. एक ही अधिकारी या कार्यालय के पते वाले समस्त पत्र एक ही लिफाफे में बंद कर प्रेषित किये जायेंगे ।

3. लिफाफे एवं पेकेट बंद किये जाने एवं स्टाम्प लगाते समय उनका पर्यवेक्षण कर यह देखेगा कि पत्र आदि ठीक प्रकार से पते लिखे अनुसार लिफाफों में बन्द कर स्टाम्प आदि लगाकर भेजे जाते हैं ।

4. डाक टिकटों के इण्डेन समय पर जारी करेगा, डाक टिकट प्राप्त करेगा और प्राप्त होने पर कार्यालय अधीक्षक से लेखा जॉच करवायेगा ।

5. डाक टिकट के प्रापत होने व प्रयोग में आने का विहित प्रपत्र सं0 8 में हमेशा सही लेखा रखेगा और अवशेष डाक टिकटों का अधीक्षक से सत्यापन करवायेगा ।

6. यह ध्यान रखेगा कि वह समस्त गोपनीय पत्र ही सील बन्द लिफाफों में अर्थात् बाहर के लिफाफों पर संबंधित अधिकारी का सरकारी पद का पता लिख कर एवं अन्दर के लिफाफे पर अधिकारी का नाम एवं पता लिख कर प्रेषण करेगा ।

7. प्रतिलिपी एवं पुष्ठांक जिसे प्रेषण करना हो उस पर चिन्ह लगायेगा ।

8. तोल में भारी लिफाफों को पेकेट पोस्ट, बुक पोस्ट, या पार्सल पोस्ट जैसा भी मामला हो द्वारा भेजेगा और वह यह भी ध्यान रखेगा कि उसे और एक मोटे या मजबूत कागज के लिफाफे में बन्द कराकर चिपका कर भेजें ।

9. डाक टिकट एवं उसकी पंजिका चाबी ताले में रक्खे ।

10. डाक खाने के रसीदें उचित प्रकार से फाईल में बांध कर रखेगा जिन्हे 2 वर्ष पश्चात् नष्ट किया जायेगा ।

11. प्रेषण पंजिका में प्रतिदिन डाक, डाक घर से प्राप्त हुई रजिस्ट्री के रसीदें के नम्बर आदि उसमें दर्ज रजिस्टर्ड पत्र के सम्मुख प्रविष्ट करेगा ।

12. यदि डाक घर ने रजिस्टर्ड पत्र निलम्बन से भेजने के कारण रजिस्टर्ड पत्र लेने से इन्कार कर दिया हो तो वह इस आशय की एक टिप्पणी डाक टिकिट पंजिका में लिखेगा और कार्यालय अधीक्षक के ध्यान में रख कर यह तथ्य लायेगा ।

(9) **सम्पादित कार्य एवं बकाया कार्य की व्यवस्था :**

प्रत्येक प्रकरण लिपिक, प्रत्येक माह के समाप्ति पर प्रपत्र 13 में एक विवरण पत्र तैयार करेगा, जिसमें वह माह की समाप्ति पर उसके द्वारा प्राप्त किये गये पत्रों की संख्या, निपटाये गये पत्रों की संख्या तथा विचाराधीन पत्रों की सं0 का एक पक्ष से अधिक समय से विचाराधीन पत्रों की संख्या को अलग से बताते हुए उल्लेख करेगा । इस विवरण पत्रों को आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यालय अधीक्षक को प्रस्तुत किया जायेगा ।कार्यालय अधीक्षक एक पक्ष से अधिक पुराने पत्रों को शीघ्रता पूर्ण निपटाने का प्रबन्ध करेगा तथा यदि सम्बन्धित लिपिक की ओर से किसी गल्ती के कारण निपटाने में देर हुई हो तो इसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगा ।

(10) **परिपत्र पत्रावलियाँ :**

मुख्यालय का कार्यालय अधीक्षक एवं राज्य के इकाई कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी विभिन्न वर्गो के परिपत्रों की पत्रावलियों के रख रखाव पर पर्यवेक्षण करेगा ।

प्रत्येक नियिम जैसे राज्य सेवा नियमों , सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों (लेखा शाखा द्वारा) बजट नियमावलि, राजस्थान सिविल सेवा नियमों, यात्रा भत्ता नियमों, चिकित्सा परिचर्चा नियमों, आदि के परिपत्रों संशोधन संबंधी अलग अलग फाइलें उससे संबंधित शाखाओं द्वारा खोली जायेगी व उसका रख रखाव भी वहीं करेंगे ।

(11) **विहित पंजिकायें आदि :**

भू जल विभाग, एवं उससे सम्बन्धित इसके अधिनस्थ समस्त कार्यालयों में रखी जाने वाली पंजिकायें एवं विवरणीकायें जिलाधीशों को छोड़ कर अन्य विभाग तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों की क्रिया विधि पुस्तिका में विहित प्रपत्रों के अनुसार रखी जावेगी जिनकी सूची नीचे दी जाती है :-

प्रपत्र	विषय	परिच्छेद का प्रसंग
1.	प्राप्त किये गये पत्रों की पंजिका	8
2.	महत्वपूर्ण तथा अत्यावश्यक पत्रों की पंजिका	10
3.	उन अभिनन्दनों की पंजिका जिनका निपटारा बाकी है ।	10
4.	विवरण पुस्तिका - अनुभागों में पत्रों को बॉटने के लिये	11
5.	ज्ञापन पुस्तिका (मीमो)	13
6.	डाक पुस्तिका (पियोन बुक)	15
7.	सेवा डाक टिकट पंजिका	15
8.	प्रकरण लिपिक डायरी	22
9.	पत्रावली पंजिका	24
10.	समय पर स्मरण पत्र जारी करने हेतु विचाराधीन पत्रावलियों की पंजिका	52
11.	विवरणीकाएं प्राप्त करनें की पंजिका	84
12.	प्राप्त किये गये निपटाये गये पत्रों की मासिक विवरणीका	86
13.	बन्द एवं विचाराधीन पत्रावलियों का मासिक विवरण	88
14.	कार्यालय अधीक्षक द्वारा निरीक्षण करनें का प्रपत्र (क)	92(क)
15.	अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने का प्रपत्र	92(क)
16.	निरीक्षण पंजिका	95
17.	अभिलेख कक्ष में भिजवाई जाने वाली पत्रावलियों आदि की सूची	101
18.	मांग पर्ची का प्रपत्र	111
19.	अभिलेखक कक्ष से बाहर भेजी गई पत्रावलियों की पंजिका	115
20.	अभिलेख नाशन या निरसन पंजिका	120

टिप्पणी : इस अध्याय में संदर्भित पत्रों से तात्पर्य जिलाधीशों को छोड़ कर अन्य विभाग तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों की क्रियाविधि पुस्तिका में विहित प्रपत्रों से हैं तथा सुविधानुसार परिच्छेदों के प्रसंग अथवा पंजिकाओं पर शीर्षक अपनाये जा सकते हैं ।

अ ध्या य - 4

भू जल विभाग के मुख्यालय कार्यालय की कार्य पद्धति

1. **संस्थापन अनुभाग** : भू जल विभाग के मुख्यालय में स्थित संस्थापन अनुभाग दो कार्यालय अधीक्षकों के अधीन है तथा खण्डीय बहुखण्डीय कार्यालयों के प्रभारी वहाँ के संस्थापन्न विभाग के कार्य का संचालन करेंगे ।

मुख्यालय में स्थित संस्थापन विभाग के मुख्य कार्यो की क्रियाविधी निम्न प्रकार होगी ।

(1) **नियुक्तियाँ** : विभाग में पदों के सृजन एवं कमी वैसी राज्य सरकार करेगी । विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्ति/एवं पद स्थापन निम्नानुसार होंगे :-

(क) विभाग के राज्य सेवा के पदों पर नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन राज्य सरकार द्वारा किये जायेंगे ।

(ख) सहायक लेखाधिकारी, लेखाकार एवं क0 लेखाकार के पदों पर निर्देशक कोष एवं लेखा राजस्थान, राजस्थान अधिनस्थ अधिनियम लेखा सेवा नियम 1963 के अनुसार नियुक्ति पदस्थापन करेगा ।

(ग) मंत्रालयिक सेवा के विभिन्न पद पर नियुक्ति/पदस्थापन राजस्थान अधिनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक कर्मचारी सेवा नियम 19 के अनतर्गत एवं इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी आज्ञाओं अनुसार मुख्य अभियन्ता महोदय द्वारा किये जायेंगे ।

(घ) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्वीकृत पदों पर राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा नियमों के अनुसार नियुक्तियाँ मुख्य अभियन्ता महोदय करेंगे ।

(च) भर्ती आदि में आरक्षण : राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग (समूह - ए) ने ब्रोक्योर आन रिजर्वेशन फोर शिड्यूल कास्ट एवं शिड्यूल ट्राइब्स इन सर्विसेज जारी किया है जिसमें अनुसूचित जातियों एवं जन जातियों के लिये रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ आदि आरक्षण का प्रतिशत, आरक्षित पदों पर भर्ती की कार्य क्रमावलि (रोस्टर) प्रणाली आदि पर जारी सरकारी आज्ञाऐ दी गई है । विभाग यह पुस्तक आदिनांक संशोधित रखेगा । किसी भी पद पर नियुक्ति या पदोन्नति करते समय इन आज्ञाओं का पालन करना अनिवार्य होगा

(2) **स्थानान्तरण** : विभिन्न पदों पर कर्मचारियों का स्थानान्तरण करने की शक्तियाँ निम्नलिखित अधिकारियों को होगी -

(क) विभाग में पदस्थापित सहायक लेखाधिकारी, सहायक अभियन्ता, लेखाकार, क0

लेखाकार एवं मंत्रालयिक कर्मचारियो व अन्य तकनीकी कर्मचारियों का स्थानान्तरण पद स्थापन विभाग के अन्दर मुख्य अभियन्ता द्वारा किया जायेगा

(ख) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अन्य पदों के स्थानान्तरण भी मुख्य अभियन्ता द्वारा किये जायेंगे ।

(ग) राज्य सरकार द्वारा स्थानान्तरण भी मुख्य अभियन्ता द्वारा किये जायेंगे ।

(3) **सेवा शर्ते** : - नियुक्ति के पश्चात् सरकारी कर्मचारी की सेवा शर्ते राजस्थान सेवा नियम (दोनो खण्ड) राजस्थान वित्तीय एवं लेखा नियम (दोनों खण्ड) राजस्थान यात्रा भत्ता नियम, राजस्थान चिकित्सा पुर्नभरण नियम राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम आचरण नियम आदि एवं विशिष्ठ सेवा नियमों आदि के अनुसार नियमित होगें ।

(4) **वेतन एवं भत्तों की स्वीकृतियाँ** :

स्थायी एवं अस्थायी संस्थापन के वेतन भत्ते एवं व्यक्तिगत अग्रिमों की स्वीकृति सक्षम अधिकारी जारी करेगा और विहित प्रपत्र में सामान्य एवं वित्तिय लेखानियमों के अनुसार तैयार कर कोषागार कार्यालय को भेजे जायेंगे । तथा वहाँ से पारित होने के पश्चात् आहरण किये जायेंगे ।

जन्म तिथि, अवकाश प्रार्थना पत्र, सेवा पुस्तिका, सेवा रोल, कर्मचारी आदि के बकाया दावे औसत वेतन की संगणना आदि सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अध्याय 5 संसथापन्न द्वारा नियमित होंगे ।

सरकारी कर्मचारियों के व्यक्तिगत दावे सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अध्याय 8 के अनुसार तैयार किये जाकर आहरित किये जायेगे ।

(5) **अनुशासन, जॉच एवं दण्ड आदि** :

अनुशासन, शिकायतें, जॉच दण्ड आदि के मामलों में विभागीय अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग एवं कार्यवाही राजस्थान सिविल सेवा नियंत्रण एवं अपील नियम 1958 के अनुसार की जायेगी ।

विभागीय जॉच के मामले में उपरोक्त नियमों के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा जारी हैण्ड बुक ऑफ डिसीप्लेनरी प्रोसिडिंग में विहित प्रक्रिया की पालना की जायेगी ।

गबन , दुर्विनियोजन, राजकीय सम्पति आदि के मामले में जॉच की साथ साथ सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमां के अन्तर्गत नियम 20, 23 एवं परिशिष्ठ 2 में विहित कार्यवाही भी की जायेगी ।

(6) कर्मचारी एव अधिकारियां के समस्त प्रकार के **अवकाश** सम्बन्धी मामले राजस्थान सेवा नियमों के अध्याय 10, व 11 के अनुसार निपटाये जायेंगे ।

(7) **विधि एवे न्यायालय** संबंधी कार्य के सम्पादन हेतु निम्न अनुसार क्रिया विधि अपाई जायेगी -

1. विधि विभाग राजस्थान के निदेश क्रमॉक एफ 5 /1/स्टेट मिमिरोज/85 दिनॉक 14 मई 1985 के अनुसार मुख्य अभियन्ता अपने अधीक्षण अभियन्ता, अधिक्षण भूजल वैज्ञानिक, कार्मिक अधिकारी, तकनीकी सहायक-1, तकीनकी सहायक -11 को सरकार के विरूद्ध पेश किये गये दावों के नोटिस सम्बन्ध आदि प्राप्त करनें के अदालती कार्यवाही करने तथा उनकी शीघ्र क्रियान्विति के लिये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकृत करेंगे । अधिकृत अधिकारियों दावों के नोटिस, सम्मन एवं आदेश व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करेगा । कार्यालय का पत्र प्राप्त लिपिक इन्हें नहीं प्राप्त करेगा ।

2. अधिकृत अधिकारी, न्यायिक मामलों में तुरन्त एक कुशल अधिकारी की आफिसर इन्चार्ज के रूप में नियुक्त करनें हेतु आवश्यक प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग को भेजनें की कार्यवाही करेगा । दावायाचिका आदि की प्रति भेजते हुये व वित्त विभाग से भी अनुरोध करेगा । गर्वनमेन्ट एडवोकेट/वकील को सरकार की तरफ से मामले की कोर्ट में पैरवी के लिये आवश्यक आदेश जारी करें ।

3. आफिसर इन्चार्ज तुरन्त गर्वन्मेन्ट एडवोकेट/वकील के समस्त सम्बन्धित रिकार्ड व सूचनाओं के साथ सम्पर्क करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि दावे का जवाब कोर्ट मे समय पर प्रस्तुत हो जाये और आगे मामला सही रूप में पेा हो तथा अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से विभागाध्यक्ष को समय समय पर मामले की प्रगति से अवगत कराया जायेगा । विभाग के अधिकृत अधिकारी द्वारा न्यायिक मामलों की एक पंजिका रखी जायेगी जो निम्नांकित प्रपत्र में होगा और अधिकृत अधिकारी के संरक्षण में संधारित की जायेगी -

कार्यालय का नाम

न्यायिक मामलों की पंजिका

क्रमॉक	प्राप्ती दिनॉक	न्यायालय का नाम एवं वाद सं0या नोटिस सं0 मय दिनॉक	वाद या नोटिस का संक्षिप्त विवरण		आफिसर इन्चार्ज का नाम मय नियुक्ति के क्रमॉक व दिनॉक	सरकारी वकील का नाम	जवाब का दावा प्रस्तुत करनें की तिथि (निर्धारित)
			वादी का नाम	वाद किस के विरूद्ध है ।	वाद का संक्षिप्त विवरण		
1	2	3	4	5	6	7	8	9

जवाब दावा पेश करनें की तिथि	मामले की आगे की प्रगति का विवरण
10	11

(8) **लोक सभा विधान सभा** एवं संसदीय समितियों सम्बन्धी कार्य इस शाखा में होगा । लोक सभा / विधान सभा एवं संसदीय समितियों सम्बन्धित यह कार्य समय पर सम्पन्न कराने का दायित्व अनुभागाधिकारी जिसे मुख्य अभियन्ता नियुक्त करेंगे का होगा ।

(9) **कर्मचारी वर्ग पंजिका :**

प्रत्येक कार्यालय में कर्मचारी वर्ग पंजिका जी0 ए0 74 में रखी जावेगी, जिससे यह मालूम हो सके कि प्रत्येक सम्वर्ग में स्वीकृत पदो की संख्या से अधिक कर्मचारियों का वेतन कभी भी नहीं उठाया जा रहा है ।

(10) **सेवा पुस्तिकाओं एवं निजी पत्रावलियों का अनुरक्षण :**

यह कार्य निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा ।

1. राज्य सेवा में नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका सरकार द्वारा निहित प्रपत्र में रखी जायेगी । जैसे ही कोई व्यक्ति नियुक्त होकर कार्य पर उपस्थित हो विहित सेवा पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ पूर्ण रूप से भरा जाकर सम्बन्धित अधिकारी से प्रमाणित करवा कर हस्ताक्षर करवाये जायेंगे । एक कर्मचारी के सेवा सम्बन्धी अभिलेख जैसे नियुक्ति, स्थानान्तरण, अवकाश, प्रशिक्षण, निलम्बन आज्ञाऐं आदि कालानुक्रम में सेवा पुस्तक में तुरन्त प्रविष्ठ किये जायेगे । प्रत्येक प्रविष्ठि पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर करवाये जायें व उसकी नकल कभी भी ले सकता है ।

2. प्रत्येक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लिये विहित प्रपत्र में एक सेवा नामावली रखी जायेगी । सेवा नामावली (सर्विस रूल्स) में भी प्रविष्ठियों सेवा पुस्तिकों के सामान ही की जायेगी परन्तु सम्बन्धि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से उसमें हस्ताक्षर करवाना आवश्यक नहीं होगा । उसके द्वारा किये जाने वाला कार्य एवं उसकी आचरण की टिप्पणी सेवा नामावली में दी जायेगी ।

3. प्रत्येक कर्मचारी की एक निजी फाईल, सेवा पुस्तिका के अतिरिक्त रक्खी जायेगी जिसमें कर्मचारी की नियुक्ति आदेश से लेकर उसकी सेवा निवृति /सेवा समाप्ति तक के सेवा संबंधी मामलों के आदेश एवं पत्र व्यवहार पूर्ण रूप से रखे जावेगे । ये पत्रावली सम्बन्धित लिपिक या अधीक्षक की अभिरक्षा में रहेगी ।

(11) **वार्षिक वेतन वृद्धि पंजिका :**

कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि की भुगतान पर प्रभावी नियंत्रण वेतन वृद्धि पंजिका जी0ए0 93 में रखी जावे किसी व्यक्ति की राज्य सेवा में नियुक्ति होते ही सर्वप्रथम उसका नाम उस पंजिका के उचित भाग में प्रविष्ठ किया जायेगा व अन्य स्तम्भ भरे जावेंगे व किसी माह मे वेतन वृद्धि देय होने विाले समस्त मामलोंकी जॉच उस माह की 10 तारीख तक की जाकर उस माह की 15 तारीख तक सक्षम अधिकारी की स्वीकृति यदि स्वीकृति योग्य है, प्राप्त की जावेगी जिससे की मासिक वेतन बिल के साथ वेतन वृद्धि की राशि भी उठाई जा सकेगी । इस सबंध मे उपरोक्त प्रक्रिया में विचलन वेतन वृद्धि स्वीकृत करने वाले सक्षम अधिकारी की आज्ञा के बिना नहीं किया जायेगा ।

12. **उपार्जित अवकाश :**

प्रत्येक कर्मचारी के उपार्जित अवकाश व अर्द्धवेतन अवकाश आदि का लेखा उसकी सेवा पुस्तिका में रखा जायेगा एवं अवकाश प्रार्थना पत्र एवं स्वीकृति प्रतिलिपि आदि उसकी निजी पत्रावली में रखी जावेगी । अवकाश का कोई मामला सेवा पुस्तिका के बिना नहीं पेश किया जायेगा । और सेवा पुस्तिका के अवकाश लेखा भाग में प्रविष्टि किया जायेगा, इसी प्रकार अवकाश से लौटने की तारीख इन्द्राज कर संबंधित अधिकारी से प्रमाणित कराई जाये ।

13 **आकस्मिक अवकाश :**

यह कार्य निम्न प्रकार से किया जायेगा : -

1. कर्मचारियों एव अधिकारियों में आपस मे अवकाश लेखा एक अलग पंजिका जी0ए0 160 आकस्मिक अवकाश पंजिका मे रहेगा जिसमे सेवा वर्गीकरण के अनुसार समस्त कर्मचारियों के नाम लिखे जायेगे । इस पंजिका की प्रविष्ठियां का सत्यापन आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी करेगा और अपने लघु हस्ताक्षर करेगा ।
2. आकस्मिक अवकाश का उपयोग करना या अवकाश पर प्रस्थान करने से पूर्व अवकाश प्रार्थना पत्र पेश कर उसकी स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है ।
3. विशेष आवकस्मिक अवकाश की प्रविष्टि पंजिका में की जाकर उसका विशेष कारण विवरण व यह भी लिखा जाये - यह स्वीकृति सक्षम अधिकारी ने किस कारण से दी है ।

पेंशन के मामले :

पेशन प्राप्ति हेतु प्रत्येक पेंशन का अच्छा आचरण एक पूर्व आवश्यकता है और यदि कोई पेन्शनर किसी गम्भीर अपराध का दोषी करार दिया जाये या गंभीर दूराचार का दोषी पाया जाये तो उसकी पेंशन, पारिवारिक पेशन सहित पूर्ण या आंशिक रूप से रोकी जा सकती है । यह प्रावधान केवल सेवा से संबंधित है और सेवा निवृति पूर्व इसकी लापरवाही या उपेक्षा या कपट के फलस्वरूप सरकार को हुई हानि की पेंशन से की जाने वाली वसूली के कारण पेशन में की गई कटौती के कारण यह लागू होता है ।

विभागीय जॉच :-

विभागीय जॉच संबंधी कार्यवाही राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 एवं राज्य सरकार द्वारा जारी पुस्तक हैण्ड बुक ऑफ डिसीप्लीनरी प्रोसिडिंग्स और समय पर जारी निर्देशों के अनुसार की जायेगी ।

वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन / गोपनीय प्रतिवेदन :

सरकारी कर्मचारियों के वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन/गोपनीय लिखनें एवं भेजने आदि हेतु विशेष निर्देश कार्मिक विभाग के ज्ञापन सं0 एफ0 14 (29) कार्मिक/एसीआर/73 दिनॉक

30 मार्च 1976 द्वारा एक पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किये गये है । अतः विभाग का प्रत्येक कर्मचारी अधिकारी प्रतिवेदन भरने एवं पेश करते समय कठोरता से उनका पालन करेगा ।

2. इस विभाग के कर्मचारियों एव अधिकारियों के वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार करने एव पेश करने के माध्यम सम्बन्धित आज्ञा कार्मिक विभाग के उपरोक्त आदेश के अनुच्छेद 12/ख/क/1/ के अन्तर्गत मुख्य अभियन्ता जारी करेगा ।

लेखन सामग्री :

समस्त राज्य सरकारी कार्यालयों के लिये आवश्यक लेखन सामग्री राजकीय मुद्रणालय से ही विहित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त की जा सकती है ।

बाजार से लेखन सामग्री का क्रय या मुद्रण कार्य करवाना निषिद्ध है, परन्तु अपवादी मामलों में राजकीय मुद्रणालय, से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सामान्य वित्तीय एव लेखा नियमों के परिशिष्ठ 8 के संलग्न तक आईटम नं0 2 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसार लेखन सामग्री का क्रया या मुद्रण कार्य कर कराया जा सकेगा ।

फर्निचर क्रय :

मरम्मत व अन्य व्यय कार्य राज्य सरकार द्वारा जारी नियमों के अन्तर्गत किये जायेगे ।

विभागीय भवन जो राजकीय है, उसकी रख रखाव पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेन्ट करेगा ।

पंचम अध्याय

भू जल विभाग का संचालन एक मुख्य अभियन्ता की देख-रेख में होता है । जोधपुर स्थित मुख्यालय में विभागाध्यक्ष मुख्य अभियन्ता की सहायता हेतु निम्न तकनीकी एवम् प्रशासनिक अधिकारियो के पद सृजित है -

1 मुख्य भू जल वैज्ञानिक
2 तकनीकी सहायक एवम् अधीक्षण अभियन्ता
3 अधीक्षण अभियन्ता - मुख्यालय एवम् आर0डी0एण्ड0 डी0
4. अधीक्षण अभियन्ता - केन्द्रीय भण्डार
5. अधीशाषी अभियन्ता - योजना
6 अधिशाषी अभियन्ता - सिविल
7 अधिशाषी अभियन्ता - प्रशिक्षण
8 अधिशाषी अभियन्ता - केन्द्रीय कार्यशाला
9 वरिष्ठ लेखाधिकारी
10 वरिष्ठ भू जल वैज्ञानिक - डी0 एस0 पी0 सी
11 वरिष्ठ भू भौतिकविद
12 वरिष्ठ रसायनिज्ञ
13. सहायक निदेशक (सांख्यिकी)
14 लेखाधिकारी
15. सहायक लेखाधिकारी
16. अधीनस्थ मन्त्रालयिक तथा लेखा संवर्ग व तकनीकी कर्मचारी

क्षेत्रीय स्तर पर कार्य विभाजन की दृष्टि से चार अधीक्षण अभियन्ता क्रमशः जोधपुर - वृत्त, जयपुर - वृत्त, उदयपुर वृत्त एवम् केन्द्रीय भण्डार में पदासीन है । इनके अधीन खण्डीय स्तर पर अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय क्रमशः जोधपुर, पाली, बाड़मेर, जयपुर, बीकानेर, उदयपुर, डूंगरपुर, कोटा तथा अजमेर में कार्यरत है ।

सर्वेक्षण एवम् अनुसन्धान कार्य विभाजन अनुसार चार अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक पदासीन है, जिनके मुख्यालय जोधपुर, जयपुर, उदयपुर तथा बीकानेर में स्थित है ।

विभागीय संगठनात्मक स्थिति निम्न तालिकानुसार है -

क्र0सं0	कार्यालय/वृत्त एवम् कार्य का विवरण	जिले एवम् कार्य क्षेत्र
1.	अधीक्षण अभियन्ता - जोधपुर	
	पेयजल, सिंचाई व अन्य संगठनों के लिये नलकूप निर्माण व साधारण कुओं में वेधन व ब्लास्टिंग इकाइयों द्वारा कुओं को गहरा करना व निर्मित करना।	जोधपुर, जैसलमेर, सिरोही, पाली, बाड़मेर नागौर, एवम् जालोर
2.	अधीक्षण अभियन्ता, जयपुर	
	पेयजल, सिंचाई तथा विभिन्न संस्थाओं के लिए नलकूप निर्माण व साधारण कुओं में बोरिंग कार्य करना तथा ब्लास्टिंग इकाईयों द्वारा कुओं को गहरा करना व निर्मित करना ।	जयपुर, अलवर, सीकर, झॅझनूँ, चूरू, भरतपुर, टौंक, सवाईमाधोपुर धौलपुर श्री गंगानगर ।
3.	अधीक्षण अभियन्ता, उदयपुर	
	पेयजल, सिंचाई तथा विभिन्न संस्थाओं के लिये नलकूपों का निर्माण व साधारण कुओं में बोरिंग कार्य करवाना तथा ब्लास्टिंग द्वारा कुओं को गहरा करना ।	उदयपुर, चितोड़गढ़, अजमेर, कोटा, झालावाड़, डूँगरपुर, बांसवाड़ा, बूँदी, भीलवाड़ा
	सर्वेक्षण एवम् अनुसन्धान	
1.	अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक, जोधपुर	
	सर्वेक्षण एवम् अनुसंधान कार्य	नागोर, सिरोही, पाली, जालोर, जैसलमेर बाड़मेर, जोधपुर । समस्त राजस्थान में विशिष्ठ खोज एवम् रूपांकन का कार्य ।
2.	अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक, जयपुर ।	
	सर्वेक्षण एवम् अनुसन्धान कार्य	उदयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तोड़गढ़, डूँगरपुरा, बूँदी, बॉसवाड़ा ।
3.	अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक, जयपुर ।	
	सर्वेक्षण एवम् अनुसन्धान कार्य	जयपुर, अलवर, सीकर, कोटा, झूँझनूँ, सवाईमाधोपुर, टोंक, झालावाड़, भरतपुर धौलपुर ।
4.	अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक, बीकानेर ।	
	सर्वेक्षण एवं अनुसंधान कार्य	बीकानेर, श्री गंगानगर, इन्दिरा गांधी नहर क्षेत्र में सब सरफेश बेरियर बनाने हेतु अध्ययन। इ0न0प0 के सिंचित क्षेत्र में वाटर लोगिंग से संबंधित समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु अध्ययन ।

ADMINISTRATIVE SETUP OF GROUND WATER DEPARTMENT, JODHPUR.

- CHIEF ENGINEER
  - CHIEF HYDROGEOLOGIST
    - SR. GEOPHYSICIST
      - I SR. GEOP. (H.Q.)
      - JR. GEOP. (H.Q.)
    - JR. HG.
    - SR HYDPO (DSPC)
      - JR. HG. (Data)
      - JR. HG. (Report)
      - JR. H.MET.
    - SR. A.O.
      - A.A.O. (INS)
      - A.A.O. (COM)
  - SUPDG ENGINEER (H.Q.)
    - EE. (PLAN)
      - AA (Stor)
    - EE. (CIVIL)
      - AEN.I
      - AEN.II
  - SUPERINTENDING ENGINEER & T.A. TO C.E.
    - EX ENG (W S.)
      - AEN-I
      - AEN-II
    - SE. (C. STORE)
      - AEN-I
      - AEN-II
    - EX. ENG (TRG) P.O.
      - AEN.

SHG. BIKANER. SR. HG (T.A.)

- JR HG-2, JR. GP-1, JR. CH-1 — SR. HG BIKANER
- I/C HG CHURU
- I/C HG G.NAGAR
- SR GP-1, JR. HG-2, JR. GP-1 — SR. HG. BIKANER I.G.N.P.
- JR. HG-2, C A D — P.O BIKANER

SHG. JODHPUR SR. HG. (T.A.)

- JR. HG-3, JR. GP-1, JR. HG. — SR. HG. JODHPUR
- I/C HG. PALI, I/C HG. JALORE, I/C HG. SIROHI — SR.HG. PALI
- I/C HG. BARMER
- I/C HG. JAISALMER
- I/C HG NAGAUR
- JR. CHEM.-5 — SR. CHEM JODHPUR
- JR.H.G.-2, JR HG-1 — SR. H.G. R D & D

SHG. JAIPUR SR. HG. (T.A.)

- JR. HG. ALWAR, JR. HG BHARATPUR, JR HG. DHOLPUR, JR (GP) — SR HG. ALWAR (T A.)
- JR. HG-1 JAIPUR, JR. HG-1 DAUSA, JR. HG-1 S.MADHOPUR, JR. HG-1 TONK — SR.HG. JAIPUR (T.A.)
- I/C HG-1 SIKAR, I/C HG-1 JHUNJHUNU, JR. CH—3 — SR.CHEM JAIPUR

SHG. UDAIPUR SR. HG. (T.A.)

- JR. HG.-1 KOTA, JR. HG-1 BARAN, JR. HG-1 JHALAWAR, T.A.(GP) — SR. HG. KOTA
- JR. HG.-2 AJMER, JR. HG-1 BUNDI, T.A.(GP) — JR. HG. AJMEP, JR. HG.(T.A)
- JR. HG-2, JR.(GP)-1, I/C HG-1 BHILWARA — SR. H.G. CHITTOR, JR. HG (T.A)
- JR. HG.-1 UDAIPUR, JR. HG-1 RAJSAMAND, JR. HG-1 BANSWARA, JP HG-1 DUNGARPUR — SR. HG. UDAIPUR, JR. HG. (T.A.)
- JR — SR. CHEM

SUPTDG. ENGINEER. JODHPUR X.E.N (T.A)

- A EN.-I JODHPUR, A EN.-II JODHPUR, A. EN. NAGAUR — EX. ENG. JODHPUR. AEN (T.A)
- A.EN. - PALI, A.EN. - SIROHI, A.EN. - JALORE — EX. ENG. PALI. A.EN (T.A)
- A.EN.-I BARMER, A EN.-II BARMER, A EN. JAISALMER — EX ENG BARMER. A.EN. (T.A)

SUPTDG. ENGINEER JAIPUR. XEN. (T.A)

- A.EN. JAIPUR, A.EN. SIKAR, A. EN. ALWAR, A EN BHARATPUR, A. EN. JHUNJHUNU — EX. ENG. JAIPUR. A.EN. (T.A)
- A.EN.-I BIKANER, A.EN.-II BIKANER, A. EN. CHURU — EX.ENG BIKANER. AEN (T.A)

SUPTDG. ENGINEER. UDAIPUR. XEN (T.A)

- A.EN. UDAIPUR, A.EN. CHITTOR — EX.ENG. UDAIPUR A.EN. (T.A.)
- AEN S.MADHOPUR, A.EN. KOTA, A.EN. AJMER, A EN. JHALAWAR — EX. ENG. KOTA. A.EN. (T.A)
- A.EN.-I DUNGARPUR, A.EN.-II DUNGARPUR, A.EN. BANSWARA — EX. ENG. DUNGARPUR A.EN. (T.A)
- AEN AJMER, AEN BHILWARA — E.E. AJMER

पं च म अ ध्या य

वित्तीय शक्तियॉ :-

1. विभागीय लेखा शाखा ।

2. जमा की हुई अग्रिम राशि लौटाने हेतु प्रावधान ।

कार्यालय मुख्य अभियन्ता भू जल विभाग, जोधपुर (राज0)

1. विभाग की लेखा शाखा :

भू जल विभाग की लेखा विंग वरिष्ठ लेखाधिकारी के अधिनस्थ पांच सहायक लेखाधिकारी के रूप में तथा पन्द्रह लेखाकार एवं छप्पन कनिष्ठ लेखाकार के रूप में विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत है । विभाग के लेखों की आन्तरिक जॉच हेतु सहायक लेखाधिकारियों के आधीन दो जॉच दल नियुक्त है जो समस्त अधिनसथ इकाईयों के लेखों के अन्तरिक जॉच कर समय समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं । इसके अतिरिक्त दो भण्डार सत्यापक भी नियुक्त है जो विभिन्न मण्डलों एवं उपमण्डलों में भण्डारों का सत्यापन करते हैं व उनमें पाई गई न्यूनताओं को ध्यान में लाकर सही मार्गदर्शन करने में सहयोग करते हैं ।

अन्य विभागों की तरह इस विभाग में भी लेखा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अन्तर्गत संधारण किया जाता हे । राज्य सरकार ने इस विभाग को उनके आदेश सं0 प-1/4/वित्त/साविलेनि/87 दिनॉक 11.12.87 के अन्तर्गत वाणिज्य विभाग की श्रेणी से हटा कर सेवा विभाग धोषित किया है । अतः पूर्व में प्रचलित लेखा मेन्यूअल अप्राभावी हो गई है । और समस्त लेखे सामान्य वित्त एवं लेखा नियमों के अन्तर्गत ही संधारण किये जा रहे हैं ।

विभाग द्वारा आय व्यय पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य निम्न मानचित्र उनके सामने अंकित दिनॉक को समस्त अधिनस्थ अधिकारियां से प्राप्त कर संधारण किये जाते हैं -

1.	मासिक व्यय मानचित्र	आगामी माह की 10 तारीख तक
2.	मासिक राजस्व आय मानचित्र	आगामी माह की 10 तारीख तक
3.	मासिक बिलों के आहरण	प्रत्येक तिमाही के द्वितीय सप्ताह
4.	महालेखाकार जयपुर को भेजे गये डी0सी0बिलों का तिमाही विवरण :	प्रत्येक तिमाही के द्वितीय सप्ताह
5.	बजट फार्म 1,2,3,4 में बजट ।	बजट मैन्यूअल के अनुसार ।
6.	स्थाई अग्रिम प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष की समाप्ती पर)	आगामी माह
7.	निरीक्षण प्रतिवेदनों की पालना	निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्ति के एक माह में ।

जमा की हुई अग्रिम राशि लौटाने के सम्बन्धी प्रावधान :

काश्तकारों द्वारा कुऐं गहरे कराने हेतु भूजल विभाग में अग्रिम राशि जमा कराई जाती है, उस राशि में से कार्योपरान्त शेष बची हुई राशि को लौटाने का प्रावधान है । शेष बची हुई

राशि वापस लेने हेतु काश्तकार को प्रत्यार्पण आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर जमा कराई गई राशि की मूल रसीद के साथ खण्डीय कार्यालय में किया जाता है क्योंकि सहायक अभियन्ता को शेष बची हुई रकम प्रार्थी को लौटाने हेतु केवल 200/- रू0 तक की ही स्वीकृति जारी करने के आदेश है एवं अधिशाषी अभियन्ता को शेष बची हुई राशि लौटाने सम्बन्धी स्वीकृति जारी करने के आदेश नहीं है । अतः खण्डीय कार्यालय आवेदन पत्र पर सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर आवेदन पत्र की दोनों प्रतियॉ (मय मूल जमा रसीद व चालान की मूल प्रति जिसके द्वारा राशि विभाग के रेवेन्यू मद में जमा कराई है । प्रार्थी को लौटाये जाने योग्य शेष राशि को अंकित करते हुये मुख्य अभियन्ता के कार्यालय को भेजता है । मुख्य अभियन्ता द्वारा आवेदन पत्र की पूरी जॉच करने के पश्चात् रूपये 50,000/- तक लौटाये जाने योग्य राशि की स्वीकृति जारी की जाती है । अगर लौटाये जाने योग्य राशि रूपये 50,000/- से अधिक होती है तो पूरा केस स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भेजा जाना होता है ।

नोट : पूर्ण प्रक्रिया सम्बन्धी नियम - प्रत्यार्पण प्रपत्र व समय समय पर जारी किये गये आदेशों की प्रतियॉ विविध अध्याय में संलग्न है ।

अ ध्या य ष ष्ठ म

विभाग की कार्य - प्रणाली

(अ) अभियान्त्रिकी वृत्त :

नलकूप निर्माण :

अधीक्षण अभियन्ता प्रत्येक रिग के कार्य की पृथक योजना बनाकर उसे अधिशाषी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता को अवगत कराते हैं । कार्यक्रम बनाते समय निम्न बिन्दुओं का आवश्यक ध्यान रक्खा जाता है -

1. मशीनों की योग्यता
2. मशीनों की सम्भावित आंशिक गति
3. वास्तविक समय की आवश्यकता

कार्यक्रम आरम्भ करने से पूर्व अधिशाषी अभियन्ता इस बात से आशवस्त हो जाता है कि सम्बन्धित पार्टी ने आवश्यक धन राशि जमा करादी है । तत्पश्चात् ही नलकूप खुदाई हेतु स्थान का चयन (पिन पाइन्ट) भूजल वैज्ञानिक व पार्टी की सहमति से किया जाता है । उपरोक्त सभी व्यवस्थायें पूर्ण होने के बाद ही सहायक अभियन्ता मशीन भेजनें, उपकरण, साज सामान उपलब्ध करवाने एवं कर्मचारियों को लगाने की व्यवस्था करता है । सहायक अभियन्ता इस बात से आश्वस्त होकर कि जैसे ही एक स्थान पर खुदाई का कार्य पूर्ण हो जायेगा अगले स्थान पर वेधन के लिये सामग्री की व्यवस्था तुरन्त कर लेगा ताकि मशीन अकार्यशील नहीं खड़ी रहे ।

जहाँ कहीं पर भी एसेम्बली को कुएं में उतारना होगा वहाँ यह कार्य उस क्षेत्र के सम्बन्धित भू जल वैज्ञानिक की राय से तथा पूर्ण सावधानी जैसे लम्बवत आदि का ध्यान रखकर ही उतारा जायेगा ।

वैधन का कार्य पूर्ण होते ही प्रत्येक नलकूप को वायुदाबक यन्त्र (कम्प्रेशर) से समुच्यत कर तुरन्त उसके चारों और बजरी व कंकरीट की सहायता से परकोटा बना दिया जाता हे ।

विस्फोटन कार्य :

पहाड़ी एवं पठारी क्षेत्रों में कुओं का वांछित गहराई तक खोदने के लिए एवं गहरा करने के लिये विस्फोटन इकाइयों द्वारा विस्फोटन का कार्य किया जाता है । दिसम्बर से जून महीनों के मध्य यह कार्य बहुतायत में होता हे । विस्फोटन कार्य हेतु पार्टी मनीआर्डर द्वारा पैसा जमा/भेजती कराती है । विभागीय विस्फोटन के सम्मुख पार्टी द्वारा मनीआर्डर की रसीद प्रस्तुत करने पर ही

विस्फोटन का कार्य आरम्भ किया जाता है । पूर्व प्रतिपादित प्रणाली के अनुसार जहाँ एक ही दिन में कम से कम चार विस्फोटन करने हो वहीं विस्फोटकीय इकाई को भेजा जाता हे । विस्फोटक अपने दैनिक कार्यक्रम की जानकारी कार्यालय से प्रतिदिन प्राप्त कर कृषक को एक दिन पूर्व ही सूचित कर देता है । सहायक अभियन्ता विस्फोटकीय इकाई को आवश्यक सामग्री की प्रदायगी समय पर करेगा ताकि विस्फोटकीय इकाई बेकार न पड़ी रहे ।

भण्डार प्रदायगी :

भण्डार प्रदायगी का कार्य दो स्थानों पर पृथक पृथक होगा । एक मुख्यालय स्तर पर दूसरा खण्डीय स्तर पर । मुख्यालय स्तर पर खरीददारी का कार्य एक समिति तय करेगी । इस समिति में मुख्य अभियन्ता अध्यक्ष के रूप में तथा अधिक्षण अभियन्ता, मुख्यालय, तकनीकी सहयाक प्रथम कृते मुख्य अभियन्ता तथा अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर व वरिष्ठ लेखाधिकारी इसके सदस्य होंगे । अधिशाषी अभियन्ता भण्डार जोधपुर इसके सदस्य सचिव होंगे । यह समिति भारी सामान की खरीद तथा दर अनुबन्धों को निर्धारित एवं पूर्ण करने के लिये खण्डीय स्तर पर कार्य करने के लिये बनाई गई है । ऐसा उचित समझा गया है कि केन्द्रीय भण्डार ऐसी सामग्री का संग्रह करेगा जिन वस्तुओं का एक ही निर्माता हो अथवा मशीनों के भारी कलपुर्जे हों । जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है

1. क्रेन्क शाफ्ट, सिलेण्डर हेड, कम शाफ्ट, सिलिण्डर ब्लाक आदि ।
2. रोटरी ड्रिलिंग रिग के कलपुर्जे । रबर के सामान व छोटे बियरिंग छोड़कर ।
3. कम्प्रेशर ।
4. वेधन रिग एवं वायु सम्पोषण यन्त्र के संचालन हेतु अतिआवश्यक कलपुर्जे एवं औजार सामग्री ।
5. साधारण (प्लेन) एवं झिरीवाले (स्लोटेड पाईप)
6. विविध सामग्री जैसे - बिट्स, ड्रिल रोड़, एयर होस आदि ।

खण्डीय स्तर पर सामान की खरीद केवल मांग अथवा आवश्यकता होनें पर ही की जायेगी तथा उन सामानों का संग्रह वहीं किया जायेगा जो वहाँ के बाजार में आसानी से उपलब्ध है । अधिकांश खरीदारी दर अनुबन्धों पर ही की जा सकेगी और जिन वस्तुओं के लिये दर अनुबन्ध नहीं हुआ हो उन्हें निविदायें जारी कर ही खरीदा जा सकेगा जबकि निविदा हेतु नियमानुसार सभी औपचारिकतायें कर ली गई हो ।

(ब) अनुसन्धान वृत्त :

भू जल विभाग का सर्वेक्षण एवं अनुसंधान वृत्त राज्य के विभिन्न भागों में क्रमिक भू जल वैज्ञानिकीय खोज में संलग्न हैं । भूजल स्त्रोतों की खोज एवं मूल्यांकन के लिये सर्वेक्षण एवं अनुसंधान का कार्य विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत किया जा रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार से है :-

1. प्राथमिक और अर्द्धविस्तृत सर्वेक्षण :

प्राथमिक भू-जल सर्वेक्षण के अन्तर्गत कुओं की जॉच, भू जल स्तर एवं उसकी गुणवता का अध्ययन कर उस क्षेत्र के जल विज्ञान अध्ययन को सुनिश्चित किया जाता है तथा क्षेत्रीय सर्वेक्षण के आधार पर 1,25,000 गैलन पर भूजल धारी इकाईयों, भू जल स्तर एवं भू जल की गुणवता के मानचित्र तैयार किये जाते हैं ।

यद्यपि प्राथमिक सर्वेक्षण उस क्षेत्र की भूजलधारी इकाईयों एवं जल की गुणवता दर्शाता है, किन्तु इस सर्वेक्षण के आधार पर विभिन्न भू-जलधारी इकाईयों की भूजल धारिता एवं भण्डारण का मात्रात्मक आंकलन नहीं हो पाता है ।

अर्द्धविस्तृत भूजल सर्वेक्षण के अन्तर्गत पंचायत समिति के स्तर पर भू-जल अध्ययन किया जाता है । इस अध्याय में आधारभूत कुओं का परीक्षण एवं पानी के नमूने एकत्र किये जाते हैं । कुओं का जल स्तर मानसून के पूर्व एवं मानसून के पश्चात् एवं सिंचाई के बाद लिये जाते हैं । साधारणतया यह सर्वेक्षण एक ऋतुकाल के लिये किया जाता है । इस सर्वेक्षण के आधार पर भूजल धारी इकाईयों, भू जल स्तर, भूजल उपलब्धता, रसायनिक मापदण्ड के अनुसार कृषि एवं पीने योग्य जल आदि से सम्बन्धित मानचित्र तैयार किये जाते हैं । इन सर्वेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर लघु सिंचाई एवं विभिन्न भू जल सम्भाग क्षेत्रों का मात्रात्मेक आंकलन किया जाता है और दोहन योग्य अतिरिक्त भूजल मात्रा का कुओं डी0सी0बी एवं नलकूपों द्वारा दोहन के लिये प्रस्ताव बनाये जाते हैं ।

2. विस्तृत भूजल सर्वेक्षण :

यद्यपि अर्द्ध विस्तृत सर्वेक्षण के आधार पर लघु सिंचाई योजनाऐं बनाने में मदद मिलती है पर इसकी सीमित उपयोगिता है । राजस्थान राज्य के बहुत बड़े भाग में भूजल धारी इकाईयों की बहुत विषम स्थिति है । अतः अर्द्धविस्तृत सर्वेक्षण के स्तर के सीमित समय में अध्ययन से भू-जल की मात्रा एवं गुणवत्ता का सही मूल्यांकन सम्भव नहीं है ।

विस्तृत भू-जल सर्वेक्षण कम से कम एक जल चक्र के अन्तर्गत किये जाते हैं । सर्वेक्षण के दौरान लगभग सभी कुओं की जॉच पहले वर्ष में की जाती है । बाद में कुछ आधार भूत कुए चुने जाते हैं और जिनकी वर्ष में दो बार जॉच की जाती है साथ ही कुछ आधारभूत कुओं का जल

स्तर की वर्ष में तीन बार जॉच की जाती है । इन सर्वेक्षणों के दौरान भूजलधारी इकाई की संरचना एवं विस्तार का शैल की गहराई आदि के लिये प्रयोगात्मक नलकूप लगाये जाते हैं, तत्पश्चात् इन नलकूपों की इलेक्ट्रिक लोगिंग करके विभिन्न स्तरों पर भूजल की गुणवत्ता एवं भूजल धारिता की संभावना का आंकलन किया जाता है । तत्पश्चात् स्टेन परीक्षण (स्टेम टेस्टिंग .....) कर विभिन्न स्तरों पर भू जल के नमूने एकत्र कर उनका रसायनिक परीक्षण किया जाता हे ।

विभिन्न भू-जल धारी इकाईयों की भू-जल भण्डारण क्षमता आदि का आंकलन करने के लिये कुछ चुने हुए प्रयोगात्मक नलकूपों पर पम्पिंग टेस्ट किया जाता है । भू-भौतिकीय सर्वेक्षण से उपलब्ध सूचनाओं का विस्तारण एवं नये क्षेत्र में भू-जल की उपलब्धता एवं गुणवता का अध्ययन किया जाता हे । इन अध्ययनों के पूर्ण होने पर भू-जल , भू जल रसायन, भू-भौतिकीय एवं भू जल धारी स्त्रोतों का आंकलन सम्बन्धी प्रतिवेदन प्रकाशित किया जाता हे ।

3. **अनुसंधान रूपांकन एवं विकास वृत्त :**

विकास का अनुसन्धान एवं रूपांकन प्रकोष्ठ विभिन्न भूजल के परीक्षात्मक एवं दोहन सम्बन्धी विभिन्न विधियों एवं तकनीकी पर विस्तृत अध्ययन करता है । इसमें (अ) कुछ चुने हुए क्षेत्रों में भूजल धारी इकाई के अनुरूप कुओं एवं नलकूपों की अभियांत्रिकी रूपांकन भूजलीय एवं जलीय आंकड़ो के एकत्रित करने एवं संकलन हेतु मार्गदर्शन करना । (ब) अत्याधिक भू जल निस्तारण वाले क्षेत्रों में कृत्रिम पुर्नभरण की व्यवस्था का अध्ययन करना ।

4. **जल नमूनों के रसायनिक परीक्षणों हेतु रसायन शालाऍं :**

सर्वेक्षण एवं अनुसंधान कार्यो के लिये सम्पूर्ण राज्य में स्थित सम्भागीय कार्यालय प्रत्येक जिलों में मानसून पूर्व व मानसून पश्चात् जल के नमूने एकत्रित करते हैं । इनका रसायनिक विशलेषण पेयजल सिंचाई व अन्य उपयोग हेतु निश्चित करने के लिये विभागीय रसायन प्रयोग शालाओं में किया जाता है । इसके लिये जोधपुर मुख्यालय में एक बड़ी रसायन शाला है, तथा प्रत्येक संभाग में रसायन शालायें स्थापित है जो जल में स्थित पी0 एच0 वेल्यु, टी0 डी0 एस0 , नाइट्रेट, फ्लोराइड आदि का परीक्षण करती हे । रसायनिक रिपोर्टस के आधार परही भूजल को उपयोग हेतु अधिकात किया जाता है । ये रसायन शालायें आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से सुसज्जित है ।

5. **जियोफिजिकल सैसमिक इकाई : (भू कम्पन सर्वेक्षण के यन्त्र)**

जियोफिजिकल सैसमिक अध्ययन के लिये तीन जियोफिजिकल सेसमिक इकाईयॉ स्थापित है । यह इकाईयॉ भूकम्पन सर्वेक्षण द्वारा भूजल के स्त्रोतों का पता लगाते हैं । यह प्रयोग वहॉ किये जाते हैं जहॉ अन्य उपायों द्वारा भू जल का पता नहीं चलता है ।

6. **उपकरण मरम्मत कक्ष :**

विभाग मेंयह कक्ष मुख्यालय की प्रयोगशाला परिसर में स्थापित है तथा सभी प्रकार के वैज्ञानिक उपकरण जसे ई0सी0पी0एच, मीटर लोगर तथा अन्य आधुनिक उपकरण यहीं मरम्मत कर ठीक किये जाते हैं । इस कक्ष में केन्द्र के काजरी जोधपुर विश्वविद्यालय आदि के उपकरण भी समय समय पर मरम्मत कर ठीक किये गये ।

विशेष अध्ययन :

   5. विस्फोटन कार्य के दौरान उससे सम्बन्धित विभिन्न तकनीकों में सावधानी ना बरताना ।
   6. आशाओं की अवहेलना करना ।

ड्राईवर के कार्य :

1. जो वाहन उसे सौंपा गया है, उसे चलाते समय सभी आवश्यक सावधानियाँ बरतना ।
2. वाहन व उसकी मशीनों का निर्धारित रख रखाव रखना ।
3. अपने अधीन वाहन की मरम्मत व वाहन व उसकी मशीनों के पूर्व निर्धारित रख-रखाव का ध्यान रखना ।
4. वाहन एव मशीनों का साज सज्जा का सामान एवं आवश्यक फिटिंग के कल पुर्जे जैसे टायर, ट्यूब, फ्यूल पम्प, ओटोमोबाइल्स, डायनमो, सेल्फ स्टारटर, रेडियेटर आदि की निगरानी ।
5. उचित अनुशासन बनाये रखना ।
6. सेवा पुस्तिका में उल्लेखित चरित्र संबंधी नियमानुसार उच्च चरित्र को बनाये रखना ।
7. समय समय पर जब भी आवश्यकता पड़े वाहन चालक के रूप में वाहन चलाने का दायित्व को निभाना ।
8. सक्षम अधिकारी की लिखित में अनुमति लिये बगैर अवकाश पर चले जाने की जानबूझ कर अनुपस्थित रहना " माना जायेगा ।
9. अपने उच्च अधिकारी के निर्देशन में मरम्मत आदि के कार्यो मे सहायता करना ।
10. निम्नलिखित के लिये वह उत्तरदायी होगा -
   1. बिना कारण ईंधन व अन्य आयल का उपयोग ।
   2. असावधानीपूर्वक वाहन चलाने तथा वाहन व मशीनों का उचित रख रखाव न करने से होने वाली दुर्घटनाए व टूट-फूट ।
   3. वाहन की लोग-बुक का उचित रख रखाव ना करना ।
   4. जो सामग्री परिवर्तन एवं रख रखाव हेतु उसे प्रदत्त की गई हो उसकी ही दुरूपयोग ना करना तथा उसकी चोरी ना करना ।
   5. समय पूर्व कलपुर्जो टायर ट्यूब आदि का खराब होना अथवा टूट-फूट ।
   6. किसी व्यक्ति या सामग्री को जो विभाग से संबंधित नहीं हो उसे ना लाना ।
   7. वाहनों का दुरूपयोग करना ।
   8. विभाग द्वारा प्रदत्त वर्दियों का उपयोग ना करना ।

फिटर का कार्य :

(1) समय समय पर जो भी कार्य सौंपे जाये उन्हें करना ।

(2) कार्य स्थलों पर अथवा कार्यशाला में मशीनों की मरम्मत और रख-रखाव जहाँ भी आवश्यकता हो करना ।

(3) जहाँ वह कार्यरत हो वहाँ कार्यशाला व मशीनों की साफ सफाई का ध्यान रखना ।

(4) कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखना व सहयोग करना ।

(5) अगर कार्यस्थल पर किसी इकाई पर उसे नियुक्त किया गया हो तो वह वहाँ लगातार उपस्थित रहेगा अन्यथा वह विभाग की कार्यशाला में आवश्यकतानुसार लगातार अपनी सेवाऐं देगा ।

(6) सेवा पुस्तिकाओं में चरित्र संबंधी नियमों के उल्लेखानुसार अपने उच्च चरित्र को बनाये रखेगा ।

(7) अनुशासन की पालना ।

(8) सक्षम अधिकारी की लिखित में अनुमति और कार्यस्थल से किसी अवकाश के सहारे अनुपस्थित को "जानबूझकर अनुपस्थित" सरहना माना जायेगा, वह सक्षम अधिकारी की पूर्व में अनुमति लिये बगैर कार्य स्थल नहीं छोड़ेगा ।

(9) मैकेनिक की मरम्मत के कार्य में सहायता देना ।

(10) यह निम्नलिखित कार्यो के लिये उत्तरदायी होगा :-

1. अिना कारण अकार्यशील दिवस ।
2. बिना कारण सामग्री का उपयोग ।
3. निम्न स्तर का कार्य ।
4. लापरवाही बरतने व असावधानी के कारण होने वाला नुकसान ।
5. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार्य न करना ।
6. सामग्री का दुरूपयोग करना ।
7. आज्ञा का पालन ना करना ।

हेल्पर के कार्य :

1. समय समय पर जो कार्य प्रदत्त किये जावे उन्हें करना।
2. मशीनों कार्यशाला व कार्यालय को साफ सुथरा रखना ।
3. अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश में कार्य करना ।
4. अनुशासन बनाये रखना ।
5. सेवा पुस्तिका में उल्लेखित चरित्र संबंधी नियमानुसार उच्च चरित्र को बनाये ।
6. सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिये बगैर वह कार्य स्थल नहीं छोड़ेगा । सक्षम अधिकारी की लिखित में अनुमति लिये बगैर कार्यस्थल से किसी भी प्रकार के अवकाश के सहारे अनुपस्थित रहनें को " जानबूझकर अनुपस्थित " रहना माना जावेगा ।
7. विभागीय कर्मचारियां के साथ मधुर संबंध बनाये रखना व सहयोग करना।
8. अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश में मशीनों के संचालन व रखरखाव में सहायता करना

9. अगर वह कार्यस्थल पर नियुक्त हो तो वहाँ लगातार उपस्थित रहना ।

10. निम्नलिखित कार्यो के लिये वह सीधा उत्तरदायी होगा -

   1. बिना कारण अकार्यशील दिवस ।
   2. लापरवाही व असावधानी के कारण नुकसान होना ।
   3. सामग्री का दुरूपयोग करना ।
   4. आज्ञा की अवहेलना करना ।

क्लीनर के कार्य :

1. अपने उच्च अधिकारी द्वारा समय समय पर प्रदत्त विभागी कार्यो को करना ।
2. कार्य पद्धति के अनुसार वह कार्य क्षेत्र में अथवा वाहन के साथ लगातार उपस्थित रहेगा।
3. जहाँ भी वह कार्यरत हो वहाँ मशीनों कार्यशाला व कार्यालय को साफ सुथरा रखना ।
4. विभागीय कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखना व सहयोग करना ।
5. उसे सामग्री की निगरानी करनी है जो कि उसका दायित्व है ।
6. सेवा पुस्तिका में उल्लेखित चरित्र सम्बन्धी नियमों के अनुसार उच्च चरित्र को बनाये रखना ।
7. अनुशासन बनाये रखना ।
8. सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिये वगैर वह कार्य स्थल/कार्यशाला व कार्यालय को नहीं छोड़ेगा । सक्षम अधिकारी की अनुमति लिये बिना कार्यस्थल से किसी भी अवकाश के सहारे अनुपस्थित रहने को " जानबूझ कर अनुपस्थित रहना " माना जायेगा ।
9. समय समय पर अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में मरम्मत व अन्य कार्यो में मदद करना ।
10. जब भी जितने समय के लिये आवश्यकता होगी वह मशीन/वाहन के साथ रहेगा तथा जब तक कोई साथी कर्मचारी उसके स्थान पर कार्य करने नहीं आये वह वहीं कार्य करेगा ।
11. निम्नलिखित के लिये वह उत्तरदायी हे :-
   1. बिना वजह अकार्यशील दिवसों का होना ।
   2. असावधानी व लापरवाही से नुकसान का होना ।
   3. सामग्री का दुरूपयोग करना अथवा खो जाना ।
   4. आज्ञा की अवहेलना करना ।

चौकीदार के काम :

1. समय समय पर अपने उच्च अधिकारियां द्वारा प्रदत्त कार्यो को करना ।
2. अपने कार्यस्थल पर जहाँ वह पद स्थापित है लगातार चौकीदार हेतु उपस्थित रहना ।
3. साथी कर्मचारियां के साथ मधुर संबंध बनाये रखना व सहयोग करना ।
4. सवा पुस्तिका में उल्लेखित चरित्र संबंधित नियमानुसार उच्च चरित्र बनाये रखना ।
5. अनुशासन बनाये रखना ।
6. सक्षम अधिकारी की पूर्वअनुमति बिना वह जिस कार्य स्थल पर वह नियुक्त है, उसे नहीं छोड़ेगा । सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिये बिना किसी भी अवकाश के सहारे यदि वह कार्यस्थल को छोड़ेगा तो उसे "जानबूझकर अनुपस्थित रहना " माना जावेगा ।

7. निम्नलिखित के लिये वह उत्तरदायी है -

1. असावधानी व लापरवाही के कारण नुकसान होना ।
2. सामग्री का दुरूपयोग करना ।
3. आज्ञा की अवहेलना करना ।
4. असावधानी व लापरवाही के कारण होने वाला नुकसान ।

(1) तकनीकी सहायक (रसायन) :

1. रसायनज्ञ द्वारा प्रदत्त जल नमूनों में स्थापित रसायनां विशेष रूप से साईट्रक फ्लोराइड आदि को रसायनिक विधि से पता लगाना ।
2 जो रसायनिक उपकरण वह प्रयोग में लायेगा उसके रखरखाव हेतु वही जिम्मेवार होगा ।
3. वह समय समय पर रसायनज्ञ को पानी के रसायनिक विश्लेक्षण कार्यो में मदद के साथ प्रयोग में आने वाले तरल रसायनों व के माननीकरण उनके रखरखाव तथा आंकड़ों की गणना में मदद करेगा ।
4. तकनीकी सहायक रसायनिक विश्लेक्षण की रिपोर्टस नक्शे आदि समय पर तैयार करने में रसायनज्ञ की मदद करेगा ।
5. वह अन्य पत्रव्यवहार प्रगतिविवरण रिपोर्टस जो दैनिक कार्यो में है, सम्मिलित है, इस दल की मदद करेगा ।
6. रसायनज्ञ की अनुपस्थिति में वह प्रयोगशाला तथा उने व स्वयं के कार्यो की देखरेख करेगा ।
7. वह यह सुनिश्चित करेगा कि जल के नमूनो के आवक व खाली बोतलों की प्रदायगी संबंधी विवरणों के अभिलेख समय पर तैयार हो ।
8. प्रयोगशाला में विद्युत और जल की आपूर्ति उपस्थित रहे तथा अन्य दुर्घटनाओं के प्रति सर्तकता रहे वह इस बात का भी ध्यान रखेगा ।
9. दैनिक डायरियों तथा काम में आने वाले रजिस्टरों का भी वह ध्यान रखेगा ।
10. वह उच्च अधिकारी द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य भी करेगा ।
11. आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तावित कार्य क्षेत्र में जाकर वह रसायनिक परिवर्तनों को आंकने हेतु फिल्ड में रसायनिक विश्लेषण हेतु जायेगा ।

(2) रसायनिक सहायक :

1. वह पानी के नमूनो के आंशिक रसायनिक विश्लेषण के साथ पी0एच0वेल्यू व कण्डस्टी विटी की रसायनिक विश्लेषणों से तैयार करेगा ।
2. वह प्रतिदिन रसायन विश्लेषण की रिपोर्ट संबंधी प्रतिवेदन रसायनज्ञ को प्रस्तुत करना ।

3. वह यह सुनिश्चित करेगा कि प्रयोगशाला में काम आने वाले उपकरणों मशीनों जिसमें डिस्टिल वाटर प्लान्ट भी शामिल है तथा जिन्हें प्रतिदिन काम में लेता है का उचित रखरखाव रहे ।

4. वह समय समय पर रसायनज्ञ व तकनीकी सहायक (रसायन) को जल नमूनों के रसायनिक विश्लेक्षण, तथा प्रयोगशाला में काम में आने वाला रसायनिक घोल बनाने व अन्य प्रयोगशाला से दैनिक कार्यो में मदद करेगा ।

5. दैनिक कार्यो की डायरी व रसायनिक कार्यो के रजिस्टर आदि का उचित रख रखाव रखेगा ।

6. प्रयोगशाला की उचित देखभाल करगा ।

7. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य भी करेगा ।

(3) **प्रयोगशाला सहायक**

1. वह पानी में उपस्थित टी0डी0एस0 को रसायनिक विधि द्वारा निकालेगा ।
2. वह उसके द्वारा प्रयोग में आने वाले उपकरणों का उचित रख रखाव रखेगा ।
3. वह चार्ट में रसायनिक विश्लेक्षण के परिणामों में इ0पी0एम तथा पी0पी0एम व जगह का नाम भरेगा ।
4. वह रसायनिक आंकड़ों, चार्ट, जगहों के नाम की फाईल, रजिस्टर आदि का उचित रख रखाव रखेगा ।
5. वह रसायनिक विशेषण प्रतिवेदन चार्टस् आदि की प्रतियों को तैयार करेगा ।
6. वह प्रगति विवरण व दैनिक कार्यो के प्रति सचेत रहेगा ।
7. वह जल नमूने ग्रहण करने के साथ उनके रजिस्टर, खाली बोतलों आदि का हिसाब भी रखेगा ।
8. वह दैनिक कार्यो की डायरी व किये गये कार्य विवरण का उचित रख रखाव रखेगा ।
9. प्रयोगशाला में स्थित भण्डार में प्रदायगी व प्राप्तियों का विवरण रखेगा ।
10. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त अन्य कार्य करेगा ।

(4) **लेबोरेटरी बियरर** :

1. प्रयोगशाला बियरर सुबह 10 बजे से पुर्व ही प्रयोगशाला की सफाई तथा जिन टेबलों पर प्रतिदिन कार्य होता है, उनकी सफसई तथा साधारण उपकरणों की सफाई करेगा ।

2. वह प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले साधारण कार्य के उपकरण तथा खाली बोतलों की सफाई करेगा तथा उन्हें उचित स्थान पर रख रखाव रखेगा ।

3. वह प्रयोगशाला के उपकरणों के साथ डिस्टिल वाटर प्लान्ट की भी सफाई करेगा ।

4. वह प्रयोगशाला की डाक अन्य संबंधित कार्यालयों तक भी पहुँचायेगा ।

5. वह प्रयोगशाला में पानी की आवक तथा उससे अन्य सामग्री व प्रयोगशाला की सफाई करेगा ।

6. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य करेगा ।

हैड ड्राफ्टमैन :

(मुख्यालय में एक पद है ।)

1. हैड ड्राफ्टमैन मुख्यालय में स्थित नक्शानवीश कक्ष का संचालन करता हे ।
2. वह इस बात के लिये जिम्मेदार होगा कि कक्ष में समय पर नक्शे तैयार हो ।
3. उचित माप पैमाने व तकनीकी आधार तथा नक्शों में अंकित जगहों आदि के लिये उचित माप दण्ड वही निर्धारित करेगा ।
4. वह नक्शानवीश कक्ष में उस सामग्री की व्यवस्था समय पर करेगा जिसकी आवश्यकता दैनिक कार्यो में रहती हे ।
5. जो नक्शे कक्ष में तैयार हो रहे हो उनका निरीक्षण करेगा ।
6. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त नक्शे के नमूने तथा तैयार नक्शों के प्रेषण अवलोकन तथा रख रखाव का भी वह ध्यान रखेगा । इस संबंध में वह अपने अधीन कर्मचारियों को निर्देश देगा ।
7. टोपोशीट आदि जो गोपनीय नक्शे हैं उन्हें उच्च अधिकारियों से प्राप्त कर समय पर उन्हें जमा कराना, उनकी सुरक्षा करना आदि नियमों का वह अधिनस्थ कर्मचारियों से कठोरता से पालन करायेगा ।
8. उच्च अधिकारियों की आज्ञा बिना वह विभागीय नक्शों को कक्ष से बाहर ले जाने की आज्ञा नहीं देगा न ही बाहरी व्यक्तियों को नक्शे दिखायेगा ।
9. नक्शानवीश कक्ष के संबंध में अन्य प्रशासनिक विवरणों, अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार भी वही करेगा ।
10. विभिन्न प्रकार के नक्शे तैयार कराने के अलावा वह उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य भी करेगा ।
11. समय समय पर फिल्ड में अथवा किसी विशिष्ठ विभागीय कार्यो के तहत स्थानों; किसी मशीन अथवा सामग्री की डिजाईन बनाने के लिये सक्षम कर्मचारी को बाहर भी भेजनें की व्यवस्था करना ।
12. कक्ष की सामग्री, फेरोप्रिन्टिंग मशीन अमोनिया रसायन व अन्य उपकरणों की उचित देखभाल हेतु समय समय पर कर्मचारियों को निर्देश देगा ।

सिनियर ड्राफट्समैन :

1. नक्शानवीस कक्ष के कार्यो के संचालन में मदद करेगा ।
2. वह इस बात के लिये जिम्मेदार होगा कि नक्शे प्रिन्टिंग आदि समय पर तैयार हो ।
3. नक्शे तैयार करने में उचित माप पैमाने, तकनीकी आधारों, जगहों के नाम आदि के लिये उचित मापदण्ड निर्धारित करेगा ।
4. वह नक्शानवीश कक्ष में सामग्री की व्यवस्था समय पर करेगा जिसकी दैनिक कार्यो में आवश्यकता रहती है ।
5. जो नक्शे तैयार हो रहे है, उनका निरीक्षण करेगा ।
6. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त नक्शों के नमूने तैयार नक्शों प्रेषण अवलोकन तथा रखरखाव का भी वह ध्यान रखेगा । इस संबंध में वह अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देगा ।

7. टोपोशीट आदि जो अति गोपनीय तथा महत्वपूर्ण नक्शे हैं, उन्हें उच्च अधिकारियों से प्राप्त कर समय पर उन्हें जमा कराना, उनकी सुरक्षा करना आदि नियमों का अधीनस्थ कर्मचायिों से कठोरता से पालन करा देगा ।

8. उच्च अधिकारियों की आज्ञा बिना वह नक्शे को कक्ष से बाहर ले जाने की आज्ञा नहीं देगा ना ही व्यक्तियों को नक्शे दिखायेगा ।

9. नक्शानवीनीकरण के संबंध में अन्य प्रशासनिक विवरणें अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार भी वही करेगा ।

10. विभिन्न प्रकार के नक्शे तैयार कराने के अलावा वह उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य भी करेगा ।

11. समय समय पर फिल्ड में अथवा किसी विशिष्ठ विभागीय कार्यो के तहत स्थानों के अंकन किसी मशीन अथवा सामग्री की डिजाईन बनाने के लिये वह सक्षम कर्मचारी को बाहर भेजने की व्यवस्था करेगा ।

12 कक्ष की सामग्री, फेरोप्रिंटिंग मशीन, अमोनिया रसायन व अन्य उपकरणों की उचित देखभाग हेतु अधीनस्थ कर्मचारियों को समय समय पर निर्देश देता रहेगा ।

ड्राफ्टसमैन :

1. विभाग के जिन संभागों में हेड ड्राफ्टसमेन सीनियर ड्राफ्टसमेन नहीं है वहाँ स्थित नक्शानवीस का संचालन ड्राफ्टसमेन करेगा ।

2. वह इस बात के लिये जिम्मेदार होगा कि कक्ष में समय समय पर नक्शे व प्रिन्ट्स तैयार हो ।

3. उचित माप पैमाने व तकनीकी आधार पर तथा नक्शों में अंकित जगहों आदि के लिये उचित मापदण्ड वही निर्धारित करेगा ।

4. वह नक्शानवीस कक्ष के उस सामग्री की व्यवस्था समय पर करेगा जिसकी आवश्यकता दैनिक कार्यो में रहती है ।

5. कक्ष में वह स्वयं नक्शे तैयार करेगा अथवा अपने निरीक्षण में नक्शे तैयार करा देगा ।

6. उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त नक्शों के नमूनों तथा तैयार नक्शों के प्रेषण अवलोकन तथा रखरखाव का भी वह ध्यान रखेगा । इस संबंध में वह अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देगा ।

7. टोपोशीट आदि जो अति-गोपनीय तथा महत्वपूर्ण नक्शे हैं उन्हें उचच अधिकारियों से प्राप्त कर समय पर उन्हें जमा कराना, उनकी सुरक्षा करना आदि नियमों का अधीनस्थ कर्मचारियों से कठोरता पालन करा देगा ।

8. उच्च अधिकारियां की आज्ञा बिना वह नक्शों को कक्ष से बाहर ले जाने की आज्ञा नहीं देगा । न ही वह बाहरी व्यक्तियों को विभागीय नक्शे दिखावेगा ।

9. नक्शानवीस कक्ष के संबंध में अन्य प्रशासनिक विवरणों, अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार भी वही करेगा ।

10. विभिन्न प्रकार के नक्शे तैयार कराने के अलावा वह उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य भी करेगा ।

11. समय समय पर फिल्ड में अथवा किसी विशिष्ठ विभागीय कार्यो के तहत स्थानों के अंकन,किसी मशीन अथवा सामग्री की डिजाईन बनाने के लिये दक्ष कर्मचारी को बाहर भेजनें की भी व्यवस्था करेगा या स्वयं जायेगा ।

12 कक्ष की सामग्री, फेरोप्रिन्टिंग मशीन अमोनिया रसायन व अन्य उपकरणों की उचित देखभाल हेतु अधीनस्थ कर्मचारियों को समय समय पर निर्देश देता रहेगा ।

13 वह कक्ष में खपत होने वाली सामग्री का ब्यौरा भी रखेगा ।

(4) ट्रेसर

1. नक्शानवीस कक्ष में ट्रेसर प्रमुख रूप से नक्शे अथवा अन्य डिजाईनों को हेल्प करेगा ।
2. ट्रेस करने के कार्यो के संबंध में वह ड्राफ्टसमैन के निर्देश में कार्य करेगा ।
3. वह ट्रेसिंग हेतु आये नक्शों को सम्भाल कर रखेगा ।
4. ट्रेसिंग करने अथवा लोकेशन आदि लिखने में होने वाली गल्तियों को सुधारने में ड्राफ्ट्समेन की सहायता ले सकता है ।
5. ट्रेस संबंधी सामग्री की आवश्यकता हेतु वह प्रक्रिया पत्र ड्राफ्ट्समेन को समय पर देगा ताकि कार्य न रूके ।
6. दैनिक कार्यो मं आने वाली सामग्री का ध्यान-रखेगा ।
7. वह ड्राफ्टसमेन के अतिरिक्त उच्च अधिकारियों के निर्देशन में भी कार्य करेगा ।

(5) फैरो प्रिन्टर :

1. नक्शानवीस कक्ष में फेराप्रिन्टर का प्रमुख कार्य तैयार नक्शों की प्रतियां तैयार करना।

2. वह इस सम्बन्ध में ड्राफ्ट्समेन के निर्देशक में दिये गये नक्शे की प्रतियां फेरोप्रिन्टिंग मशीन से निकालेगा ।

3. वह प्रतियां हेतु नक्शे की प्रदायगी सम्भाल कर रखेगा ।
4. वह यह ध्यान रखेगा कि "प्रिन्ट" धुन्धले न हो तथा नक्शे फटे नहीं तथा कागज की कटिंग व फोल्डिंग उचित ढंग से हो ।
5. वह अमोनिया रसायन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करेगा ।
6. वह अमोनिया रसायन तथा फेरो प्रिंटिंग मशीन का पूरा पूरा ध्यान रखेगा ।
7. वह अमोनिया समाप्त होने पर उसकी उपलब्धि हेतु ड्राफ्ट्समेन को लिखित में देगा अथवा मौखिक में आवेदन करेगा ।

8. वह यह ध्यान रखेगा कि फेरोप्रिन्टिंग मशीन ठीक हालत में उपलब्ध रहे ताकि प्रतियां तैयार करने में विलम्ब ना हो । मशीन की मरम्मत व अमोनिया रसायन की खराबी के बाद में ड्राफ़्टसमेन को बतायेगा ।

9. अतिरिक्त प्रतियां को सम्भालकर रखेगा तथा सामग्री की खपत और प्रतियों के सम्बन्ध में रजिस्टर में ब्यौरा रखेगा ।

10. ड्राफ्टसमेन के अतिरिक्त उच्च अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य भी करेगा ।

इन्स्ट्रूमेन्ट फोरमैन :

1. भू भौतिक प्रयोगशाला में आने वाले विभिन्न प्रकार के भू भौतिकी उपकरण, रसायनिक प्रयोगशाला के उपकरण एवम् विभिन्न विभागीय इलेक्ट्रिक एवम् इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का मरम्मत करना ।

2. वर्ष में दो बार सभी सम्भागीय प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का रख रखाव करना तत्पश्चात् एक सप्ताह में निरीक्षणों के प्रतिवेदनों को वरिष्ठ भूभौतिकविद् को सूचित करना ।

3. भू भौतिक प्रयोगशाला में मरम्मत हेतु आये गये विभिन्न इलेक्ट्रिक एवम् इलेक्ट्रोनिक उपकरणों में अगर सामान बदलना हो तो उसकी व्यवस्था करना ।

4. भूभौतिक प्रयोगशाला के भण्डार का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करना ।

5. विभिन्न उपकरणों की मरम्मत के पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यक्षेत्र में जाकर उन्हें परीक्षित करना ।

6. भू-भौतिक प्रयोगशाला के कार्य को प्रतिमाह वरिष्ठ भू भौतिकविद् को सूचित करना ।

7. उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना ।

इन्स्ट्रूमेन्ट तकनीशियन :

1. भू भौतिक प्रयोगशाला में आने वाले विभिन्न भू भौतिक उपकरण, रसायन उपकरण एवम् विभिन्न विभागीय इलेक्ट्रिक एवम् इलेक्ट्रोनिकी उपकरणों की मरम्मत करना ।
2. निश्चित समय के पश्चात् भू भौतिक एवं रसायनिक उपकरणों का रख रखाव करना ।
3. उपकरणों की मरम्मत हेतु अगर सामान बदलना हो तो उसकी व्यवस्था हेतु इन्स्ट्रूमेन्ट फोरमेन को सूचित करना ।
4. विभिन्न इलेक्ट्रिक एवम् इलेक्ट्रोनिकी उपकरणों की मरम्मत के पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यक्षेत्र में जाकर परिक्षित करना ।
5. प्रयोगशाला में उपलब्ध टेस्टिंग उपकरणों का रख रखाव करना ।
6. उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना ।

तकनीकी सहायक (भू भौतिकी) :

कार्य व कार्यकारी :

1. कनिष्ठ भू भौतिकीविद् के अधीन भूभौतिकी टीम के अंग बन कर कार्य करना अथवा कनिष्ठ भू भौतिकीविद् की अनुपस्थिति में पूर्ण कार्यभार सम्भालना ।

2. यह सुनिश्चित करना कि सूची व निर्धारित कार्यक्रमानुसार समय पर भू भौतिकीय यंत्र एवं अन्य सामानों की चेक लिस्ट (सूची) से जांच कर कार्य स्थल के लिये प्रस्थान होना ।

3. यह सुनिश्चित करना कि कार्यक्षेत्रों का निर्धारित समय में अनुसूची के अनुसार कार्य पूर्ण हो ।

4. उच्च अधिकारी द्वारा दिया गया भू भौतिकी सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ।

5. मुख्यालय में स्थापित भू भौतिकीय शाखा को अपनी सभी गतिविधियों की माहवारी सूचना भेजना ।

6. भू भौतिकीय यंत्रों का समय समय पर रख रखाव करना ।

7. 7. वर्ष में किये गये कार्य का अन्तरिम रिपोर्ट वरिष्ठ भू भौतिकीविद् को वर्ष समाप्त होने के एक माह के अन्दर प्रस्तुत करना ।

8. संकलित आंकड़ो का रख रखाव सही ढंग से क्रियान्वित करना । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मांगी गई सूचनाएं समय समय पर प्रस्तुत करना ।

कार्यक्षेत्र :

वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निश्चित वर्ष का कार्य कार्यक्षेत्र में रहकर कम से कम 100 दिनों में पूर्ण करना तथा शेष दिनों में संग्रहित ऑकड़ों का विश्लेषण का कार्य करना ।

उपलब्धियॉ :

संभाग (डिवीजन कार्यालय) में दिये गये भू भौतिकीय सर्वेक्षण की वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार समय पर पूर्ण करना । जिस संभाग में भू-भौतिकीय लोगिंग कार्य करना हो, वहां के वरिष्ठ अधिकारी को भू-भौतिकीय लोगिंग में सहायता करना ।

फील्डमेन (क्षेत्रपाल) :

1. वह सर्वेक्षण क्षेत्र के मुखिया को क्षेत्र मे जाने से पहले सम्पर्क करेगा व उनके निर्देशानुसार भण्डार से सामग्री एकत्र करेगा ।

2. वह सर्वेक्षण क्षेत्र में पहुँचने पर क्षेत्रीय कार्यारम्भ हेतु आवश्यक सामग्री एवम् सर्वेक्षण किये जाने वाले कूपों को क्रमवार सूची तैयार करेगा ।

3. कुओं के जल नमूनों व क्षेत्र के पत्थर के नमूनों का निर्देशानुसार एकत्रीकरण करना व उनको सूचीबद्ध कर निशान अंकित करना ।

4. वह जल के नमूनों को रसायनशाला में जमा कराने की कार्यवाही में सहायता करेगा ।

5. वह समय - समय पर तहसीलों, पचायत समितियों, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग एवं मौसम विभाग इत्यादि से आंकड़ों को एकत्रित करेगा ।

6. पार्टी के मुखिया द्वारा बताये गये सभी क्षेत्रीय कार्यो को सम्पादित करेगा ।

वरिष्ठ लेखाधिकारी

राजस्थान लेखा सेवा से संबंधित है तथा सामान्य वित्तीय एवम् लेखा नियम के अन्तर्गत कार्य करते हैं ।

सहायक लेखाधिकारी

अधीनस्थ लेखा सेवा से संबंधित है तथा सामान्य वित्तीय एवम् लेखा नियम के अनतर्गत कार्य करते हैं ।

लेखाकार

अधीनस्थ लेखा सेवा से संबंधित है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अन्तर्गत कार्य करते हैं ।

कनिष्ठ लेखाकार

अधीनस्थ लेखा सेवा से संबंधित है तथा सामान्य वित्तीय एवम् लेखा नियम के अनतर्गत कार्य करते हैं ।

स्टोर वेरीफायर :

विभागीय स्टोर वेरीफायर भण्डार सामग्री का सत्यापन करते हैं । सामान्य वित्त एवं लेखा नियमों के नियम 269 के अनुसार इस विभाग के सभी कार्यालय के समस्त भण्डारों का भौतिक सत्यापन प्रति वर्ष अनिवार्य रूप से किया जाता है ।

स्टोर वेरिफायर भौतिक सत्यापन करते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे :-

1. जिस कार्यालय का भौतिक सत्यापन किया जाये उसके कार्यालयाध्यक्ष का नाम उनका कार्यकाल अवधि प्रतिवेदन में लिखा जाये ।

2. जिस कार्यालय का भौतिक सत्यापन किया जाये उसके भण्डारपाल का नाम उसका कार्यकाल अवधि प्रतिवेदन में लिखी जावे ।

3. भण्डार संबधी असाधारण कमी/बेसी/गबन/आदि के प्रकरणों के ध्यान में आते ही तुरन्त निम्नहस्ताक्षरकर्ता को विशेष रूप से सुचित करे ।

4. अकार्यशील, अनावश्यक, अप्रचलित, अनुपयोगी घोषित की गई वस्तुओं की सूचियां अलग अलग सा0वि0लेखा नियम 42, 276 एवं परिशिष्ठ 19 के अनुसार उपाबन्ध "क" में संधारित करने हेतु निर्देश दिये जाने आवश्यक है ।

5. भण्डार सत्यापन चाहे स्थाई सम्पत्ति का हो या भण्डार का उसकी सूचना विभागीय मैन्यूअल के प्रपत्र जी0 डब्ल्यू0 डी0 34 में या उसी प्रपत्र में निर्धारित कॉलम में भेजी जाये ।

6. खपत योग्य सामान जो एक वर्ष से अधिक समय से भण्डार में ही हो की सूची एवं निस्तारण हेतु विस्तृत टिप्पणी प्रतिवेदन में भिजवानी चाहिये ।

7. भण्डार हेतु पर्याप्त स्थान, पूर्ण सुरक्षा के उपाय / आग / बरसात / चूहे / दीमक इत्यादि से बचाव का उल्लेख किया जाये ।

8. स्थाई सामान जो ऋण रूप में दिया गया है, उसकी सूची अलग से बनाई जानी चाहिये ।

9. भौतिक सत्यापन सम्बन्धी प्रमाणपत्र प्रत्येक सत्यापनकर्ता अधिकारी व कार्यालय प्रमुख द्वारा परिणामों एवम् उक्त सूचना के साथ निर्धारित विभागीय प्रमाणपत्र मे प्रतिवेदन के साथ भेजा जाय ।

विभाग में निम्न पदों के वही कार्य है जो राजस्थान सरकार के अधीनस्थ अन्य राजकीय विभागों में विस्थापित पदों के कार्य हैं । ये पद राजस्थान मन्त्रालयिक सेवा के अन्तर्गत आते है तथा उनमें इनके कार्यकलाप वर्णित हैं ।

(अ)

1. कार्यालय अधीक्षक (दो पद)
2. वरिष्ठ निजी सहायक
3. निजी सहायक
4. शीघ्र लिपिक
5. कार्यालय सहायक
6. वरिष्ठ लिपिक
7. कनिष्ठ लिपिक

(ब) **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग :**

1. जमादार
2. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

विधि सहायक :

यह पद विभाग में विधि विभाग से भेजे जाने वाले विधि सहायक से भरा जाता है ।

कार्य :

1. विभाग से संबंधित वादों की सूची तैयार करना ।
2. न्यायालयों द्वारा समय समय पर दिये गये आदेशों का पालना करवाना ।
3. विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों की पैरवी हेतु प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति उच्चाधिकारियां के निर्देश अनुसार करवाना ।
4. न्यायालय में चल रहे सभी वादों परिवादों के अभिलेखों व विषय सामग्री का संधारण करना ।
5. वादों के संबंध में राज्य सरकार के पक्ष को प्रस्तुत करने एवं राज्य सरकार से वादे के संबंध में पत्र व्यवहार उच्च अधिकारियों के निर्देशन में करना ।
6. मुख्य अभियन्ता के आदेशों की पालना करना ।

सूचना सहायक :

यह पद विभागीय अधीनस्थ सेवा का है ।

कार्य :

1. विभागीय उपलब्धियों के प्रेस नोट तैयार करना व उच्च अधिकारियों के मार्ग दर्शन मे उनका प्रकाशन करवाना ।
2. विभाग से संबंधित समाचार की कटिंग करना व उन्हें मुख्य अभियन्ता महोदय को प्रस्तुत करना ।
3. विभाग से संबंधित प्रदर्शनियों में भाग लेना ।
4. जिला जन संपर्क अधिकारी व निदेशक, जन सम्पर्क विभाग से उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में पत्र व्यवहार करना ।
5. विभाग से संबंधित प्रकाशनों में सहयोग करना ।
6. विभागीय प्रगति के प्रकाशन, विधान सभा में उठाये गये विभाग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार करवाने में उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करना
7. प्रदत्त समाचार पत्रों के रख-रखाव एव उनकी रद्दी उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बेचान की व्यवस्था करना।

कनिष्ठ अभियन्ता / अधिदर्शक / सर्वेयर पदों की सामान्य ड्यूटी :

1. विविल निर्माण कार्यो के तकमीना, ड्राइंग बनाना । सभी प्रकार के रिपेयर (मरम्मत) कार्यो के तकमीना तैयार करना ।

2. निर्माण कार्यो को ड्राइंग एव उचित तकनीकी मानदण्डों के अनुरूप करवाना ।

3. निर्माण कार्यो का नाप पुस्तिका मे समय समय पर नाप लेकर इन्द्राज करना तथा कार्यो का अन्तिम सम्पूर्ण नाप ठेकेदार या उसके अधिकृत वयक्ति के सामने नाप लेना, नाप पुस्ता मे उसके हस्ताक्षर स्वीकृति हेतु लेना ।

4. निर्माण कार्यो के दौरान रनिंग बिल तैयार कर कार्यालय में उचित अधिकारी के माध्यम से देना ।

5. उसके क्षेत्र में स्थित सरकारी भवनो एवं अन्य निर्माण कार्यो का समय समय निरीक्षण कर उसकी सूचना उच्च अधिकारी को देना । मरम्मत इत्यादि की आवश्यकता से अवगत कराना ।

6. विभागीय तौर पर सम्पन्न कराने हेतु निर्माण कार्यो के लिये सामग्री औजार एवं अन्य आवश्यकताओं का लिखित मे इन्डेंट दना तथा निर्माण स्थल पर सरकारी सामान का रखरखाव तथा हिसाब रखना ।

7. निर्माण कार्यो पर लगे मजदूरों से उचित कार्य करवाना तथा प्रगति का हिसाब एवं मजदूरी से सामंजस्य रखना । कार्य के जानकार एवं अन्य प्रकार के सादे व मजदूरों से उनकी योग्यतानुसार कार्य करवाना ।
रोज मजदूरों की हाजरी मेट मिस्त्री की मदद से लेना । मस्टर-रोल भर उच्च अधिकारी को देना, पेमेन्ट प्राप्त कर मजदूरों को भुगतान करना ।

8. सभी प्रकार के सर्वे लेबल, प्लेन टेबल, प्रिजमेटीक कम्पास, येडोलाईट, प्लेनोमीटर, सेक्सटेंट एवं अन्य सर्वे कार्या के उपयोग की सामग्री का प्रयोग करना ।

9. अग्रिम राशि का हिसाब पेश करना, दैनिक कार्य की डायरी भरना, कार्य से संबंधित खर्चे का हिसाब रखना इत्यादि ।

10. मुख्यालय एवं अन्य विभागीय कार्यालयों के रखरखाव संबंधी कार्य अधिकारियों के निर्देशानुसार करवाना ।

योजना शाखा में सांख्यिकी सेवा के पदस्थापित पदों से संबंधित कार्यकलापों का विवरण

(1) सहायक निदेशक (सांख्यिकी) :

1. विभाग की वार्षिक योजना के प्रस्ताव तैयार करना तथा उनसे सम्बन्धित बैठकों मे विभागीय उच्च अधिकारियों को सहायता करना ।

2. विभाग की पंचवर्षीय योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करना तथा संबंधित बैठकों में विभागीय उच्च अधिकारियों को सहायता करना ।

3. वार्षिक योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न पदों के अन्तर्गत व्यय तथा प्रगति की त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करना तथा समीक्षा बैठकों में विभागीय उच्च अधिकारियों को सहायता करना ।

4. विभाग की वेधन व विस्फोटकीय तथा पम्प इकाइयों की मासिक प्रगति प्रतिवेदनों का विश्लेषण करना तथा प्रगति का संकलन व परिवीक्षा करना ।

5. जनजाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, विशिष्ठ योजना संगठन द्वारा प्रवर्तित कूप ब्लास्टिग/बोरिंग कार्य संबन्धी वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजनाएं तैयार करना ।

6. विभागीय राज्य योजना का जिला योजनाओं मे विभक्त कर प्रभारी अधिकारी (विभागीय जिला अधिकारी) एवं मुख्य आयोजना अधिकारी को प्रसारित करना ।

7. विभाग की नवीन योजनाओ के प्रस्ताव करने में उच्चाधिकारियां को सहायता करना अधीक्षण अभियन्ता (मुख्यालय) तथा अधिशाषी अभियन्ता (योजना) द्वारा निर्देशित विविध कार्या का संपादन करना ।

8. सांख्यिकी सहायक, योजना सहायक तथा संगणक के कार्य का पर्यवेक्षण करना तथा उनको कार्य सम्पादित करने हेतु मार्ग दर्शन कर प्रदान करना ।

(2) सांख्यिकी सहायक :

1. वृतों एव खण्डों से प्राप्त मासिक वेधन व पम्प इकाईयों की प्रगति प्रतिवेदनों की जॉच एवं विभाग स्तर पर संकलित करना ।

2. विभागीय वेधन व पम्प इकाइयों की मासिक प्रगति तैयार करना, राज्य सरकार व विभाग के विभिन्न कार्यालयों को भेजने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना ।

3. जिला योजनाएं तैयार करना एवं उनकी समीक्षा में सहायता करना ।

4. मासिक प्रगति प्रतिवेदनों की प्राप्ति हेतु व इनसे सम्बन्धित पत्र व्यवहार करना ।

5. प्रगति संबंधी इकाईबार रजिस्टर मे मासिक विवरण संबंधी सूचना संधारित करना ।

6. खण्डों व वृतों से प्राप्त होने वाली इकाईयों की प्रगति की जांच व मोनिटरिंग करना तथा मूल्यांकन करने में सहायता करना ।

7. नलकूपों की जिलेवार, इकाईवार रजिस्टर में विस्तृत सूचना संधारित करना ।

8. खोदे गये नलकूपों से सम्भावित क्षेत्र सिंचित संबंधी त्रैमासिक सूचना तैयार कर मुख्य अभियन्ता सिंचाई विभाग को प्रेषित करना ।

यान्त्रिक ग्रेड - I / ग्रेड - II :-

1. मशीनरी की खराबियों को दूर करने हेतु सुधार (मरम्मत) कार्य के सुझाव अपने से उचच अधिकारी को प्रस्तुत करना ।

2. उच्च अधिकारी द्वारा सुझाव/प्रस्ताव स्वीकृत करने पर संबंधित मशीनरी की खराबियाँ दूर करने हेतु खराब कल-पुर्जे बदलने हेतु आवश्यक सुधार कार्य करना ।

3. सुधार / मरम्मत कार्य पूर्ण दक्षता एवं मितव्ययता के साथ करना ।

4. मशीनरी की खराबियो को दूर करने हेतु कल-पुर्जो के स्थान पर नए कल-पुर्जो की फिटिंग करना ।

यांत्रिक अपना मरम्मत कार्य निष्पादित करते समय निम्न आतों का ध्यान रखेंगे तथा अपने दायित्व के लिये उत्तरदायी होगें :-

अ. मरम्मत काय्र शीघ्र पूर्ण करेंगे ताकि आवश्यक अकार्यशील दिवसों की संख्या नहीं बढ़े ।

ब. मरम्मत कार्य से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेखों का संधारण करेंगे ।

स मरम्मत के दौरान जहाँ आवश्यक हो वहाँ ही कल-पुर्जे बदलेंगे ।

द मरम्मत कार्य पूर्ण विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता के साथ करेंगे ।

क. लापरवाही एवं असावधानी से किए गए कार्य के लिये पूर्ण जिम्मेदार होंगे ।

ख विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिये जिम्मेदार होंगे ।

ग. कल पुर्जो का दुरूपयोग, गायब होने अथवा गबन होने पर यांत्रिक की पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।

घ मरम्मत कार्य में अपने सहकर्मी के साथ मधुर सम्बन्ध कायम रखते हुए मरम्मत कार्यो में उनका सम्पूर्ण सहयोग करना / प्राप्त करना ।

च. जिस इकाई पर नियुक्त किया गया हो उसके साथ कार्य क्षेत्र में उपस्थित रहना एवं उस इकाई की मशीनरी की समयावधि के अनुसार सार-सम्भाल एवं संधारण करना ।

छ अपने अधिनस्थ कर्मचारियों पर उचित प्रशासन बनाए रखना ।

ज. मरम्मत/सुधार कार्य में निर्धारित मापदण्ड अनुसार सामग्री का उपयोग करना, उल्लंघन के लिये वे पूर्ण उत्तरदायी होंगे ।

झ. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर मरम्मत काय्र करना ।

ट. मरम्मत कार्य करते समय सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करेंगे ।

ठ. समय समय पर प्रदत्त कार्य पूर्ण कार्यक्षमता के साथ उपराक्त नियमों का पालन करते हुए शीर्घतिशीघ्र सम्पादित करेंगे ।

इलेक्ट्रिशियन (विद्युतकार) :

1. समय समय पर मशीन/वाहन तथा अन्य यन्त्रों पर उपयोग में आने वाले विद्युत कल-पुर्जो एवे सामग्री में होने वाली खराबियों को सुधारने का कार्य पूर्णक्षमता एवे मित्तव्ययता के साथ करेंगे ।

2. आवश्यक होने पर अनुपयोगी पार्टस् के स्थान पर नए पार्टस फिट करने में अपने ज्ञान का पूर्ण उपयोग करेंगे ।

3. विद्युत संबंधी खराबियों की जानकारी अपने उच्चाधिकारी को सुधार प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करेंगे तथा निर्देशानुसार सुधार कार्य शीघ्र निष्पादित करेंगे ।

4. विभागीय वर्दी पहन कर कार्य सपाद्रित करेंगे ।

5. कल-पुर्जे गायब न होने पावे, उनका दुरूपयोग न होवें तथा गबन न हो सके , इसकी पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।

6. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिये जिम्मेदार होंगे ।

7. मरम्मत कार्य शीघ्रातिशीघ्र सम्पादित करेंगे ताकि अनावश्यक अकार्यशील दिवसों की संख्या न बढ़े ।

8. मशीनरी में विद्युत सम्बन्धी खराबियां दूर करने हेतु कल-पुर्जे खोल कर साफ-सफाई के पश्चात् आवश्यक होने पर ही नये कल-पुर्जे फिट करना ।

9. मरम्मत/सुधार कार्य पूर्ण विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता के साथ करेंगे ।

10. मरम्मत /सुधार कार्य में खराब कल पुर्जो को यथा संभव ठीक करेंगे तथा आवश्यक होने पर ही नये लगायेंगे ।

11. लापरवाही एवं असावधानी से किए गए कार्य के किलये पूर्ण जिम्मेदार होंगे अर्थात् सुरक्षा नियमों का पूणै रूपेन पालन करेंगे ।

12. मरम्मत/सुधार कार्य से संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।

13. उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त समस्त कार्य शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण करेंगे ।

14. सहकर्मियो के साथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।

15. अपने अधिनस्थ कर्मचारी पर उचित प्रशासन बनाए रखेंगे ।

मशीनमैन / टर्नर :

लेथ मशीन पर समस्त कार्य पूर्ण क्षमता, दक्षता एवं मित्तव्ययता के साथ निष्पादित करेंगे । इसके साथ ही निम्न बातों का भी ध्यान रखेंगे :-

1. लेथ मशीन के रख-रखाव एवं संधारण का कार्य करेंगे तथा उसमें उपयोग में आले वाले पार्टस औजार तथा उपकरणों का रख रखाव करेंगे ।
2. मशीन पर कार्य पूर्ण विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता के साथ करेंगे ।
3. लेथ मशीन को पूर्ण उपयोग में लेंगे तथा अकार्यदिवसों की संख्या न बढ़ने पावे इसके लिये जिम्मेदार होंगे ।
4. मशीन पर लापरवाही अथवा असावधानी से किए गए कार्य के लिये पूर्ण जिम्मेवार होंगे ।
5. विभाग द्वारा निधारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पसदित करेंगे ।
6. साधन तथा सामग्री आदि का दुरूपयोग न हो, गबन न होने पावे, इसकी पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।
7. मशीन पर कार्य में सहयोगी कर्मचारी के साथ मधुर संबंध बनाए रखेंगे ।
8. अधीनस्थ कर्मचारी पर उचित प्रशासन बनाए रखेंगे ।
9. मशीन कार्य से संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
10. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर कार्य करेंगे ।

कारपेन्टर :

मशीनों पर लकड़ी सम्बन्धी समस्त मरम्मत एवं सुधार कार्य पूर्ण दक्षता क्षमता एवं मित्तव्यवता के साथ करेंगे तथा इसके साथ निम्न बातों का ध्यान रखेंगे -

1. विभाग में उपयोग में आने वाली समस्त मशीनों / वहानों में लकड़ी संबंधी मरम्मत कार्य अथवा सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या न बढ़ पाये ।
2. कार्य के समय विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।
3. लकड़ी के कार्य में आने वाले समस्त साधन, कल पुर्जे तथा औजारों का उपयोग एवं सही संधारण करेंगे तथा उनके सही रख-रखाव का ध्यान रखेंगे ।
4. अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।
5. अपने अधिनस्थ कर्मचारी पर उचित प्रशासन बनाए रखेंगे ।
6. मरम्मत/सुधार कार्य से संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
7. विभाग में उपयोग में आने वाले फर्नीचर तथा लकड़ी की समस्त प्रकार की सामग्री की मरम्मत/सुधार कार्य करेंगे तथा आवश्यक होने पर निर्देशानुसार नए बनाने का कार्य करेंगे ।
8. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य करेंगे ।
9. गलत, लापरवाही पूर्ण अथवा असावधानीवश किए गए कार्य के कारण होने वाली टूट-फूट के लिये जिम्मेदार होंगे
10. अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करेंगे ।
11. सुरक्षा नियमों का पूर्णतया पालन करेंगे ।

सहायक कारपेन्टर :

कारपेन्टर के कार्य नियमों के अन्तर्गत उसके कार्य निष्पादन में नियमानुसार पूर्ण सहयोग करेंगे ।

मिलर :

मिलिंग मशीन पर समस्त कार्य पूर्ण क्षमता, दक्षता एवं मितवयवता के साथ निष्पादित करेंगे :-

इसके अतिरिक्त निम्न बातों का भी ध्यान रखेंगे -

1. मिलिंग मशीन की समयान्तर्गत संधारण की पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।
2. मशीन पर कार्य पूर्ण विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता के साथ निष्पादित करने के प्रति जिम्मेदार होंगे ।
3. मशीन पर लापरवाही एवं असावधानी से कार्य नहीं करेंगे, ऐसा करने पर पूर्ण रूपेन स्वयं जिम्मेदार होंगे ।
4. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादन करने के प्रति जिम्मेदार होंगे ।
5. जो सामान, टूल तथा कल-पुर्जे कार्य हेतु उपयोग में लेंगे उनके दुरूपयोग अथवा लापरवाही से टूट-फूट होने पर पूर्णतया जिम्मेदार होंगे ।
6. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर कार्य करेंगे ।

सिलेण्डर बोरिंग, होनिंग आपरेटर (सी0 बी0 एच0 ओ0):

सिलेन्डर बोरिंग एवं होनिंग के समस्त कार्य पूर्णक्षमता एवं मितवययता के साथ निष्पादित करेंगे तथा अपने कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदार होंगे, जिसमें निम्न बातों का ध्यान रखेंगे :-

1. विभिन्न मशीनों के ईन्जन सिलेण्डर की बोरिंग एवं हानिंग कार्य के साथ वाल्व सीट कटिंग एवं वाल्व गाईड लगाने का कार्य भी करेंगे ।
2. उक्त कार्य में प्रयुक्त मशीनों का रख-रखाव एवं संधारण करेंगे ।
3. समस्त कार्य पूर्ण विश्वसनीयता एवु गुणवत्ता के साथ करेंगे ।
4. लापरवाही एवं असावधानी से किये गए कार्य तथा उसके प्रतिफल में हुई टूट-फूट इत्यादि लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने की जिम्मेदारी होगी ।
5. विभाग द्वारा निधारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करनें की जिम्मेदारी होगी ।
6. सहकर्मीयों के साथ मधुर संबंध रखेंगे ।

क्रेन्क ग्राइन्डर :

क्रेन्क ग्राइन्डिग पर समस्त कार्य पूर्ण-क्षमता, दक्षता एवं मितव्ययता के साथ निष्पादित करेंगे साथ ही निम्न बातों का भी ध्यान रखेंगे -

1. क्रेंक ग्राईन्डिंग मशीन के रख-रखाव एंव समयान्तर्गत संधारण के प्रति पूर्ण जिम्मेदार होंगे ।
2. क्रेंक ग्राईन्डिंग मशीन से पूर्णतया उपयोग लेंगे तथा अकार्यशील दिवस न होने पाये इसके लिये जिम्मेदार होंगे ।
3. विभागीय लक्ष्यों के अनुसार कार्य निष्पादित करेंगे ।
4. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर कार्य करेंगे ।
5. उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पूर्णतया पालन करेंगे ।
6. कार्य के संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
7. कार्यपूर्ण विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता के साथ करेंगे ।
8. सहकर्मियों के साथ मधुर सम्बन्ध बनाए रखेंगे ।
9. लापरवाही एवं असावधानी से कार्य करने पर होने वाली टूट-फूट इत्यादि के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

सैडलर :

विभाग की मशीनरी में सेडलर सम्बन्धी समस्त कार्य पूर्ण दक्षता एवं मितव्ययता के साथ करेंगे साथ ही निम्न बातों का भी ध्यान रखेंगे -

1. विभाग की मशीनरी में जहाँ सेडलर सम्बन्धी मरम्मत अथवा सुधार/निर्माण कार्य आवश्यक हो उसे समय पर पूर्ण करेंगे ।
2. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर कार्य करेंगे ।
3. अपने कार्य से संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
4. उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करेंगे ।
5. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादन करेंगे ।
6. मरम्मत/सुधार कार्य में काम आने वाले समस्त साधनों/ औजारों-उपकरणों व मशीनों का रख-रखाव तथा समय-समय पर संधारण करेंगे ।
7. सहकर्मियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखते हुए त्वरित गति से कार्य करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या न बढ़ने पावे ।

ब्लेक स्मिथ :

विभाग की मशीनरी/वाहनों एवं अन्य लौहारी से संबंधी समस्त कार्य का निष्पादन पूर्ण क्षमता, दक्षता एवं मितव्ययता के साथ करंगे तथा इसके साथ निम्न आतों का ध्यान रखेंगे -

1. विभाग की मशीनरी/वाहनों आदि में जहाँ लोहारी सम्बन्धी सुधार/ मरम्मत कार्य यथाशीघ्र समय पर पूर्ण करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या बढ़ने न पावे ।
2. कार्य के समय विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।
3. कार्य में आने वाले संबंधित अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
4. सहकर्मियों के साथ मधुर संबंध बनाए रखेंगे ।
5. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादित करेंगे ।
6. मरम्मत / सुधार कार्य मे काम आने वाले समस्त साधनों, औजारों तथा उपकरणों का रख-रखाव एव संधारण करेंगें ।
7. उच्चाधिकारियां के निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करेंगे ।
8. अधिनस्थ कर्मचारी पर उचित प्रशासन बनाए रखेंगे ।
9. जो सामान साधन तथा औजार कार्य में लेंगे, उनके दुरूपयोग अथवा लापरवाही से टू-ट-फूट होने पर पूर्णरूप से जिम्मेदार होंगे ।

सहायक ब्लैक स्मिथ :

ब्लैक स्मिथ के कार्य नियमों का पालन करते हुए ब्लैक स्मिथ के कार्य में पूर्ण सहयोग करते हुए कार्य निष्पादित करवाना ।

हैमरमेन :

सहायक ब्लैक स्मिथ एवं ब्लैक स्मिथ के कार्य नियमों के अन्तर्गत उन कार्य निष्पादन में पूर्ण सहयोग करेंगे ।

1. ब्लैक स्मिथ के कार्य में सहायक के रूप में कार्य करेंगे ।
2. ब्लैक स्मिथ कार्य में हेमर चलाने का कार्य करेंगे ।

पेन्टर :

विभाग की मशीनरी / वाहनों एवं अन्य पेंटिंग सम्बन्धी समस्त कार्य पुण क्षमता, दक्षता मितव्ययता के साथ करेंगे तथा इसके साथ निम्न आतों का ध्यान रखेंगे :-

1. विभागीय मशीनरी/वाहनों आदि मे जहॉ पेंनिटंग कार्य आवश्यक है उसे यथा शीघ्र समय पर पूर्ण करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या बढ़ने न पावें ।
2. कार्य के समय विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।
3. कार्य में आने वाले समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
4. अन्य सहयोगी कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।
5. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादित करेंगे ।
6. पेन्टिंग कार्य में काम आने वाले समस्त साधनों, टूल तथा उपकरणों का रख-रखाव एवं संधारण करेंगे ।
7. उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करेंगे ।
8. अपने अधिनस्थ कर्मचारी पर उचित प्रशासन बनाए रखेंगे ।
9. जो सामान, साधन तथा औजार कार्य हेतु उपयोग में लेंगे उनके दुरूपयोग अथवा लापरवाही से टूट-फूट हेतु पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे ।
10. पेन्टिंग कार्य में खपत सामग्री निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ही उपयोग में लेने का दायित्व निभायेंगे ।

ओपरेटर सर्विस लिफ्टः-

विभाग की मशीनरी/वाहनों तथा अन्य उपकरणों के सर्विस सम्बन्धी कार्य पूर्ण क्षमता, दक्षता एव मितव्ययता के साथ करेंगे तथा इसके साथ निम्न बातों का ध्यान रखेंगे :-

1. विभाग की मशीनरी/वाहनों आदि में जहॉ भी सर्विसिंग सम्बन्धी कार्य यथाशीघ्र समय पर पूर्ण करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या बढ़ने न पावे ।
2. कार्य के समय मे विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।
3. कार्य में आने वाले संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
4. अन्य सहकर्मियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।
5. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादित करेंगे ।
6. सर्विसिंग कार्य में काम आने वाले समस्त साधनों, औजारों तथा उपकरणों का रख-रखाव एवं संधारण करेंगे ।
7. उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे ।
8. अपने अधिनस्थ कर्मचारियों पर उचित प्रशासन बनाये रखेंगे ।
9. सर्विसिंग कार्य मं खपत सामग्री निर्धारित मापदण्डों के अन्तर्गत खर्चा करने का दायित्व निभायेंगे

10. जो सामान, साधन तथा औजार कार्य हेतु उपयोग में लेंगे उनके दुरूपयोग अथवा लापरवाही से टूट-फूट होने पर पूर्ण रूपेण जिम्मेदार होंगे ।

फीटर, हेल्पर, क्लीनर :

1 मशीनरी के मरम्मत कार्य में यांत्रिक को पूर्ण सहयोग करना ।

2. कार्यशाला/कार्य स्थलों पर मशीनरी की साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखना तथा समयावधि संधारण में यान्त्रिक को सहयोग करना ।

3. मरम्मत अथवा सुधार कार्य में खराब कल-पुर्जो की धुलाई, रख रखाव तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने लेजाने का कार्य निस्पादन करेंगे ।

4. समय पर सुधार/मरम्मत कार्य पूर्ण करवाने में यान्त्रिक को पूर्ण सहयोग करेंगे तथा विलम्ब से कार्य होनें पर यान्त्रिक के साथ जिम्मेदारी से जुड़े होंगे ।

5. मरम्मत/सुधार कार्य में सहयोग साथियों से मधुर संबंध बनाए रखेंगे तथा अपने से उच्च कर्मचारी के निर्देशों का पूर्णतया पालन करेंगे ।

6. मरम्मत एवम् सुधार कार्य में लापरवाही बरतने एव असावधानी के कारण होने वाले नुकसान के लिये जिम्मेदार होंगे ।

7. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवम् लक्ष्यों की पूर्ति के अनुसार कार्य करेंगे ।

8. मरम्मत एवम् सुधर कार्य मे यान्त्रिक के साथ पूर्ण विश्वसनियता एवम् गुणवत्ता के साथ कार्य करेंगे ।

9. यान्त्रिक को कार्य नियमां के अनुसार पूर्ण सहयोग करेंगे ।

10. विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी पहन कर मरम्मत / सुधार कार्य करेंगे ।

11. समय - समय पर मरम्मत / सुधार कार्य में यान्त्रिक द्वारा सौंपे गये कार्य को पूर्ण निष्ठा एवम् जिम्मेदारी से करते हुए सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाये रखेंगे ।

टिन स्मिथ :

विभाग की मशीनरी/वाहनों तथा अन्य उपकरणों में जहाँ टिन स्मिथ कार्य आवश्यक हो उस कार्य को पूर्ण क्षमता, दक्षता एवं मित्तव्ययता के साथ करेंगे तथा इसके साथ निम्न बातों का ध्यान रखेंगे :-

1. विभाग की मशीनरी / वाहनों तथा अन्य उपकरणों के टिन स्मिथी कार्य को यथाशीघ्र समय पर पूर्ण करेंगे ताकि अकार्यशील दिवसों की संख्या न बढ़ने पावें ।
2. कार्य के सयम विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।
3. कार्य में आने वाले संबंधित समस्त अभिलेखों का संधारण करेंगे ।
4. अन्य सहयोगी कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।
5. विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं खपत सामग्री मापदण्ड के अनुसार कार्य करेंगे ।
6. मरम्मत/सुधार कार्य में काम आने वाले समस्त साधनों एवं उपकरणों, औजारों का रख रखाव एंव संधारण करेंगे ।
7. जो सामान साधन तथा औजार कार्य हेतु उपयोग में लेंगे उनके दुरूपयोग अथवा लापरवाही से टूट-फूट होने पर पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगें ।

हैडमार्ड :

1. समय समय पर अपने उच्चाधिकारियों द्वारा प्रदत्त कार्य करना ।
2. अपने कार्य स्थल पर अपने अधिनस्थ चौकीदारों की कार्य की पूर्ण रूप से जॉच रखना ।
3. असावधानी व लापरवाही के कारण नुकसान होने पर इसके लिये जिम्मेदार होंगे ।
4. आज्ञा की अवहेलना करने पर होने वाले नुकसान के लिये जिम्मेदार होंगे ।
5. सामग्री का दुरूपयोग करने पर उसके जिम्मेदार होंगे ।
6. सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति बिना जिस कार्य स्थल पर वह नियुक्त है उसे नहीं छोड़ेंगे । सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति लिये बिना किसी भी अवकाश के सहारे यदि वह कार्य स्थल को छोड़ेंगे तो उसे जानबूझ कर अनुपस्थित रहना माना जावेगा ।
7. सहयोगी कर्मचारियों कसाथ मधुर संबंध बनाये रखेंगे ।
8. अपने अधिनस्थ चौकीदारों पर उचित प्रशासन बनाये रखेंगे ।
9. कार्य पर सदैव विभाग द्वारा निर्धारित वर्दी का उपयोग करेंगे ।

बाइण्डर :

1. विभाग द्वारा तैयार की गई रिपोर्टस् की बाइण्डिंग एवं पिनिंग का कार्य करेगा ।
2. बाईण्डिंग के काम आने वाले औजारों को ध्यान से रखेगा ।
3. जो सामग्री उसे दी गई है उसे सावधानी पूर्वक रखेगा व समय पर कार्य करके देगा ।
4. उच्च अधिकारियों के निर्देशन में बाईण्डिंग का कार्य करेगा ।
5. बिना पूर्व अनुमति के कार्यालय नहीं छोड़ेगा ।

मोची :

1. मुख्यतः मोची का कार्य केन्द्रीय कार्यशाला में रहता है, जहाँ वाहनों की सीटें सिलने, तैयार करने व अन्य मोटी सिलाई का कार्य वह करता है ।
2. समय समय पर अधिकारियों के निर्देश अनुसार कार्य करना ।
3. वाहनों के अन्दर पोशिश का कार्य करेगा ।

मैसन :

1. पूर्व में विभाग में मैसन के दो पद थे जो राज्य सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष से समाप्त कर दिये गये हैं ।

पम्प फौरमेन :

1. पम्प इकाई का संचालन करेगा ।
2. पम्प इकाई का संधारण एवम् मशीनों के रख रखाव तथा कलपुर्जे एवम् अन्य उपकरणों के संबंध में निर्णय लेगा ।
3. पम्प इकाईयों के भौतिक सत्यापन के प्रति दायित्व को निभायेगा ।
4. पम्प इकाईयों के कार्यो की जॉच एवम् देखरेख करेगा ।
5. पम्प इकाई पर लगे कर्मचारियों एवम् प्रभारियों जैसे पम्प मैकेनिक इत्यादि को कार्य करने संबंधी निर्देश देगा ।
6. पम्प इकाई द्वारा किये गये डवलपमेन्ट, फिटिंग कार्य, पम्प टेस्टिंग कार्य, पम्प इन्स्टालेशन जनरेटर का उपयोग एवम् अन्य कार्य जो पम्प इकाई से संबंधित है, सुचारू रूप से करवाने के संबंध में निर्देश देगा ।
7. अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार पम्प इकाई के संचालन एवम् अन्य कार्यक्रम, युनिट स्थानान्तरण, आपूर्ति मरम्मत आदि के कार्यो के संबंध में निर्णय लेगा व कार्य करवायेगा ।
8. प्रत्येक पम्प इकाई पर उपस्थित पंजिका की जॉच एवम् सत्यापन करेगा ।
9. मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रति माह का 5 तारीख तक भेजेगा । इसी प्रतिवेदन के साथ फ्यूल खपत का विवरण भी भेजेगा ।

10. पम्प इकाईयों का स्टॉक लेजर, मासिक कार्य पंजिका, मस्टर रोल, अन्य भण्डार संबंधी पंजिकाओं का संधारण करा कर प्रगति से उच्च अधिकारियों को सूचित करेगा ।

11. पम्प इकाईयों के जोड़ा रजिस्टर का संधारण करेगा ।

ट्रेक्टर ड्राइवर :

1. ब्लास्टिंग इकाइयों के उपयोग में आने वाले कम्प्रेशर को गन्तव्य स्थान पर ले जाने का कार्य करते हैं ।

2. ट्रेक्टर ड्राइवर वाहन के रख रखाव का पूर्ण ध्यान रखेगा ।

3. वाहन सावधानीपूर्वक अधिकारियों के निर्देश पर ले जायेगा ।

4. बिना इजाजत ट्रेक्टर वाहन को नहीं ले जायेगा ।

5. वाहन हेतु फ्यूल आपूर्ति मरम्मत आदि के लिये अग्रिम सूचना अपने प्रभारी को देगा ।

6. वाहन में ले जाये जा रहे उपकरण को सावधानी पूर्वक ले जायेगा व लायेगा ।

अ ष्ट म् अ ध्या य

अभिलेख

अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिये विभाग के मुख्यालय में एक रिकॉर्ड रूम अथवा अभिलेख कक्ष या अभिलेखागार अलग से, जहाँ विभागीय नियमानुसार पुराना अभिलेख सुरक्षित रखा जाता है । विभाग में इन अभिलेखों के रख-रखाव तथा व्यवस्था हेतु एक प्रशिक्षित कर्मचारी को रखा गया है राज्य में विभाग के विभिन्न सम्भागीय कार्यालयों में अलग से अभिलेख कक्षों की व्यवस्था है तथा मुख्यालय में एक अभिलेखागार अलग से है ।

जिला मैनुअल में इस संबंध में नियम दिये गये हैं । विभागीय कार्यालय प्रक्रिया पुस्तिका के अनुसार पत्रावलियों को बन्द करने और अभिलिखित करने के संबंध में जो राज्य सरकार ने नियम बनाये हैं, वे मार्गदर्शनार्थ उपयोगी व आवश्यक है । अभिलेख से संबंधित विशेष नियमों का पालन करते हुए विभाग में निम्न अनुसार अभिलेखों का संधारण किया जाता हे ।

अभिलेख कक्ष

(क) **अभिलेखों का प्रेषण, व्यवस्था परिरक्षण :**

प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने मुख्य कार्यालय के अभिलेख केलिये तथा अधीनस्थ कार्यालयों के अभिलेख के लिये मुख्यालय पर एक अभिलेख कक्ष की व्यवस्था करेगा ।

99. यदि आवश्यक हो तो विभागाध्यक्ष के आदेशां से अधीनस्थ कार्यालयों या अधीनस्थ कार्यालयों के किसी समूह के लिये उप अभिलेखागार भी रखा जा सकता है । आदेश में ऐसे मामलों में स्पष्ट किया जायेगा कि उप-अभिलेखागार में किस प्रकार का अभिलेख रखा जायेगा ।

100. स्थाई रूप से रखे जाने वाले समस्त अभिलेखों को मुख्यालय पर स्थित विभागीय अभिलेखागार में अवश्यक भिजवा दिया जाना चाहिये ।

101 जिन मामलों को अलिग रूप से निबटा दिया गया है उन्हें प्रत्येक माह की समाप्ति पर अभिलेखागार में भिजवा दिया जाना चाहिये । अभिलेख के साथ सूचियां होनी चाहिये, सूचियां दो प्रतियों में होनी चाहिये, सूचियों में अभिलेख का विवरण दिया जाना चाहिये विवरण में क्रम संख्या, विषय शीर्षक के अन्तर्गत पत्रावली संख्या, पत्रावली के निबटाये जाने की तारीख तथा पत्रावलियां की प्रत्येक श्रेणी से संबंधित पत्रावलियों की कुल संख्या होगी । इन सूचियों को संबंधित लिपिक द्वारा प्रपत्र संख्या 18 के प्रोफोर्मा में बनाया

जायेगा । सूचियां अधीक्षक या प्रभारी लिपिक स्थास्थित द्वारा सत्यापित की जायेगी । ये सूचियां विषय शीर्ष की प्रत्येक श्रेणी के अधीन निबटाने की तारीख के क्रम में होगी ।

102. जब अभिलेखागार में सूची तथा पत्रावलियां प्राप्त हो तो उनका परस्पर मिलान किया जायेगा, सूची की दूसरी प्रति पर अभिलेखरक्षक (रिकार्ड कीपर) हस्ताक्षर करेगा और सूची को संबंधित कार्यालय या अनुभाग में वापिस लौटा देगा ।

103. अभिलेख हेतु अभिलेखागार में भैजी गई सूचियों की सूची में अंकित निबटाये जाने की तारीख के क्रम में रखा जायेगा । यह विषयवार क्रम में सुव्यवस्थित किया जायेगा । ऐसी सूचियों के संदर्भ हेतु वार्षिक बस्तों में एक साथ बांध कर रखा जायेगा ।

104 सम्बन्धित लिपिक का कर्त्तव्य होगा कि अभिलेखागार में पत्रावलियां भेजनें से पूर्व मामलों की सावधानी पूर्वक जांच करे तथा यह सुनिश्चित करे कि सभी पत्रावलियों में कार्यवाही पूर्ण है तथा पत्रावलियों को अभिलेखागार में भेजा जाना है ।

105 तत्पश्चात् लिपिक पत्रावली के ऊपर की ओर बांए कोने में पत्रावली का वर्ग लिखेगा । अधीक्षक या प्रभारी लिपिक द्वारा वर्गीकरण किया जायेगा । जटिल मामलों में अधीक्षक स्वयं हस्ताक्षरों से वर्गीकरण अभिलिखित करेगा । पत्रावलियों को इस प्रयोजनार्थ पांच वर्गो में विभाजित किया जा सकता है :-

वर्ग एक एक वर्ष तक रखे जाने के लिये ।
वर्ग दो पांच वर्ष तक रखे जाने के लिये ।
वर्ग तीन दस वर्ष तक रखे जाने के लिये ।
वर्ग चार बीस वर्ष तक रखे जाने के लिये
वर्ग पॉच स्थाई रूप से रखे जाने के लिये ।

1. जिन पत्रावलियों तथा टिप्पणियों में भावी मार्गदर्शन या स्थापित द्रष्टान्तों के आदेश - अल्तर्विष्ट हैं, उन्हें स्थाई तौर पर रखा जायेगा ।

2. जिन पत्रावलियों में अधिकारियां के आचरण से संबंधित कोई बात वर्णित है और जिनकी विभाग द्वारा तैयार की गई आचरण पंजिका में प्रविष्ठि की गई है, उन पत्रावलियों को उतने समय तक रखा जायेगा जितने समय तक सरकारी अधिकारी सरकारी क्षेत्र में है ।

(3) उपर्युक्त वर्ग (1) तथा (2) में अन्तर्विष्ठ अनुदेशों के अधीन रहते हुए उपर्युक्त पांच वर्गों में से किसी या एक दूसरे वर्ग से संबंधित पत्रावलियों को रखे जाने की कालावधि के विषय में पत्रावलियों में निबटाये गये विषय के महत्व के अनुसार अधीक्षणगण अपने विवेक या प्रयोग करेंगे । इन प्रायोजनों के लिये विस्तृत सूची तैयार करना सम्भव प्रतीत नहीं होता है । फिर भी मार्गदर्शन हेतु निम्नलिखित उदाहरण उपयोगी सिद्ध होंगे :-

(क) वर्ग एक : इसमें फ़सल संबंधी पूर्वानुमान, पत्रों की प्रतिलिपियां प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, सामान्य स्वरूप की याचिकाएं, आक्समिक छुट्टी के लिये प्रार्थना पत्र, अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त हुए विवरण पत्र तथा विवरणिकाएं जिनकी संकलित विवरणिकाएं अभिलेख में रखली गई है , सम्मिलित होगी ।

(ख) वर्ग दो - इसमें सरकार द्वारा या उसके विरूद्ध मुकदमा, अस्थाई सरकारी वर्ग की स्वीकृति से अन्तिम रूप से विनिश्चित लेखा परीक्षा तथा निरीक्षण प्रतिवेदन विधान सभा में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर, विभागीय परिणाम संबंधी मामले, सम्मिलित होंगे ।

(ग) वर्ग तीन - इसमें अनुशासनिक कार्यवाहियों के विरूद्ध अपील नियमावलियों में शुद्धियां तथा संशोधन, स्थाई कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति आदि के मामले सम्मिलित होंगे ।

(घ) वर्ग चार - इसमें जन्म तिथी में परिवर्तन राजपत्रित अधिकारियों के आचरण या कार्य से संबंधित विशेष प्रतिवेदन, भूमि अवाप्ति आदि क मामले सम्मिलित होंगे ।

(ड़) वर्ग पांच - इसमें सरकारी भवनों का निर्माण, प्रस्तावित कानून पर शासन की राय, कानून अधीन बनाये गये नियम, शक्तियों का प्रत्यायोजन, जिलों, उप जिलों, तहसील या गांवों में पविर्तन, भूमि की मंजूरी तथा भूमि राजस्व का निर्धारण, सीमा विवाद तथा ऐतिहासिक महत्व की अन्य पत्रावलियों तथा दसतावेज से संबंधित महत्वपूर्ण समस्त मामले सम्मिलित होंगे ।

106 विभाग की गोपनीय आलमारी में पूर्ण पत्रावलियों के निर्देशों को सावधानी पूर्वक अंकित किया जाना चाहिये । यदि पहले की तथा बाद की पत्रावलियों के आवरण पृष्ठ पर बाद की पत्रावलियों की संख्या दर्ज की जानी चाहिये, इससे आगे-पीछे के अभिलेख ढूँढ़ने में सहायता मिलेगी ।

107 गोपनीय पत्रावलियों के अभिलेखन का कार्य अलग से होना चाहिये, उनको विभागीय गोपनीय अलमारी में रखा जाना चाहिये । यदि संबंधित विभाग या कार्यालय का विचार यह हो कि उक्त पत्रावलियां अब गोपनीय नहीं रही है तो ऐसे मामलों का बाद में अभिलेखागार में भेजा जा सकता है ।

108 अभिलेखागार मे पत्रावलियों को सुविधाजनक आकार के पैकेटों में रखा जाना चाहिये, उनके वर्षवार और उनके निबटाये जाने की तारीख के क्रम मे रखा जाना चाहिये । प्रत्येक पैकेट के सिरे पर मजबूत कागज का एक पट्ठा लगाया जाना चाहिये । उस पर पैकेट में रखी गई पत्रावलियों की संख्या लिखी जानी चाहिये ।

Consumption on account of transportation of compressor from well to well and procurement of stores from the office of Supervisor or Assistant Engineer as the case may be. The Unit Incharge should exercise his judgement to utilise the vehicle economically for procurement of consumable articles and in one or two trips in 3 months he should procure all the consumable articles so that he can further curtail the expenditure wherever possible.

		Qty. for One blast	Qty for 100 blast
4.	Mobile Oil for		
	(i) Compressor & Jack Hammers	0.20 ltrs	20 ltrs
	(ii) Trucks	0.10 ltrs	10 ltrs.
5.	Cotton Waste for truck and Compressor	0.05 kg.	5 Kg.
6.	Grease for compressor & Truck	0.01 kg.	1 kg..
7.	Drill Rods		2 Rods
8.	Grinding stone		1 No.
9.	C.T.S. Wire- copper	½ Roll	½ Roll
	Alluminium		1½ Roll
10.	Air Hose pipe		100 ft.
			720blast
11.	Use of Explosive van for supply		800 Km permonth
12.	Use of Jeep for touring	1000 Km per month	

NOTE : The Asstt. Engineer, should tour by train and bus and should utilise the Jeep only for touring in area not connected by trin or bus).

The Executive Engineers and Assistant Engineers should ensure that supplies to the units are made only in accordance with norms as laid down above.

It will however, be appreciated fi the consumption can further be cut down and suggestion in this respect will be very much welcomed.

Sd/-
CHIEF GROUND WATER ENGINEER & SECY.

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
RAJASTHAN GROUND EWATER BOARD, JODHPUR.

No.5230 to 5250/INF/RGWB/70 Dt. 6th May. 1970

CIRCULAR

It has been observed that appropriate balance is not being maintained between the consumption of consumable articles vis-a-vis the work carried out by the Drilling units and thereby although the per unit achievement as lowered down, but the consumption of consumable articles has increased.

To maintain balanced proportion between the consumption of conumable articles and the work done, after giving thorough consideration to the nature of work and other relevant factors, the norms of consumable articles vis-a-vis the quantum of work to be carried out have been prescribed. It is essential that proper vigilance is kept by the Unit Incharges Supervisors, foreman and Assistant Engineers in regard to achievement of the targets and proportionate consumption of the store articles as laid down. This schedule of norms be enforced with immediate effect and if any body is found not following the schedule, he will be liable for disciplinary action.

To maintain a schedule on the consumption it is also necessary to maintin certain registers and returns etac. which also have been prescribed. These registers and returns will have to be maintained at appropriate quarters, to have thorough check on the consumption of consumable articles and resultant progress and will be applied by Executive Engineers to his respective officers and staff to whom specimen of registers and returns are being sent.

The schedule of norms as mentioned above forRotary Drilling Percusion Drilling Rig and for Development of a tubewell is detailed below :

ROTARY RIG (FOR 400 Ft. Drilling)

S.No.	Particulars	Qty for 400 ft.drilling
1.	High Speed Diesel oil	1400 ltrs.
2.	Mobil oil	20 ltrs.
3.	Grease	5 Kg.
4.	Cotton waste	5 K.G.
5.	Kerosene oil	35 ltrs.
6.	Drilling Mud	2 Tons.
7.	Transportation	1600 k.mts for 2 truck
8.	Labour	4 labourers.

9. (ii) **PERCUSSION RIG (FOR 125 FT. DRILLING)**

S.No.	Particulars	Qt for 125 ft.Drilling
1.	High speed Diesel oil	300 litres.
2.	Mobile oil	15 litres.
3.	Grease	5 K.g.
4.	Cotton waste	5 K.G
5.	Kerosene Oil	25 litres.
6.	Babit matel	Rs. 20/-

7.	Transportation	400 Miles, subject to the one site of any where is less than 4 KM
8.	Labour	4 laboures.

(iii) DEVELOPMENT OF TUBEWELLS (400 ft. STATE TUBEWELLS)

59 Hrs. of running of Compressor.

1.	High Speed diesel oil	750 ltrs.
2.	Mobile oil	15 ltrs.
3.	Cotton waste	24 Kgm.
4.	Kerosene Oil	5 Litrs.
5.	Plain pipe	325 ft.
6.	Grease	1 Kg.
7.	Slotted pipes	75 ft.
8.	Gravel	400 ft.
9.	Labour charges.	Rs. 126/-.
10.	Transport charges : Use of Jeep for touring.	200 miles.

NOTE :

The Assistant Engineer should tour bye train. Bus and should utilise the jeep only for touring in area not conducted by train or bus.

The Ex. Engineer & Assistant Engineer should enure that supplies to the Units are made only in accordance with the norms as laid down above.

It will, however, be appreciated if the consumption can further be out down and suggestion in this respect will be very much welcomed.

Sd/-

CHIEF ENGINEER & SECY.
R.G.W.B.JODHPUR

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमांक : 921 दिनॉक : 23.1.84

कार्यालय आदेश

मेरे ध्यान में यह बात लाई गई है कि खण्डिय कार्यालयों में प्रफोर्मा लेखा बनाने में वहां की लेखा शाखा को पूरी जोब सीट (एकाउन्ट शीट) उस वर्ष की उपलब्ध न होने से उनके विलिंग का कार्य नहीं हो रहा है तथा इस कारण से प्रोर्फोमा लेंखा बनाने में देरी हो रही है । और इस तथ्य पर अधिशाषी अभियन्ता कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं । इस स्थिति में सुधार लाने के लिये निम्न आदेश प्रसारित किये जा रहे हैं, जिनकी तुरन्त पालना की जावे :-

1. खण्डिय कार्यालय में अधिशाषी अभियन्ता के साथ जो एक पर्यवेक्षक नियुक्त है उसकी यह जिम्मेदारी है कि वह लेखा शाखा को वर्ष 74-75 स हर वर्ष के लेखा पत्रिकाएं मासिक प्रगति प्रतिवेदनों के अनुसार इकट्ठी कर सम्भलावें । जहॉ उसे इस कार्य में कोई अड़चन हो उसके निवारण के लिये तुरन्त अधिशाषी अभियन्ता के ध्यान में लावे तथा यह अधिशाषी अभियन्ता का कर्तव्य है कि उस अड़चन को अपने स्तर पर सुलझावें जो कि उनके कार्यक्षैत्र हैं ।

2. यदि अधिशाषी अभियन्ता द्वारा निवारण करने में असमर्थता हो या कठिनाई अन्य खण्डों द्वारा ही निपटाई जा सकती हो तो उसे अधीक्षण अभियन्ता को अर्द्धशासकीय पत्र द्वारा ध्यान में लाया जावे ।

3. अधीक्षण अभियन्ता इस प्रकार के अर्द्धशासकीय पत्र आने पर उस पर तुरन्त कार्यवाही करे और यदि उसका निवारण उसके अन्तर्गत अन्य खण्ड अथवा खण्डों से संबंधित हो तो वह तुरन्त उस खण्डिय अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से निर्देश देवे और यदि आवश्यक हो तो वे मौके पर जाकर उसका निवारण करावे ।

4. यदि कार्य पत्रिकाओं के बारे में दूसरे अधिक्षण अभियन्ता से सहायता प्राप्त करनी हो तो वे तुरन्त इस बारे में दूसरे अधीक्षण अभियन्ता से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करे तथा उस बारे में अर्द्धशासकीय पत्र भी लिखे तथा उसका पूरी तौर से फोलो अप करे ।

5. तकनीकी सहायक जो कि अधीक्षण अभियन्ता के कार्यालय में कार्यरत हैं उनकी यह जिम्मेदारी होगी कि वे इस बात की मौके पर जाकर जॉच करे कि उस सर्कल में स्थित सभी खण्डिय कार्यालयों की लेखा पत्रिकाओं अधिशाषी अभियन्ता द्वारा लेखा शाखा को प्रगति प्रतिवेदनों के अनुसार दी जा चुकी हे । यदि ऐसा नहीं हुआ है तो तुरन्त इस तथ्य को अधीक्षण अभियन्ता के ध्यान में लावें ।

6. जो भी यूनिट इन्चार्ज/ ब्लास्टिंग अथवा ड्रिलिंग उनके द्वारा कार्य किये गये कार्यो की लेखा पत्रिकाएं नहीं देवे, उनके विरूद्ध राजकीय भण्डार जो कि उनके द्वारा उन कार्यो के लिये प्राप्त किया उस भण्डार का दुरूपयोग (मिस एप्रोप्रियेशन) माना जाकर उनके विरूद्ध अनुशासनीक कार्यवाही एवं उस भण्डार की कीमत की वसूली के लिये कार्यवाही करे तथा उस कार्य के लिये मशीन व वाहन उपयोग में लाये गये हो उनकी लॉग बुक के अनुसार उसकी भी वसूली अनुशासनात्मक कार्यवाही में सम्मिलित की जावे । उनके द्वारा उठाया गया यात्रा भत्ता की भी वसूली की जावे । इस संबंध में जो भी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावे उनकी प्रारम्भिक जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजे ताकि उसके अनुसार आरोप पत्र बनाया जा सके ।

इस आदेश की पालना हेतु अधीक्षण अभियन्ता व्यक्तिगत रूची लेवे ताकि राज्य सरकार को प्रर्फोमा लेखे की प्रगति बताई जा सके ।

मुख्य अभियन्ता
भूजल विभाग जोधपुर ।

क्रमांक 921 दिनॉक : 23.1.84

प्रतिलिपी निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1. अधीशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर/जयपुर
2. अधिशाषी अभियन्ता (भण्डार) केन्द्रीय कार्यशाला/सिविल/सी0एस0एस0/प्रशिक्षण/ डी0पी0ए0पी)/ भूजल विभाग, जोधपुर/जयपूर/कोटा/पाली/ बाड़मेर/बीकानेर / उदयपुर/ डूँगरपुर .....
3. सहायक अभियन्ता (डी0पी0ए0पी0 / सिविल / भू जल विभाग जोधपुर / नागौर/ पाली/ जालोर/ बाड़मेर/ जैसलमेर/ चूरू/ बीकानेर/ जयपुर/ झूँझनूँ / सीकर / भरतपुर / उदयपुर /भीलवाड़ा / चितोड़गढ़ / कोटा/ झालावाड़ / अजमेर / डूँगरपुर / बांसवाड़ा .....
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी, भू जल विभाग, जोधपुर ।
5. सहायक लेखाधिकारी(वाणिज्य / निरीक्षण) भू जल विभाग, जोधपुर ।
6. .....

मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : प्रफोर्मा/राजस्व/74-75/6558 दिनॉक : 28.6.84

कार्यालय आदेश

मुख्यालय के लेखाकारों ने विभिन्न खण्डिय कार्यालयों के दौरां में यह पाया है कि गत वर्षो की सभी लेखा पत्रिकाएं अधिनस्थ कार्यालयों से खण्डिय कार्यालयों में प्राप्त नहीं की गई है । जिससे लेखा पत्रिकाओं जिससे लेखापत्रिकाओं के बिल जारी नहीं किये गये हैं । तथा बिल जारी कर बिल रजिस्टर में इन्द्राज कर व्यक्तिगत खातों में इन्द्राज नहीं किया गया है । राज्य सरकार बकाया राशि का त्रिमासिक प्राप्ति प्रतिवेदन भेजने हेतु निरन्तर आग्रह कर रही है, लेकिन खण्डिय कार्यालयों द्वारा वांच्छित सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा रही हे । जिससे संकेत मिलता है कि उपरोक्त अभिलेख उनके यहॉ पर तैयार नहीं हो रहे हैं । सामान्य वित्तिय एवं लेखा नियमों के नियम 26 में यह प्रावधान है कि नियन्त्रण अधिकारी यह भी देखे कि सरकार की सभी बकायों का ठीक तरह निर्धारण किया जाय, उन्हें वसूल किया जावे तथा उन्हें राज्य कोष में जमा करवाया जावे । अतः यह आदेश दिये जाते हैं कि (1) अधिशाषी अभियन्ता अपने अधिनस्थ कार्यरत सुपरवाईजर को इस कार्य हेतु विशेष रूप से लगावे जो समस्त लेखा पत्रिकाएं जो वर्ष 1974-75 से 83-84 तक प्राप्त होना बकाया है, उन्हें तुरन्त अधिनस्थ कार्यालयों से प्राप्त कर लेखा शाखा को सुपुर्द करे । सुपुर्द की जाने वाली लेखा पत्रिकाओं की यूनिट वार संख्या इस कार्यालय को सूचित करे ।

(2) इस कार्य का नियन्त्रण अधिक्षण अभियन्ता के कार्यालय में तकनिकी सहायक अपने अधिक्षण अभियन्ता के द्वारा इस कार्यालय को प्रगति भेजेंगे कि इस हेतु उन्होंने क्या कार्यवाही की है ।

(3) वर्ष 1974-75 से 1983-84 तक खण्ड कार्यालयों के अधीन जिन यूनिटों ने कार्य किया उनका वार्षिक ब्योरा निम्न प्रफोर्मा में तैयार कर एक प्रति इस कार्यालय को तुरन्त भेजें -

क्र0सं0	यूनिट सं0	वर्ष के दौरान किये गये कार्यो के सं0	राशि
1	2	3	4

(4) इस प्रकार प्रत्येक यूनिट द्वारा किये गये कार्य के आधार पर लेखा पत्रिकाएं प्राप्त की जावे । जो लेखा पत्रिकाएं उपलब्ध न हो उसके लिये इस कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र संख्या 921 दिनॉक 23.1.84 के अनुसार कार्यवाही की जावें ।

(5) प्राप्त लेखा पत्रिकाओं के आधार पर बिल जारी किये जावे । यह कार्य खण्ड कार्यालय द्वारा किया जावे व आवश्यकता हो तो अधिनस्थ कार्यालयों से एक दिन कर्मचारी बुला कर यह कार्य करवाया जावे व उसकी जांच लेखाकार करे । प्रतिदन 100 बिल प्रति कर्मचारी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया जावे ।

(6) बिल तैयार होते ही बिल रजिस्टर एवं लेजर में पोस्टिंग किया जावे तथा वसूल योग्य राशि यदि हो तो वसूली हेतु तुरन्त कार्यवाही की जाव ।

मुख्य अभियन्ता

क्रमॉक : प्रोफोर्मा/राजस्व/74-75/6558 दिनॉक : 28.6.84

प्रतिलिपी -

1. तकनिकी सहायक कृते मुख्य अभियन्ता को भेजकर लेख है कि अधिक्षण अभियन्ता के निरीक्षण प्रतिवेदनों में यह देखे कि वे लेखा पत्रिकायें प्रस्तुत करने हेतु विवरण दे रहे हैं या नहीं ।
2. अधिक्षण अभियन्ता भू जल विभाग जयपुर/ जोधपुर को भेजकर लेख है कि वे स्वयं खण्ड, उपखण्ड क्षेत्रों में निरीक्षण में जाने पर इस बारे में भी अपनी निरीक्षण रिपोर्ट टिप्पणी देखें कि यूनिटों द्वारा लेखा पत्रिकायें प्रस्तुत की जा चुकी है या नहीं ?
3. अधिशाषी अभियन्ता भू जल विभाग .....
4. सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग, ...

राजस्थान सरकार
भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमांक: लेखा/भूजवि/84-85 दिनॉक : 10.1.1985

अतिआवश्यक परिपत्र

विषय : भू जल विभाग के राजस्व लेखे तैयार करने के संबंध में

इस विभाग की लेखा मैन्यूल में विभागीय लेखे तैयार करने के संबंध में स्पष्ट प्रावधान दिये हुये हैं । जिनके अनुसार खण्ड स्तर पर नियमित रूप से निर्धारित प्रोफोर्मा में विभागीय लेखे संधारित किये जाने चाहिये थे, लेकिन यह पाया गया है कि खण्ड स्तर पर राजस्व लेखों का संधारण वर्ष 1974-75 से पूर्ण रूपेण नहीं किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप इस विभाग के प्रफोर्मा लेखे वर्ष 74-75 से अब तक के तैयार नहीं किये जा सके हैं ।

इस गंभीर समस्या पर वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में दिनॉक 8.8.84 को हुई बैठक मे विस्तार से विचार विमर्श हुआ था, जिसमें बताया गया कि खण्ड स्तर पर आवश्यक लेखे तैयार नहीं होने के कारणी प्रोफोर्मा लेखे तैयार नहीं हो सके हैं । उक्त बैठक मे यह निर्णय लिया गया है कि खण्ड स्तर पर बकाया लेखों का संधारण समय पर करवाया जावे तथा भविष्य में यह कार्य ऐरियर में नही छोड़ा जावे ।

खण्ड स्तर पर राजस्व लेखे तैयार करने के संबंध में इस काप्रालय से आदेश क्रमॉक 6558 दिनॉक 28.6.1984 प्रसारित कर निर्देश दिये गये थे कि वर्ष 74-75 से 83-84 तक की समस्त लेखा पत्रिकायें प्राप्त की जावे, उनका बिलिंग किया जावे, बिल रजिस्टर मे दर्ज किया जावे, व्यक्तिगत खातों मे दर्ज किया जावे तथा अन्त में बकाया राशि की वसूली / प्रत्यार्पण हेतु प्रभावी कदम उठाया जावे । पांच माह की अवधि व्यतीत होने जा रही है लेकिन इस संबंध में प्रगति शून्य रही है जो ऐक गंभीर बात है ।

खण्ड स्तर पर लेखे संधारण करने का पूर्ण उत्तरदायित्व लेखाकार, क0 लेखाकार एवं लेखा पत्रिकाऐ उपलब्ध करान का सम्बन्धित अभियांत्रिक पर्यवेक्षक का है । अतः आप इस कार्य की महत्वता को समझते हुए बकाया कार्य की शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जो कदम उठाये जा रहे है, उसे इस कार्यालय को तुरन्त सूचित करें । जैसा कि, ऊपर उल्लेख किया गया है, खण्ड स्तर पर लेखा संधारण, सम्बन्धित निर्देशों में शिथिलता पाई गई तो आप के एवं आपके कार्यालय के लेखाकर/ क0 लेखाकार के वर्ष 1984-85 के वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में उसका उल्लेख किया जावेगा तथा राज्य सरकार को अपके विरूद्ध एव मुख्य लेखाधिकारी राजस्थान जयपुर को लेखाकार व क0 लेखाकार के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लिखने के लिये बाध्य होना पडेगा, राजस्व लेखा संधारण के कार्य का मासिक प्रतिवेदन इा कार्यालय को प्रस्तुत किया जावे ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : लेखा/भूजवि/84-85/541 दि0 10.1 85

प्रतिलिपी -

1. अधिक्षण अभियन्ता .....
2. अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग.....को सूचनार्थ एव पालनार्थ ।
3. श्री .....लेखाकार/ कनिष्ठ लेखाकार का सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

ह0

मुख्य अभियन्ता

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमांक : लेखा/निरीक्षण/85-86/1008 दिनॉक: 18.1.85

प रि प त्र

प्रायः यह देखा गया है कि लेखा संबंधी निम्न महत्वपूर्ण मामलों पर समय पर आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती तथा मुख्यालय मे भेजे जाने वाले पत्रों का समय पर उत्तर नहीं भेजा जाता जिसके कारण मुख्यालय को लम्बा पत्र व्यवहार करना पड़ता है, जिसमें समय, श्रम व सरकारी धन का दुरूपयोग होता है । तथा इन महत्वपूर्ण मामलों को निपटाने मे भी काफी विलम्ब होता है । यह स्थिति काफी चिन्ता का विषय है ।

1. महालेखाकार के निरीक्षण प्रतिवेदनों की प्रथम अनुपालना व आगे की अनुपालना ।
2. मुख्य लेखाधिकारी के निरीक्षण प्रतिवेदनों की प्रथम अनुपालना व आगे की अनुपालना ।
3. विभागीय आन्तरिक निरीक्षण प्रतिवेदनों की प्रथम अनुपालना व आगे की अनुपालना ।
4. विभागीय भौतिक सत्यापन के प्रतिवेदनों की प्रथम अनुपालना व आगे की अनुनालना ।
5. ड्राफ्ट पेराज की अनुनालना ।
6. ओ0बी0 आईटम्स ।
7. विभागीय बकायों की वसूली ।
8. रकम प्रत्यापर्ण मे हो रही देरी ।
9. विभागीय लेखा रजिस्टरों का संधारण ।
10. विभागीय लेखा रजिस्टरों का संधारण ।

इन मामलों को निपटाने में यहाँ विभागीय अधिकारियो द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है वहाँ दूसरी ओर खण्डीय लेखाकरा भी प्रत्येक उपखण्ड मे वर्ष में कम से कम दो बार जाकर लेखा एवं वित्त संबंधी मामलों का अवलोकन कर मौके पर पूरा कराने की चेष्टा करे । इन निर्देशों की पालना करने पर स्थिति में काफी सुधार लाया जा सकता है ।

खण्डीय लेखाकार वरिष्ठ लेखाधिकारी की उन द्वारा मौके पर किये जाने वाले प्रयत्नों से अवगत करावेंगे तथा लेखाकार अपने वार्षिक कार्य मूल्यांकन मे उल्लेख करेंगे कि उन्होंने उपखण्डों में कितनी अवधि बिताई ताकि वरिष्ठ लेखाधिकारी राज्य सरकर को भिजवाये जाने वाले प्रतिवेदनों मे वे इस बारे में भी समीक्षा कर सके ।

ह0
मुख्य अभियन्ता

क्रमॉक . लेखा/आ0नि0/ दिनॉक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को भेजी जाती है -

1. अधीक्षण अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर ।
2. अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग, सिविल/प्रशिक्षण/योजना/डीपीएपी/जयपुर/जोधपुर/उदयपुर/कोटा/ बीकानेर/ बाड़मेर/ पाली/ डूंगरपुर .....
3. तकनिकी सहायक (प्रथम)/ (द्वितीय) भू जल विभाग, जोधपुर ।
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी, भू जल विभाग, जोधपुर ।

7. सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग जोधपुर/सिविल/डीपीएपी/ जोधपुर / जयपुर/ जालोर/नागौर/पाली/ उदयपुर/अजमेर/ कोटा/ जैसलमेर/अलवर/झालावाड़/ डूँगरपुर/बांसवाड़ा/ बीकानेर/ चूरू/भरतपुर /चितौड़/ भीलवाड़ा / बाड़मेर / झूँझनू / सीकर .....

9. श्री .....सहायक लेखाधिकारी /वसूली/निरीक्षण/भण्डार, भू जल विभाग, जोधपुर
10. श्री .....लेखाकार/निरीक्षण/सिविल/प्रफार्मा (वसूली), कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

11. श्री .....खण्डीय लेखाकार .....कार्यालय .....
12. कार्यालय अधिक्षक/आशु लिपिक कृते वरिष्ठ लेखाधिकारी, भू जल विभाग जोधपुर ।

ह0
वरिष्ठ लेखाधिकारी
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

दि0 एफ0 ।।(ख)आ0नि0लेखा/84-85/12393 दिनॉक: 22.8.85

प रि प त्र

विभिन्न कार्यालयों का आन्तरिक जांच दलों द्वारा समय सयम पर किये आन्तरिक अंकेक्षण करने पर यह पाया है कि विखण्डित हुवे कार्यालयों के चार्ज लेने वाले अधिकारियों द्वारा उक्त कार्यालयों के बन्द होने के समय रोकड़ व अग्रिम जो विखण्डित कार्यालय की रोकड़ पुस्तिका में उपलब्ध थी अपनी नियमित रोकड़ पुस्तिका में हस्तान्तरण नहीं किया है । यह एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है, जो कालान्तर में संदिग्ध गबन का मामला बन सकता है । अतः समस्त संबंधित अधिकारियों को भविष्य के लिये निर्देश दिये जाते हैं कि इस परिपत्र के प्राप्त होने के तुरन्त बाद अपने कार्यालयों में उक्त कार्य पूर्ण करवा कर निम्न हस्ताक्षरकर्ता को कार्यवाही की सूचना भिजवादें । उक्त कार्यवाही में विलम्ब आदेशों की अवहेलना समझा जावेगा । पालना करने के साथ-साथ इस परिपत्र के प्राप्ति की रसीद भी निम्न हस्ताक्षरकर्ता को अवश्य भिजवायें ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : एफ0।।/ख×आ0नि0/लेखा/84-85/12393 दि0 22.8.85

प्रतिलिपी निम्न लिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1. अधीक्षण अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर ।
2. अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक (आर0आर0 एण्ड डी0) भू जल विभाग जोधपुर/जयपुर/उदयपुर ।
3. अधिशाषी अभियन्ता- स्टोर/वर्क्सशोप / प्रशिक्षण/भू जल विभाग जोधपुर/जयपुर/बीकानेर/उदयपुर/पाली डूँगरपुर / बाड़मेर ।
4. वरिष्ठ भू जल वैज्ञानिक, भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर/ श्री गंगानगर/बीकानेर/भीलवाड़ा/उदयपुर/ नागौर
5. सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर/जयपुर/नागोर/पाली/सिरोही/बीकानेर/बाड़मेर/सीकर/ झूँझनूँ / चूरू/अलवर/भरतपुर/अजमेर/जैसलमेर/कोटा/झालावाड़/उदयपुर/भीलवाड़ा/चितोड़गढ़/डूँगरपुर/ बांसवाड़ा ।
6. कनिष्ठ भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग, चूरू/बीकानेर/पाली/जालोर/बाड़मेर/जैसलमेर/सीकर/ झूँझनू ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक 10455 दिनॉक : 23.7.85

प्रेषित :
अधीक्षण अभियन्ता
भू जल विभाग,
जोधपुर / जयपुर ।

विषय : वर्ष 1974-75 से 84-85 तक की लेखा पत्रिकाऐं उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महोदय ,

संभवतः आप परिचित है कि राज्य सरकार इस विभाग के प्रफोर्मा लेखा बनाने हेतु निरन्तर आग्रह कर रही है तथा विलम्ब को गंभीरता से ले रही है । खेद है कि लाखों रूपयों की लेखा पत्रिकायें उपलब्ध न होने के कारण यह कार्य द्रुत गति से अग्रसर नहीं हो पा रहा है । इस कठिनाई के समाधान हेतु इस कार्यालय से परिपत्र क्रमांक 6558 दिनॉक 28.6.85 प्रसारित कर यह निर्देश दिये गये थे कि अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय के सुपरवाईजर वर्ष 74-75 से 84-85 तक की समस्त लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त कर खण्ड कार्यालय की लेखा शाखा को उपलब्ध करावेंगे । तथा युनिट वार सूचना इस कार्यालय को भी प्रस्तुत करेंगे । इन निर्देशों की अधिशाषी अभियन्ता कार्यालयों में कार्यरत सुपरवाइजरों ने अपने कर्तव्यों का एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने पर भी पालन नहीं किया है जो एक गंभीर बात हे ।

उक्त परिपत्र के पैरा नं0 2 में इस कार्य पर नियंत्रण रखने हेतु अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय के तकनिकी सहायक को उत्तरदाई रक्खे गए थे । तथा मासिक प्रगति इस कार्यालय को भेजने हेतु लिखा गया था । किन्तु खेद है कि सम्बन्धित अधिकारी शान्त बैठे हैं।

लेखा पत्रिकाऐं चूंकि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अग्रसर होने के निमित्त प्राथमिक आवश्यकता है । अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने अधीनस्थ तकनिकी सहायक को पाबन्द करें । कि सभी खण्ड कार्यालयों में वर्ष 74-75 से 84-85 तक की लेखा पत्रिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे तथा प्रगति निम्ने पेशानी में तुरन्त उपलब्ण करावे :-

क्रम संख्या	यूनिट संख्या	वर्ष के दौरान किये गये कार्यो की संख्या	उपलब्ध कराई लेखा पत्रिकाओं की संख्या / राशि
1	2	3	4

अवशेष अनुपलब्ध लेखा पत्रिकाओं की संख्या / राशि	अनुपलब्धता के विस्तृत कारण व किए गये प्रयत्नों का विवरण
5	6

वरिष्ठ लेखाधिकारी
भूजल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 10455 दिनॉक 23.7.85

प्रतिलिपी :

1. अधिशाषी अभियन्ता भू जल विभाग, जयपुर को उनके पत्र क्रमॉक 77 दिनॉक 2.7.85 के प्रसंग में उनके द्वारा वाछित सूचना व स्पष्टीकरण प्रथम से भेजा जारहा है, सूचनार्थ ।

2. अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग .....को भेजकर लेख है कि अपने सुपरवाईजर को पाबन्द करे कि लेखा पत्रिकाऐं लेखा शाखा को तुरन्त उपलब्ध करावे तथा उपरोक्त पेशानी में सूचना इस कार्यालय को तुरन्त भेजें ।

3. सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग ..... को भेजकर लेख है कि यदि उन्होंने खण्ड कार्यालय में कुछ लेखा पत्रिकाऐं अभी तक जमा नहीं कराई है तो तुरन्त जमा करावे ।

ह0
वरिष्ठ लेखाधिकारी
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 12912 दिनॉक : 5.9.85

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमॉक प्रोफोर्मा/राजस्व/74-75/6558 दि0 28.6.84 द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि खण्ड कार्यालय में निम्न नियुक्त सुपरवाईजर लेखा पत्रिकाऐं संकलित कर लेखा शाखा को हस्तान्तरित करेंगे, जिसके आधार पर बिलिंग व लेजरिंग किया जावेगा । यह ध्यान में लाया गया है कि उक्त निर्देशों की पालना में लेखा पत्रिकाऐं समय पर लेखा शाखा को उपलब्ध नहीं कराई जा रही हे । जिसके फलस्वरूप निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य सम्पादन नहीं हो पाता । यह निर्देशों की स्पष्ट एवं गंभीर अवहेलना है । अतः पुनः निर्देश दिये जाते हैं कि खण्ड कार्यालय के सुपरवाईजर यूनिट इन्चार्जो से प्रतिमाह प्रगति प्रतिवेदन के साथ लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त कर उनकी जॉच कर लेखा शाखा को उपलब्ध करवायेंगे । यूनिट इन्चार्जो को वेतन का भुगतान गत माह की समस्त लेखा पत्रिकाओं को खण्ड कार्यालय के सुपरवाईजर को सुपुर्द कर दिये जाने का प्रमाण-पत्र जारी करने पर दिया जावे । लेखा शाखा में लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त होने पर लेखा कार द्वारा उनकी तत्काल जांच की जावेगी तथा सम्बन्धित लिपिक से उनका बिलिंग व लेजरिंग आदि का कार्य उसी माह में पूर्ण करवाया जावेगा ।

राजस्थान भू जल विभाग लेखा मेन्यूल के आर्टिकल 44 व 45 के अनुसार कोई भी कार्य अग्रिम राशि जमा होने पर ही किया जा सकता है, परन्तु प्रायः यह पाया जाता है कि कार्य उधार पर सम्पादित कर दिये जाते हैं व उनकी समय पर वसूली के प्रयास नहीं किये जाते जिसके फलस्वरूप लम्बे समय तक वसूली नहीं हो पाती है । व दोषी अधिकारी से वसूली के आदेश करने पर एक दूसरे पर दोषारोपण व उत्तरदायित्व किया जाता हे । इस स्थिति को राज्य सरकार व महालेखाकार के निरीक्षण दलों ने बहुत गंभीरता से लिया है, अतः निर्देश दिये जाते है कि खण्ड कार्यालय के सुपरवाईजर लेखा पत्रिकायें प्राप्त होने पर यह विशेष रूप से देखेंगे कि कोई कार्य उधारी पर नहीं किया गया है । व अगर कोई कार्य उधारी पर किया जाना पाया जावे तो उसकी वसूली तुरन्त संबंधित व्यक्ति से करने की कार्यवाही की जावे ।

यह भी ध्यान रखा जावे कि जोब शीट पर प्रत्येक ब्लास्टर, ड्रिलर व अधिकारीगणों के हस्ताक्षर के नीचे उनका पूरा नाम व पद ब्रेकेट में अवश्यक अंकित हो ।

समस्त खण्ड अधिकारियों व उपखण्ड अधिकारियों का यह दायित्व रहेगा कि वे उपरोक्त आदेशों का पालन सुनिश्चित करेंगे व बिना पूर्ति के वेतन भुगतान की स्थिति में वे स्वयं दोषी करार दिये जाकर बकाया की वसूली उनसे करने के निर्देश दिये जा सकेंगे ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 12312 दिनॉक : 5.9.85

प्रतिलिपी निम्नलिखित को वास्त सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है -

1. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, भू जल विभाग
2. समस्त अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग.....
3. समस्त सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग,.....

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 13324 दिनॉक : 12.9.85

कार्यालय आदेश

सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम 13 के अनुसार विभागीय भण्डार की त्रुटियों न्यूनताओं व अनियमितताओं को ध्यान में लाने व भण्डार संभावित क्षति के प्रति जागरूक रखने हेतु इस विभाग में भण्डार सत्यापकों के दो पद उपलब्ध है ।

इन भण्डार सत्यापकों के कार्य सम्पादन के लिये निम्नलिखित निर्देश पूर्व मं जारी किये आदेशों के परिवर्धन मे प्रसारित कियि जाते हैं :-

1. भण्डार सत्यापक इस विभाग के सभी कार्यालयों जिसमें वाणिज्यिक एवं वाणिज्यिक यूनिट्स भी सम्मिलित है, के भण्डार का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन करेगा ।

भण्डार सत्यापकों का कर्तव्य होगा कि वे अधिनस्थ अधिकारियों को उनके भण्डार के लेखों के संधारण में मार्ग दर्शन नियमित संधारित करावें । यद्यपि अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा भण्डार संबंधित संधारित लेखों में त्रुटियां निकालने का कार्य भण्डार सत्यापक के कतैव्य में नही आता है वे भण्डार संबंधी अनियमिततायें जो भौतिक सत्यापन के दौरान उनके ध्यान में आती है, उन्हें वरिष्ठ लेखाधिकारी के माण्यम से मुख्य अभियन्ता के ध्यान में लायेंगे ।

2. भण्ड़ार का भौतिक सत्यापन भण्डार की वस्तुओं के अनुसार निम्न विधियों द्वारा किया जा सकता है

1. वस्तुओं की गिनती कर
2. वस्तुओं को नापकर
3. वस्तुओं को तोलकर

भौतिक सत्यापन हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिये -

1. भण्डार सत्यापन का आधार भण्डार के खाते होने चाहिये । ये खाते निधारित प्रपत्रों पर दिनॉक लिखे हुए होने चाहिये । यदि खाते अपूर्ण हो तो पहिले पूर्ण करवाये जाने चाहिये । यह भी देखा जाना चाहिये कि 1 अप्रेल को खातों में जो प्रारम्भिक शेष लिये गये हैं वे पिछले वर्ष के 31 मार्च के अन्तिम शेष के अनुसार सही हे । अवशेषों का सत्यापन विभागीय प्रतिनिधि द्वारा किये गये भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन से भी किया जाना चाहिये । यदि कोई अन्तर ध्यान में आता है तो उसका मिलान कर सुधार कराया जाना चाहिये ।

(ख) भण्डार सत्यापकों को भौतिक सत्यापन प्रारम्भ करने से पूर्व पूरे भण्डार में भ्रमण कर यह देखना चाहिये कि भण्डार में रखी हुई सामग्री ठीक प्रकार से रखी हुई है अथवा नहीं । यदि सामग्री ठीक प्रकार से रखी हुई नहीं हो तो भण्डार पाल/पर्यवेक्षक / भण्डार प्रभारी के ध्यान में जाकर यथा संभव ठीक प्रकार से चट्टों में जमवाना चाहिये ।

(ग) भण्डार का भौतिक सत्यापन, भण्डार पाल/पर्यवेक्षक/भण्डार प्रभारी की उपस्थिति में किया जाना चाहिये ।

(घ) भण्डार सत्यापक को प्रत्येक वस्तु के खातों तथा बिन कार्डस् में दर्शाये गए अवशेषों पर सदिनॉक लघु हस्ताक्षर करने चाहिये ।

3. भण्डार का भौतिक सत्यापन संक्षिप्त किन्तु शत प्रतिशत किया जाना चाहिये । भण्डार का सत्यापन प्रारम्भ कर देने पर उस पूर्ण ही करना चाहिये । यदि किसी परिस्थितिवश उसे बीच में ही अधुरा छोड़ा जाता है तो उसकी सूचना वरिष्ठ लेखाधिकारी को तुरन्त दूरभाष पर देकर निर्देशानुसार अग्रसर होना चाहिये वरिष्ठ लेखाधिकारी की अनुपस्थिति में सहायक लेखाधिकारी (निरीक्षण) से निर्देश लिये जाने चाहिये ।

4. भौतिक सत्यापन के दौरान यदि वस्तुऐं खाते को अवशेष कम हो तो उसका एक मानचित्र निर्धारित प्रपत्र में तैयार किया जाना चाहिये जिस पर संक्षिप्त टिप्पणी भी अंकित हो । भण्डार की समस्त सामग्री को मानचित्र में दर्शाने की आवश्यकता नहीं हे ।

5. प्रत्येक भण्डार के सत्यापन में लगी अवधि सदिनॉक प्रतिवेदन में अंकित की जानी चाहिये ।

6. भण्डार के भौतिक सत्यापन के दौरान उसे एक माह के या उससे अधिक विस्तृत लेखे (जो सत्यापक के सयम सूचित किया जायेगा) की निम्नलिखित दस्तावेजों के आधार पर शत प्रतिशत जांच की जानी होगी

1. स्टोर रिसिप्ट बुक, परचेज बुक तथा प्राप्त इश्यूनोट्स के आधार पर भण्डार की प्राप्तियों की जॉच ।
2. जारी किये गये इश्यूनोट्स, स्टोर इश्यू रजिस्टर के आधार पर इश्यूज की जांच ।
3. इस कार्यालय आदेश क्रमॉक लेखा/भौ0स0/भूजवि/5885 दिनॉक 25.4.85 मे निर्धारित प्रक्रिया अनुसार इश्यूनोट्स आदि के आधार पर ।

(7) भण्डार के भौतिक सत्यापन के दौरान भण्डार सत्यापन निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी टिप्पणी देंगे । देंगे ।

(क) वार्षिक आवश्यकता से अधिक स्टोर में उपलब्ध सामग्री विस्तृत विवरण व टिप्पणी ।

(ख) नकारा सामान, अप्रचलित सामान, तथा अधिशेष सामग्री का विस्तृत विवरण तथा टिप्पणी ।

(ग) उपलब्ध माल घटिया किस्म का तो नहीं है, जिससे भण्डार में बिना उपयोग के पडा रहा है

भण्डार सत्यापक भौतिक सत्यापक प्रतिवेदन पर संबंधित प्रभारी अधिकारी से विचार विमर्श करेंगे तथा उससे तथ्यों को प्रमाणित करायेंगे । युनिट्स के भण्डार का भौतिक सत्यापन युनिट के फोरमेन/पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा । तथा तथ्यों का उनसे हस्ताक्षर युक्त सत्यापन कराया जावेगा तथा तथ्यों का उनसे हस्ताक्षर युक्त सत्यापन कराया जायेगा जिसको संबंधित अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित कराया जायेगा । किसी कारणवश यदि संबंधित प्रभारी अधिकारी अवकाश पर हो अथवा दौरे पर हो तो उनके वरिष्ठ अधिकारी से विचार विमर्श कर तथ्य प्रमाणित करायेंगे ।

भौतिक सत्यापन का अंतिम प्रतिवेदन दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ वरिष्ठ लेखाधिकारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेंगे ।

ह0
विवेक प्रकाश
मुख्य अभियन्ता
भूजल विभाग, जोधपुर।

क्रमॉक : लेखा/ भौ0 स/भूजवि/ दिनॉक :

प्रतिलिपी सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. अधिक्षण अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर/जयपुर ।
2. अधिक्षण भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग, जोधपुर/जयपुर ।
3. अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग, जयपुर/उदयपुर/डूँगरपुर/ बाड़मेर/पाली/जोधपुर/ केन्द्रीय भण्डार/प्रशिक्षण/केन्द्रीय कार्यशाला ।
4. तकनिकी सहायक - प्रथम/द्वितीय भू जल विभाग, जोधपुर ।
5. वरिष्ठ भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग ।
6. वरिष्ठ लेखाधिकारी, भू जल विभाग, जोधपुर ।
7. सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग, ...
8. सहायक लेखाधिकारी(निरीक्षण) भंडार/वसूली/भू जल विभाग, जोधपुर ।
9. कनिष्ठ भू जल वैज्ञानिक, प्रभारी भू जल विभाग, ...
10. कार्यालय अधिक्षक/लेखाकार/आंतकिर जांच दल ।
11. भण्डार सत्यापक

को भेजी जाती है ।

ह0

ह0
(जी0पी0सिंह)
वरिष्ठ लेखाधिकारी
भूजल विभाग
जोधपुर ।

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : लेखा/भूजवि/क/84-85/13750 दिनॉक : 24.9.85

प रि प त्र

इस कार्यालय द्वारा अपने परिपत्र सख्या 542 दिनॉक 10.1.1985 से राज्य सरकार के आदेश को उद्धत करते हुए समय समय पर जारी किये गये निर्देशों की प्रतिलिपी संलग्न कर निर्देश दिये गये थे कि भविष्य में यह सुनिश्चित करले कि कोई भी राजकीय एवं निजी व्यक्ति का कार्य उधार पर न हो ।

उक्त परिपत्र के अनुसार अब तक की समस्त बकायो की वसुली की जिम्मेवारी संबंधित अधिकारियों की बताते हुए यह लिखा गया था कि पूर्व मे जो कार्य उधार पर किया गया था उनकी समस्त वसूली 1.4.1985 से पूर्व हर हालत मं कर ली जाय, परन्तु खेद है कि उपरोक्त स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा अभीतक कार्य उधार पर किया जा रहा है, जिससे राजकीय विभागों एवं निजी व्यक्तियों में इस विभाग की बकाया राशि में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है ।

चूंकि राज्य सरकार एवं महालेखाकार पानी वसूली समाप्त करने हेतु महत्व देते हुवे आग्रह कर रहे हैं, अब भी समस्त बकाया राशि 31.12.85 के अन्त तक वसूल कर लें अन्यथा राशि की क्षति पूर्ति अपाकी व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगी । कोई राजकीय अथवा निजी कार्य बिना पूर्व आदेशों के उधार पर नहीं किया जावे ।

ह0

मुख्य अभियन्ता

भू जल विभाग, जोधपुर ।

समसंख्यक 13750 दिनॉक : 24 9.85

प्रतिलिपी -

1. अधिक्षण अभियन्ता भू जल विभाग .....
2. अधिशाषी अभियन्ता, भू जल विभाग .....
3. सहायक अभियन्ता भू जल विभाग .....

ह0 मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार
कार्यालय भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमॉक : 16372 दिनॉक : 23 11 85

प रि प त्र

जन लेखा समिति वर्ष 1982-83 के सातवें प्रतिवेदन (7वीं विधान सभा) मे सिफारिश की है कि " विभाग आडिट के समय सही उत्तर नहीं देता व समिति के समक्ष अनुच्छेदों के तथ्यों को झुठलाने का प्रयत्न करता है । समिति इस मनोवृति की पूरजोर शब्दों में भर्त्सना करती है और चाहती है कि भविष्य मे आडिट को समय पर सही स्थिति की जानकारी दी जाय ताकि समिति का समय व्यर्थ में बरबाद न हो ।

अतः विभाग के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किए जाते हैं कि आडिट के समय पर सही स्थिति की ही जानकारी देवें तथा उसके प्रमाण कार्यालय अभिलेखों में रक्खें ताकि निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त सम्बन्ध में सूचना मॉगने पर वैसी ही सही स्थिति सूचित कर सके ।

इस परिपत्र के प्राप्ति की सूचना भिजवायें ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 16372 दिनॉक : 25.11.85

1 प्रतिलिपी .....भूजल विभाग .....को सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 16896 दिनॉक : 12 12-85

प्रेषित :

अधिक्षण भू जल वैज्ञानिक
सर्वेक्षण एव अनुसंधान
भू जल विभाग,
जोधपुर ।

विषय विभागीय भण्डार सत्यापकों द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा अनुपस्थित रहने के क्रम म ।

इस विभाग के भण्डार सत्यापक श्री छंवरलाल का दिनाक 29.10 85 से कनिष्ठ भू जल वज्ञानिक , भू जल विभाग बीकानेर के कार्यालय के भण्डार सत्यापन का कार्य सम्पादन हेतु लगाया गया था, जिसकी पूर्व सूचना पत्रांक 1477। दि0 9.10 85 द्वारा दी जा चुकी थी । श्री छँवरलाल ने यह दर्शाया है कि वहां क संबंधित भण्डारपाल श्री हरीसिंह चौहान पूर्व सूचना उपरांत भी पूर्ण अवधि मे अनुपस्थित रहे ।

उक्त सत्यापन के दौरान ध्यान में लाया गया है कि - जीप संख्या अ.र0 एफ0 एफ0 1634 को बन्द बताइ जाती है पर करीब 14,000/- रू0 की आयल व ल्यूबीकेटस की खरीद करके उसे लाग बुक मे जमा नही की गई है । केम्प पार्टीज को ऐसे ऐसे केम्प इक्वीपमट भी इश्यू कर दिय गये हैं जो वहां कार्यशील नही रह सकत । जैसे पखे अ.दि । इस्से यह आभास हो रहा है कि दिये जाने वाले सामग्री का नार्म या तो निर्धारित ही नही है या नार्म से अधिक सामग्री दी जा रही है । इसी प्रकार गाड़ियो की मरम्मत की पविष्टि भी हिस्ट्री बुको म नही की जा रही हे । जिससे नयी खरीद की औचित्यता म सन्दह होना स्वाभाविक है ।

आपका ध्यान इस विभाग के आदेश संख्या 29/पी0पी0/निरीक्षण/ख/9761 दि0 1.12 69 की ओर भी आकृषित किया जाता है जिसके अन्तगत अगर भण्डार सत्यापक क समय पूण सहयाग नही किया जाता है तो भण्डार सत्यापक का पूरा खचा संबंधित अधिकारी कर्मचारी से वसूल करने का प्रावधान है ।

अतः उपरोक्त बिन्दुओं पर जांच कर सही स्थिति से अवगत कराव व अन्य आपके अधिनस्थ अधिकारियों को भी पुनरावृति नहीं करने हेतु निर्देशित करावे ।

ह0 मुख्य अभियन्ता

क्रमाक : 16896 दिनॉक 12 12 85

प्रतिलिपी - समस्त अधिकारी भू जल विभाग, को भेजकर लिखा जाता है कि निर्देशों को मध्य दृष्टि रखते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें अन्यथा ऊपर वर्णित आदश दिनॉक 1.12 69 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने म हिचकिचाहट नहीं की जावगी ।

ह0 मख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमॉक : एफ0 11/स/ आनि/लेखा/84-85 /16282 जोधपुर दिनॉक: 23.11.85

प रि प त्र

आंतरिक जांच दलों द्वारा समय समय पर इस विभाग के अधिनस्थ कार्यालयों में वित्तीय नियमों के पालन में निम्नलिखित सामान्य न्यूनताएं ध्यान में लाई गई है , जिनकी पुनरावृति रोकने व सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के नियम 10 के अनुसार वित्तिय अनुशासन बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है

(1) कार्यालयाध्यक्ष सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम की परिशिष्ठ आठ के अनुसार राशि का विभिन्न कार्यो हेतु उप मदों में उनमें निहित शक्तियों से अधिक व्यय कर देते है। इसके अतिरिक्त वे सामग्री के क्रय हेतु सामान्य वित्तीय एवं लेखा के अध्याय बारह में वर्णित नियम 255 से 257 तथा परिशिष्ट 16 में दिये गये निर्देशो का पालना नहीं करते हैं । बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किये खरीद करते रहते हैं । परिणामस्वरूप निरीक्षण प्रतिवेदनों की पालना भिजवाते समय ही विभिन्न कार्यालयाध्यक्षों से बड़ी मात्रा में प्रकरण विभागाध्यक्ष को कार्योपरान्त स्वीकृति हेतु प्राप्त होते हैं व महालेखाकार को संतुष्टि न होने पर बड़ी-बड़ी अनियमित खरीद हेतु ड्राफ्ट पैराज प्रस्तावित होते हैं ।

अतः सभी कार्यालयाध्यक्षों/ आहरण अधिकारियों से उपेक्षा की जाती है कि यदि किसी विशेष परिस्थित मे व अपरिहार्य कारणों से बिना पूर्व सक्षम स्वीकृति के खर्च राज्य हित मे किया जावे तो आगामी 15 दिन में आवश्यक रूप से सामान्य वित्तीय एव लेखा नियमां के अनुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भेज दिए जावें । इसे अनियमित कार्यो हेतु अप्रत्यक्ष अनुमति न मानकर मात्र वर्ष मे एक बार अप्रत्याशित परिस्थिति में ही उपयोग किया जावे ।

पूर्व में ऐसे समस्त अनियमित मामलो का नियमन कराकर भविष्य मे पुनरावृत्ति रोकी जावे ।

(2) कार्यालयाध्यक्षों द्वारा विभिन्न विस्तृत मदों (डिटेल्ड हेड) के अंतर्गत उन्हें आवंटित राशि से अधिक राशि व्यय कर दी जाती है, जो जन लेखा समिति द्वारा बार-बार उन अनुच्छेदों पर आपत्ति, गंभीर अनियमितताएं आकी जाती है । तथा इससे राज्य की मार्गपाया (वेज एंड मीन्स) पर भी प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है । इस अनियमितता के लिए कार्यालयाध्यक्ष, विभागगाध्यक्ष के प्रति व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होता है, अतः पूर्व मे किये गये पूर्ण प्रकरण मुख्यालय के ध्यान मे लाते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त कराव व भविष्य के लिए ऐसी पुनरावृत्ति नहीं की जावे ।

(3) आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा सामान्य वित्तीय एव लेखा नियमों के नियम 143, 143, 220 के अनुसार बिलो के भुगतान के पश्चात वाउचर्स को विकृत नही किया जाता है और न ही उन पर वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ05(26) एफ डी/आर आर ए एण्ड ए /78 दिनॉक 15-2-82 के अनुसार निम्नलिखित प्रमाण पत्र अंकित किया जाता है व जिसके फलस्वरूप दोहरे भुगतान पाये जा रहे हैं

प्रमाणित किया जाता है कि इस बिल/उप/वाउचर्स/केशमीमो की राशि इस कार्यालय के परिपत्र विपत्र संख्या .....दिनॉक .....राशि .....में सम्मिलित की गइ है ।

हस्ताक्षर
आहरण/वितरण/नियंत्रण अधिकारी

अतः पूर्व म हुए ऐसे दोहरे भुगतान की कार्यवाही करके भविष्य म पूर्ण रूपेण सतकता बरती जावे ।

(4) विभिन्न कमचारियो / अधिकारियो के पास काफी लम्बे समय तक यहाँ तक कि वर्षो तक राशि स्थाई अग्रिम के रूप म रहती है और उनका समय पर समायोजन नही होता है । जिससे राजकीय राशि अवरूद्ध हो जाती है तथा गबन एवं व्यवहार आदि की सदैव आशंका बनी रहती है । अत अस्थायी अग्रिम का नियमानुसार निर्धारित दिनो में ही समायोजन किया जाव ।

(5) बिना अग्रिम राशि जमा किए संस्थानो /विभागाकं व व्यक्तियो के कार्य सम्पादन कर दिय जाते हैं जिसके फलस्वरूप लाखो रूपये का विभाग में बकाया चल रहा है व वसूली हेतु अनावश्यक वर्षो तक पत्र व्यवहार चलाना पड़ रहा है । भूजल विभाग की लेखा मैन्यूअल के नियम 47 के अनुसार ऐसी बकाया वसूल न हो सकने पर दोषी अधिकारियो/कर्मचारियों स वसूल करने का प्रावधान है । परन्तु दोषी अधिकारी किसी बहाने अपनी बरियत करने का प्रयत्न करते रह कर प्रकरणों को लम्बित करते रहते हैं । अत समस्त अधीक्षण अभियन्ताओं/अधिशाषी अभियन्ताओ तथा सहायक अभियन्ताओ से अपेक्षा की जाती है कि कोई कार्य उधार पर नहीं करवायगे व यदि उनके कार्यालय मे लिखित या अलिखित आदेशों अथवा प्रत्यक्ष मौन के कारण बकाया रहेगी तो कार्य कराने वाले कर्मचारियो के साथ-साथ नियंत्रण अधिकारियों स भी वसूली की कार्यवाही की जा सकेगी ।

(6) विभाग को राजस्व बकाया राशि की वसूली हेतु भी प्रभावी प्रयास नही किय जा रहे है । परिणाम स्वरूप बहुत बडी राजकीय राजस्व अवरूद्ध पडी है । इसके कारण राज्य सरकार/जन लेखा समिति के समक्ष निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता को कठिनाई का सामना करना पड रहा है । अतः पुरानी बकाया राशि की वसूली की ठोस कार्यवाही व्यक्तिगत स्तर पर करने हेतु अधिक्षण अभियन्ता/ अधिशासी अभियन्तागण आवश्यक कदम उठावे व भविष्य हेतु एसी व्यवस्था करे कि बकाया का प्रश्न ही उत्पन्न न हो ।

(7) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी भी विभाग द्वारा स्वीकृति अवधि व स्वीकृति संख्या से भी ज्यादा समय व संख्या में अनियमित रूप से रख लिये जाते पाये गय हैं । इससे राज्य कोष का अनियमित व अधिघोषित व्यय तो होता ही है निरीक्षण प्रतिवदन में भी अनावश्यक अनुच्छेदो की सख्या मे वृद्धि होती हे । जिसके उत्तर भिजवाने हेतु बार बार लिखने पर भी पालना भिजवाई ही नहीं जाती है, जिससे विभाग की स्थिति विकट हो जाती हे । इनके लिय पूर्व में किये गये अनियमित खर्च क नियमन पूर्ण सूचना देकर करा लें । व भविष्य मे पूण सतर्कता बरतें ।

(8) विस्फोटक पदार्थ की इश्यू बद पेटी में की जाती है व यूनिट इंचार्ज द्वारा भी तदनुसार उनके अभिलेख में प्रविष्ठि की जाती है । भविष्य में युनिट इंचार्ज द्वारा जब जब बंद पेटी को खोला जावे वास्तविक मात्रा की प्रविष्ठि तत्काल करदी जावे । चूंकि 5-6 पेटियों को एक साथ खोलकर दना खतरनाक सिद्ध हो सकता है भविष्य में बद पेटी का खोलने पर उसमें पाई गई मात्रा के सही प्रमाणीकरण हेतु यूनिट के न्यूनतम तीन कर्मचारियो के समक्ष खोलकर प्रमणपत्र प्रत्यक बर तैयार किया जावे व पथक पत्रावली पर रखा जाव । जिसे जाच दलों द्वारा मांगने पर उन्हे व भंडार स्त्यापक को परीक्ष हेतु प्रस्तुत किया जावे ।

(9) कायालयाध्यक्षों द्वारा महालेखाकार /आंतरिक जांच दल / मख्य लेखाध्णिकारी व भण्डार सत्यापको द्वारा किये गये पुराने निरीक्षण प्रतिवदनो की पालना निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा अ0शा0 पत्र जारी किये जाने के बावजूद भी नहीं भिजवाई जाती है व इसके कारण जन लेखा समिति म बकाया निरीक्षण प्रतिवेदनो व अनुच्छेरो की बढ़ती हुई संख्या पर बार-बार भर्त्सना की जाती रहती है । अतः इस परिपत्र के प्राप्त होने के तुरंत बाद से उक्त पालनाएं कम से कम एक माह में विभिन्न ऐजेन्सिों द्वारा किये गये प्रत्येक को 2-2 यद जैसे महालेखाकार की 2, आंतरिक जॉच दल की 2, मुख्य लेखाधिकारी की 2 व भंडार सत्यापक की 2) कुल 8-10 पालनाएं प्रतिवेदन हर माह निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें अन्यथा राज्य सरकार को सही स्थिति बताते समय उत्तरदायी दोषी अधिकारी का नाम प्रस्तावित करने में तनिक भी संकोच नहीं किया जावेगा ।

(10) कई कार्यालयाध्यक्ष पदों की स्वीकृति/अभिवृद्धि के अभाव में उन पदों के विरूद्ध वेतन आहरित करते रहते हैं जो नियम विरूद्ध है । महालेखाकार/आंतरिक जॉच दलों द्वारा इस संबंध मे बार-बार आक्षेप लिये जाते रहे हैं परन्तु इसके विपरीत स्वीकृति के अभाव में वेतन आहरित किया जाता रहना ध्यान में लाया गया है । उदाहरणार्थ - उदयपुर, बीकानेर, नागौर, आदि में पम्प टेस्टिंग के कार्य के विरूद्ध अन्य कार्यो में स्टाफ लगाये जाने से महालेखाकार, राजस्थान द्वारा ड्राफ्ट पेरा प्रस्तावित किया जा रहा है व विभाग की स्थिति अत्यंत अशोभनीय बनती जा रही है ।

(11) कई कार्यालयाध्यक्षों द्वारा खजांची की नियमानुसार आवश्यक जमानत भी नहीं ली जाती है जिससे राजकीय कोष असुरक्षित रहता है व फलस्वरूप अपहरण तक भी हुये हैं । स्थिति को नियंत्रण में

रखने हेतु पुनः निर्देश दिये जाते हैं कि इस न्यूनता की भविष्य में पुनरावृति नहीं की जावे ।

इस परिपत्र के प्राप्ति की रसीद निम्न हसतक्षरकर्त्ता को अवश्य भिजवादें ।

हस्ताक्षर

मुख्य अभियन्ता

भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमांक : समसंख्यक /आनि/परिपत्र/84-85/16282 दिनॉक 23.11.85

प्रतिलिपी निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि परिपत्र प्राप्ति के तुरंत बाद संपूर्ण बकाया रहे नियमन कराने वाले मामलों को यथा शीघ्र सक्षम स्वीकृति आदि प्राप्त कर नियमन करालेवे व भविष्य में लिये कठोरता से उपरोक्त आदेशों का पालन करावे ।

1. अधीक्षण अभियंता, भूजल विभाग - जोधपुर / जयपुर ।
2. अधिक्षण भू जल वैज्ञानिक (आर आर एण्ड डी) भू जल विभाग, जोधपुर/जयपुर ।
3. अधिशाषी अभियन्ता- स्टोर, वर्कशाप, प्रशिक्षण, सिविल, भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर/ बीकानेर/उदयपुर/पाली/डूंगरपुर/बाड़मेर/कोटा ।
4. वरिष्ठ भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर/श्री गंगानगर/बीकानेर/भीलवाड़ा/ उदयपुर/ नागौर ।
5. सहायक अभियंता (डी पी ए पी/ सिविल) भू जल विभाग जोधपुर / जयपुर/ नागौर/ पाली/ सिरोही /बीकानेर/ बाड़मेर / सीकर/ झूंझनूं/ चूरू/अलवर/ भरतपुर/अजमेर/जैसलमेर/ कोटा/ झालावाड़/ उदयपुर/ भीलवाड़ा/ चित्तोड़/ डूंगरपुर/ बांसवाड़ा ।
6. कनिष्ठ भू जल वैज्ञानिक (प्रभारी) भू जल विभाग, चूरू/बीकानेर/पाली/जालोर/ बाड़मेर/जैसलमेर/सीकर/ झूंझनूं ।

मुख्य अभियन्ता

भू जल विभाग, जोधपुर ।

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमॉक : भूजवि/प्रोफोर्मा/ले0प0/24 दिनॉक : 1.1.86

प्रेषित :

अधिशासी अभियन्ता

भू जल विभाग

.....

विषय : सेवा पत्रिकाऐं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में

xxxxxxx

मेरे ध्यान में लाया गया है कि लेखा पत्रिकाऐं अभी तक नियमित रूप से प्रतिमाह एकत्रित नहीं की जा रही है । इस कार्यालय के आदेश क्रमॉक 6558 दिनॉक 29.6.84 द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि आपके कार्यालय में कार्यरत सुपरवाईजर का यह दायित्व होगा कि समस्त लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त कर लेखा शाखा को हस्तांतरित करे । इस कार्य पर नियंत्रण का भार तकनीकी सहायक अधीक्षण अभियन्ता को दिया गया था । तत्पश्चात् कार्यालय आदेश क्रमॉक 12912 दिनॉक 5.9.85 द्वारा लेखा पत्रिकाओं की प्राप्ती को सुनिश्चित करने हेतु यह निर्देश दिये गये थे कि खण्ड कार्यालय के सुपरवाईजर यूनिट इन्चार्जो से प्रति माह प्रगति प्रतिवेदन के साथ लेखा पत्रिकाऐं भी जॉच कर लेखा शाखा को उपलब्ध करावेंगे । यह भी प्रावधान रखा गया था कि यूनिट इन्चार्जो के वेतन का भुगतान सुपरवाईजर द्वारा लेखा पत्रिकाऐं प्राप्ति का प्रमाण पत्र जारी करने पर ही किया जावे। इस प्रकार स्पष्ट निर्देशों के उपरान्त भी अनुपालना नहीं होना शिथिलता एवं अरूचि का द्योतक है ।

इस कार्यालय के पत्र क्रमॉक 70565-77 दिनॉक 25.7.85 से विभागीय लेखे संधारित करने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र में सूचना चाही गयी थी । जिसमें आईटम संख्या 5 पर लेखा पत्रिकाएं प्राप्ति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी थी । जो मात्र जयपुर व डूंगरपुर से प्राप्त हुई है व अन्य अधिकारियों ने पूर्ण विवरण अभी तक प्रस्तुत नहीं किया है । प्राप्त जानकारी से भी यह विदित होता है कि अभी तक सभी लेखा पत्रिकाएं प्राप्त नहीं की गई है । तथा अनुपलब्ध सलेखा पत्रिकाओं के लिये कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है ।

लेखा पत्रिकाओ के अभाव में विभागीय लेखों का संधारण व लेनदारियों - देनदारियों का ब्योरा बनाना संभव नहीं है । दिनॉक 13 दिसम्बर को वित्त विभाग में भी प्रफोर्मा लेखा का प्रश्न सामने आया था, वे पिछड़ने के लिये निराशा प्रकट की गई थी ।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपको अन्तिम रूप से यह निर्देश दिये हैं कि अब तक की समस्त लेखा पत्रिकायें तुरन्त प्राप्त करने की व्यवस्था करें तथा नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन के साथ लेखा पत्रिकाओ की प्राप्ति सुनिश्चित करें । लेखा पत्रिकाओं आदि के अभाव में प्रफोर्मा लेखा अवरूद्ध होने की स्थिति में पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा । अतः कृपया विशेष रूचि लेकर समस्त लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त कर इस आशय का प्रमाण-पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत करे ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग,
जोधपुर ।

क्रमॉक : 24 दिनॉक : 1.1.86

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. अधीक्षण अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर / जयपुर
2. समस्त सहायक अभियन्ता, भू जल विभाग ।

ह0
मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमॉक : एफ09/ जलेस/सिफ/7वां/प्रति/82-83/761 दिनॉक 14.1.86

प रि प त्र

जन सेवा समिति ने सन् 1982-83 के सातवें प्रतिवेदन (सातवी विधान सभा) की सिफारिश संख्या 6(2) में प्रस्तावना की है कि इस विभाग के फालतू और अप्रयुक्त स्टोर का प्रतिवर्ष लेखा-जोखा तैयार किया जाये और इसके एकीकरण और निर्वतन के लिये एक निश्चित अवधि निर्धारित करें ताकि दीर्घ अवधि तक नीलामी न होने से सरकार को संभावित हानि से सबचाया जा सके ।

अतः विभाग के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किए जाते हैं कि वे हर वर्ष उक्त सिफारिश की क्रियान्वती हेतु निश्चित कार्यक्रम बनाकर 31 मई तक लेखा तैयार करके जो निस्तारण रा0वि0 एवम् लेखा नियमों के अपेन्डिक्स 4 के आईटम 38 के अन्तर्गत उनके सक्षमता के हो अपने स्तर पर ही निष्पादन करने । अधिकार क्षेत्र से अधिक मूल्य के प्रकरण निर्धारित प्रफोर्मा में भर कर केन्द्रीय भण्डार को 31 मई के पूर्व भिजवायें ताकि अधिशाषी अभियन्ता (केन्द्रीय भण्डार) प्रत्येक वर्ष जून माह में उस सामग्री के निष्पादन की कार्यवाही करने । प्रत्येक अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि इस निर्देशो की पूर्ण पालना करें ।

ह0

मुख्य अभियन्ता

भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक :761 दिनॉक 14.1.86

प्रतिलिपी निम्नलिखित कार्यालयाध्यक्षों को पालनार्थ प्रस्तुत है :-

1. अधिक्षण अभियन्ता/भू जल वैज्ञानिक/आर0 डी0 एण्ड डी0 भू जल विभाग जोधपुर/जयपुर/ उदयपुर ।
2. अधीशाषी अभियन्ता(डीपीएपी/प्रशिक्षण/भण्डार/कार्यशाला/योजना/सिविल/ भू जल विभाग, जोधपुर, बीकानेर, पाली, बाड़मेर, जयपुर, कोटा, उदयपुर, डूँगरपुर ।
3. वरिष्ठ / कनिष्ठ भू जल वैज्ञानिक (आर डी एण्ड डी) सर्वेक्षण एवं अनुसंधान, भू जल विभाग जोधपुर, नागौर, जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, श्री गंगानगर, सीकर, झुन्झनूँ, जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, उदयपुर ।
4. सहायक अभियन्तमा(डीपीएपी) भू जल विभाग, जोधपुर, नागौर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, चुरू, पाली, सिरोही, जालोर, जयपुर, अजमेर,कोटा, झालावाड़, भरतपुर, सीकर, अलवर, उदयपुर, डूँगरपुर, बांसवाड़ा,भीलवाड़ा, चितोड़गढ़ ।

ह0

मुख्य अभियन्ता,

भू जल विभाग, जोधपुर

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमॉक : 1406 दिनॉक : 28.1.86

प रि प त्र

राजस्थान भू जल विभाग के सेवा मैन्यूअल के लियम 44 के अनुसार किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग का कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व अग्रिम राशि जमा कराना आवश्यक है तथा नियम 45 के अनुसार जमा राशि से अधिक का कार्य तब तक नहीं किया जा सकता जब तक ओर राशि जमा नहीं करा ली जावे । इन प्रावधानों के विपरीत अभी तक बिना राशि जमा कराये अथवा जमा राशि से अधिक का कार्य किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप विभाग की बकाया राशि में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है । इस परिपाटी पर अंकुश लगाने हेतु मुख्यालय से समय समय पर कई परिपत्र जारी किये गये हैं लेकिन यथष्ठ परिणाम नहीं निकला है ।

भूजल विभाग लेखा मेन्यूअल के नियम 47 में यह स्पष्ट प्रावधान रखा गया है कि राशि बकाया रहने पर पार्टी से वसूल की जावे व वसूली नहीं होने की स्थिति में उसके लिये सम्बन्धित सुपरवाईजर को उत्तरदायी माना जावे । उक्त उत्तरदायित्व का आभास सुपरवाईजरों को विभिन्न माध्यमों से कराया गया है परन्तु स्थिति यथावत है । प्रतिदिन होने वाले कार्य की आय पर नियन्त्रण रखने के ध्येय से यह निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में प्रत्येक कार्य हेतु पूरी राशि जमा होने पर ही कार्य प्रारम्भ करने के लिये सहायक अभियन्ता की ओर से यूनिट इन्चार्ज को लिखित आदेश दिया जावे व प्रत्येक आदेशकी प्रति सुपरवाईहर को दी जाये ।

इस कार्यालय के आदेश क्रमॉक 12912 दिनॉक 5.9.85 के अनुसार सुपरवाईजर यूनिट इन्चार्जो से प्रतिमाह प्रगति प्रतिवेदन के साथ-साथ लेखा पत्रिकाऐं प्राप्त कर उनकी जांच कर लेखा शाखा को उपलब्ध करायेंगे । तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि कोई कार्य उधारी पर अथवा जमा राशि से अधिक का किया गया है तो उसकी वसूली सम्बन्धित व्यक्ति अथवा दोषी कर्मचारी से तुरन्त करालें अन्यथा लेखा मेन्यूअल के नियम 47 के अनुसार बिना कारण बताये सुपरवाईजर के वेतन से वसूली की जावेगी । इस परिपत्र की सूचना समस्त यूनिट इन्चार्जो (रिग व ब्लास्टिंग यूनिट) सुपरवाईजरों, ड्रि फोरमेन को दी जाकर एक प्रति पर हस्ताक्षर कराकर इस कार्यालय को पुनः प्रेषित करेंगे ।

मुख्य अभियन्ता
भू जल विभाग, जोधपुर

क्रमॉक : दिनॉक

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -
अधिक्षण अभियन्ता, जोधपुर / जयपुर ।
समस्त अधिशाषी अभियन्ता
समस्त सहायक अभियन्ता । /सहायक लेखाधिकारी (निरीक्षण)

वरिष्ठ लेखाधिकारी
भू जल विभाग, जोधपुर।

राजस्थान सरकार

भू जल विभाग, जोधपुर ।

क्रमांक : एफ02/स्था/जांच/85/2167 दिनॉक : 20.5.85

समस्त कार्यालय अध्यक्ष

भू जल विभाग,

विषय : विभागीय जांच के मामलों का पुनरावलोकन एवं त्वरित गति से निपटाने बाबत ।

इस विभाग से संबंधित विभागीय जांच के मामलों का पुनरावलोकन करने के लिये आयुक्त महोदय , विभागीय जांच विभाग, जयपुर व अन्य सदस्य मई के अन्तिम सप्ताह या जून के प्रथम सप्ताह में आ रहे हैं तथा उस समय वे विभागीय जांच पत्रावलियों का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन करेंगे और यह पता लगायेंगे कि जॉच कार्यवाही किन कारणों व किस स्तर पर लम्बित चल रही है ।

